* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

05 जून, 2023
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 225

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

**गेमिंग एप पर हिंदुओं का धर्मांतरण :** जामा मस्जिद का पूर्व सदस्य गिरफ्तार






## हादसा : रेलवे ने लोको पायलट को दी क्लीन चिट, रेल मंत्री ने की सिफारिश

# बालासोर रेल हादसे की जांच सीबीआइ से

## हादसे के मूल कारण और जिम्मेदार अपराधियों की पहचान कर ली गयी है : अश्विनी वैष्णव

- इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और प्वाइंट मशीन में किये गये बदलाव के कारण हुआ हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालासोर/ नयी दिल्ली।** ओडिशा के बालासोर के पास हुए ट्रेन हादसे के कारणों और इसके लिए जिम्मेवार अपराधियों की पहचान कर ली गयी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को घटनास्थल पर मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने हादसे की जांच सीबीआइ से कराने की सिफारिश की है। उधर नयी दिल्ली में रेलवे बोर्ड ने हादसे के लिए ड्राइवर की गलती और सिस्टम में खराबी से एक तरह से इनकार किया।

रेल मंत्री ने संकेत दिया कि दुर्घटना के पीछे इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में तोड़फोड़ और छेड़छाड़ हो सकती है। इस हादसे में कम से कम 275 लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के मूल कारण और इसके लिए जिम्मेदार अपराधियों की पहचान कर ली गयी है।

रेल मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और प्वाइंट मशीन में किये गये बदलाव के कारण ऐसा हुआ। इसे 'फेल सेफ सिस्टम' कहा जाता है। इसका मतलब है कि अगर यह फेल भी हो जाता है, तो भी सारे सिग्नल लाल हो जायेंगे और सभी ट्रेनों का परिचालन रुक जायेगा। मंत्री ने कहा कि सिग्नल प्रणाली में समस्या थी। ऐसा हो सकता है कि किसी ने केबल देखे बिना कुछ खुदाई की हो। मंत्री ने यह भी कहा कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने जांच पूरी कर ली है और रिपोर्ट का इंतजार है। उन्होंने कहा कि यह भीतर से या बाहर से छेड़छाड़ या तोड़फोड़ का मामला हो सकता है। हमने किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया है।



### रिटायर जज की अध्यक्षता में समिति से जांच कराने की मांग

रेल हादसे का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मामले की जांच को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की गयी है। इसमें कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ पैनल बनाया जाये, जो बालासोर ट्रेन दुर्घटना की जांच करे। अधिवक्ता विशाल तिवारी की ओर से दाखिल जनहित याचिका में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल प्रभाव से भारतीय रेलवे में स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली (जिसे कवच सुरक्षा प्रणाली कहा जाता है) के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग भी की गयी है।

### रेलवे बोर्ड ने किया ड्राइवर की गलती से इनकार

उधर रेलवे बोर्ड के परिचालन और कारोबार विकास की सदस्य जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि किसी भी मशीन के चलने से खराबी आने का खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि एआइ आधारित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ इस तरह की छेड़छाड़ केवल जानबूझ कर की जा सकती है। उन्होंने सिस्टम में किसी भी खराबी से इनकार किया। उन्होंने कोरोमंडल एक्सप्रेस के ड्राइवर को यह कहते हुए क्लीन चिट दे दी कि उसे आगे बढ़ने के लिए हरी झंडी मिल गयी थी और वह तेज गति से गाड़ी नहीं चला रहा था। शुक्रवार को मिली प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोमंडल एक्सप्रेस उस स्टेशन पर लूप लाइन में घुस गयी थी, जिस पर लौह अयस्क से लदी एक मालगाड़ी खड़ी थी।

उन्होंने बताया कि रेलवे ने हादसे के बाद सबसे पहले राहत और बचाव कार्य किया। उसके बाद मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। बहानागा स्टेशन पर चार लाइनें हैं। इनमें दो मेन लाइन हैं। लूप लाइन पर मालगाड़ी थी। स्टेशन पर ड्राइवर को ग्रीन सिग्नल मिला था। दोनों गाड़ियां अपनी पूरी गति पर चल रही थीं। घटना की चपेट में सिर्फ कोरोमंडल एक्सप्रेस आयी थी।

### 288 नहीं, 275 लोगों की मौत हुई

इस बीच ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने बताया कि हादसे में 288 नहीं, बल्कि 275 लोगों की मौत हुई है। कुछ शव दो बार गिन लिये गये थे। हादसे में 11 सौ से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

## मुख्यमंत्री हेमंत के निर्देश पर झारखंड की पांच सदस्यीय टीम बालासोर में घायलों की मदद में जुटी

### झारखंड के तीन लोगों की हुई मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बालासोर जिले में बहानगा रेलवे स्टेशन के पास हुई रेल दुर्घटना के पीड़ितों की मदद, राहत और इलाज के लिए झारखंड सरकार पूरी तरह से संवेदनशील और तत्पर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर श्रम सचिव राजेश शर्मा के नेतृत्व में आला अधिकारियों और डॉक्टरों की टीम ने रविवार को घटनास्थल का जायजा लिया और इस हादसे में झारखंड के पीड़ितों से मुलाकात कर पूरी जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में झारखंड के तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि 61 घायल हुए हैं।

**अस्पताल जाकर घायलों से की मुलाकात :** झारखंड के अधिकारियों की टीम बालासोर जिला अस्पताल पहुंची, जहां ट्रेन हादसे में घायल यात्रियों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा टीम ने एनओसीसीआइ बिजनेस पार्क पहुंच कर जानकारी ली, जहां मृतकों के शवों को रखा गया है। झारखंड टीम ने त्वरित पहल करते हुए अस्पताल से इलाजरत गोड्डा जिले के चार घायलों को डिस्चार्ज करा कर उन्हें उनके गोड्डा स्थित आवास भेजने की व्यवस्था की। वहीं ट्रेन हादसे में गोड्डा जिले के जिन दो यात्रियों की मौत हुई, उनके पार्थिव शरीर को भी उनके घर भेजने की व्यवस्था की गयी, जबकि एक मृत यात्री की शिनाख्त करने की प्रक्रिया जारी है। सभी घायलों से निरंतर संपर्क बनाकर झारखंड सरकार हर जरूरी मदद पहुंचाने का काम रही है। गोड्डा के मृतक मजदूरों की पहचान मेहरमा के गौरीपुर के मो शमशाद और महागामा प्रखंड के परसा गांव के बच्चू मिस्त्री के रूप में हुई है।

### रांची रेल मंडल ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

रांची रेल मंडल ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। रांची रेलवे स्टेशन का हेल्पलाइन नंबर 0651 2787260, 06512787070 और 9835921950 है। हटिया स्टेशन पर ये नंबर 06512600091, 06512788888 और 9431351063 हैं।

## मॉनसून केरल नहीं पहुंचा, और तीन-चार दिन की देरी हो सकती है

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून रविवार को केरल नहीं पहुंचा। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि मॉनसून के केरल पहुंचने में और तीन-चार दिन की देरी हो सकती है। इसके पहले विभाग ने ही कहा था कि मॉनसून चार जून को केरल पहुंच सकता है। मॉनसून आमतौर पर एक जून को केरल में दस्तक देता है। पिछले साल मॉनसून 29 मई को केरल पहुंचा था, वहीं 2021 में यह एक जून को पहुंचा था। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मॉनसून अब लक्षद्वीप और दक्षिण अरब सागर के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ रहा है। रविवार को विभाग ने कहा कि दक्षिण अरब सागर के ऊपर मॉनसून के बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल होती जा रही हैं। अरब सागर के ऊपर बादल घने होते जा रहे हैं। रविवार को एक अलर्ट में मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, केरल, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, तटीय आंध्र प्रदेश और दमन, तेलंगाना, रायलसीमा और कर्नाटक में कुछ जगहों पर बिजली कड़कने और तेज हवाओं के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। केरल के पठानमथिट्टा और इडुक्की जिलों में भी सोमवार तक के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**इस साल सामान्य बारिश का अनुमान :** मौसम विभाग ने कहा है कि इस साल मॉनसून के सामान्य रहने का अनुमान है। अगर बारिश सामान्य रहती है, तो देश में कृषि उत्पादन भी सामान्य रहेगा। देश में किसान आमतौर पर एक जून से गर्मियों की फसलों की बुआई शुरू करते हैं। यह वह समय होता है, जब मॉनसून की बारिश भारत पहुंचती है। फसल की बुआई अगस्त की शुरुआत तक जारी रहती है।

## गैंग्स ऑफ साहिबगंज का अपराधी दाहू यादव पहाड़ पर मजे कर रहा : बाबूलाल

### ट्वीट कर कहा : डीजीपी संज्ञान लेकर कार्रवाई करें

आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि साहिबगंज में एक हजार करोड़ रुपये के खनन घोटाले का मुख्य अभियुक्त दाहू यादव महीनों से झारखंड पुलिस की नजर में फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है, जबकि वह मुफस्सिल थाना के पहाड़ पर भारी संख्या में हथियारबंद लोगों के साथ मजे से रह रहा है। उन्होंने कहा कि दाहू यादव 'गैंग्स ऑफ साहिबगंज' का नामी अपराधी है। उन्होंने रविवार को ट्वीट किया है कि वहां की पुलिस को सब पता है कि दाहू यादव कहां है, लेकिन उसे गिरफ्तार करने की बजाय पुलिस ने कुर्की जब्ती के नाम पर खानापूर्ति कर अपना काम पूरा समझ लिया है। मरांडी ने लिखा है कि साहिबगंज पुलिस और प्रशासन के लोग जानते हैं कि दाहू कहां है। वह लोगों से मिलता-जुलता है। अब तो वह इडी के गवाहों को भी बंदूक के बल पर डरा रहा है। फिर भी उसको पकड़ने से कौन रोक रहा है?



मरांडी ने आरोप लगाया है कि पुलिस की सुरक्षा में उसे इस पहाड़ से उस पहाड़ पर पहुंचाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन पर उसकी गिरफ्तारी से बचाने का आरोप लग रहा है। झारखंड के डीजीपी इसका संज्ञान लें। रांची से विशेष पुलिस दल गठित कर भेजें और दाहू की गिरफ्तारी सुनिश्चित करा कर वहां आतंक राज की समाप्ति करें।







HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

## भागलपुर में गंगा नदी पर बन रहा फोरलेन पुल फिर गिरा

### जान-माल का नुकसान नहीं : निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में सुल्तानगंज-अगुवानी में गंगा नदी पर बन रहा फोरलेन पुल रविवार को एक बार फिर जमींदोज हो गया। निमार्णाधीन पुल का सुपर स्ट्रक्चर नदी में गिर गया। अगुवानी की तरफ से पुल के पाया नंबर 10,11 और 12 के ऊपर का पूरा सुपर स्ट्रक्चर गिर गया है, जो लगभग एक सौ मीटर है। हादसे में जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस महासेतु का निर्माण एसपी सिंगला नामक कंपनी द्वारा किया जा रहा है। बता दें कि भागलपुर जिले के सुल्तानगंज में बन रहा यह पुल खगड़िया और भागलपुर जिलों को जोड़ने के लिए बनाया जा रहा है। इस घटना के बाद बिहार का यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट अब और भी विलंब हो गया है। बता दें कि पिछले साल 27 अप्रैल को इस निर्माणाधीन पुल का सुपर स्ट्रक्चर नदी में गिर गया था। तेज आंधी और बारिश में करीब एक सौ फीट लंबा हिस्सा भरभराकर गिर गया था। उस वक्त भी जान-माल को क्षति नहीं पहुंची थी। इसके बाद पुल निर्माण का काम फिर शुरू हुआ। इस बार सुपर स्ट्रक्चर का करीब 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया था। इतना ही नहीं, अप्रोच रोड का काम भी 45 फीसदी पूरा कर लिया गया है। इस हादसे के पहले पुल निर्माण एजेंसी दावा कर रही थी कि अगले दो माह में सुपर स्ट्रक्चर और अप्रोच रोड तैयार हो जायेगा। पुल का निर्माण 2015 से चल रहा है। इसकी लागत 1710.77 करोड़ रुपये है।



**गुणवत्ता पर उठे सवाल :** महज एक साल के बाद अगुवानी-सुल्तानगंज पुल का हिस्सा गिर जाने से लोगों ने पुल निर्माण के गुणवत्ता पर सवाल उठना शुरू कर दिया है। कोई एसपी सिंगला ग्रुप पर घटिया निर्माण करने का आरोप लगा रहा है, तो कोई बिहार में निर्माण योजनाओं में भ्रष्टाचार की बात कर रहा है। वहीं परबत्ता के विधायक डॉ संजीव ने कहा कि गुणवत्ता पर पहले भी सवाल उठाया था और अब भी उठा रहा हूं। यह पुल बगैर किसी कारण के कैसे गिर सकता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |



# रेलवे सुरक्षा के लिए सबक है बालासोर ट्रेन हादसा

## ■ दुरंतो और वंदे भारत के दौर में स्वीकार्य नहीं हो सकती इस तरह की दुर्घटना

## ■ अब आधारभूत संरचना को आधुनिक बनाने पर होना चाहिए चौतरफा जोर

## ■ इस तरह के हादसों से पूरी दुनिया में खराब होती है आगे बढ़ते भारत की छवि

**ओड़िशा में बालासोर के पास हुआ रेल हादसा और हताहतों का आंकड़ा किसी भी सभ्य समाज को स्तब्ध कर देनेवाला है। जैसा कि कहा जाता है कि दुर्घटनाएं अकस्मात ही घटती हैं और यह दुर्घटना भी अकस्मात ही घटी है। लेकिन दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्कों में शुमार भारतीय रेल द्वारा हमेशा 'सावधानी हटी दुर्घटना घटी' जैसे सूत्र वाक्य पर ध्यान रखने के बावजूद इतनी बड़ी दुर्घटना पूरी व्यवस्था पर सवाल तो खड़े करती ही है। बालासोर के पास हुआ हादसा चाहे लंटरलॉकिंग बदलने से हुआ हो या मानवीय भूल के कारण, एक बात तो साफ है कि भारतीय रेल की सुरक्षा प्रणाली अब भी उस स्तर तक नहीं हुई है, जैसी होनी चाहिए। यह बात मानने में कोई बुराई नहीं है कि दुरंतो और वंदे भारत जैसी सुपर फास्ट ट्रेनों के इस दौर में आधारभूत संरचनाओं के आधुनिकीकरण पर जितना ध्यान दिया जाना चाहिए था, नहीं दिया गया। दशकों पुरानी रेल पटरियां, बोगियां और सिग्नल प्रणाली के अलावा पूरी प्रणाली में मानवीय हस्तक्षेप की अधिकता भारतीय रेल की कमजोरी है और यही कमजोरी इतने भयावह हादसे का कारण बनी है। इसलिए अब रेलवे के आधारभूत ढांचे को आधुनिक तकनीकों से लैस कर इसे निरापद बनाने पर सबसे अधिक ध्यान देना जरूरी हो गया है। बालासोर हादसे से भारतीय रेल को यह बड़ी सीख लेनी चाहिए, क्योंकि इस तरह के हादसों से आगे बढ़ते देश की छवि दुनिया भर में खराब होती है। इसके अलावा इस रेल हादसे ने भारतीय रेल के लिए कई सबक छोड़े हैं, जिनके बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही | विशेष



राकेश सिंह

ओड़िशा के बालासोर जिले में शुक्रवार शाम को तीन ट्रेनों के टकराने से हुआ हादसा बेहद भयानक है। तीन ट्रेनों के टकराने की घटना तो दुर्लभ है ही, हाल के वर्षों में भारत में रेल हादसे में हताहतों का आंकड़ा भी इतना नहीं रहा। दरअसल शुक्रवार की शाम करीब साढ़े छह बजे हावड़ा से चेन्नई जा रही शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस बालासोर के पास बहनागा बाजार रेलवे स्टेशन से कुछ पहले बेपटरी हो गयी। इसकी रफ्तार इतनी तेज थी कि इसका इंजन आउटर पर एक मालगाड़ी पर चढ़ गया। कोरोमंडल एक्सप्रेस के पीछे वाले डिब्बे तीसरे ट्रैक पर गिरे, जिनसे उस पर तेजी से आ रही बेंगलुरू-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे टकरा कर पटरी से उतर गये। टक्कर इतनी भीषण थी कि रेल ट्रैक पर कई किलोमीटर तक पटरी गायब हो गयी और टूट कर दूर जा गिरी। कुछ डिब्बों से पहिये अलग हो चुके थे, तो कई डिब्बे पिचक गये थे।

रेल मंत्री अश्विन वैष्णव ने सुरक्षा आयुक्त की जांच के आधार पर यह स्पष्ट किया है कि यह हादसा इंटरलॉकिंग में परिवर्तन करने से हुआ। इससे पहले हादसा का कारण सिग्नल का फेल होना बताया जा रहा था। कहा जा रहा था कि कोरोमंडल एक्सप्रेस को पहले ग्रीन सिग्नल दिया गया था, फिर सिग्नल अचानक लाल हो गया था। लेकिन तब तक एक्सप्रेस ट्रेन लूप लाइन में प्रवेश कर मालगाड़ी को टक्कर मार कर बेपटरी हो चुकी थी। उसी समय डाउन लाइन पर सुपरफास्ट ट्रेन आ चुकी थी, जिसके दो डिब्बे कोरोमंडल के डिब्बों से टकरा कर पटरी से उतर गये।

हादसे के बाद से ही राहत और बचाव का कार्य जारी है और अनेक ट्रेनों को निरस्त करना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रेन दुर्घटना से संबंधित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जबकि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दुर्घटना की जांच के आदेश दिये हैं। हादसा इतना भीषण है कि विदेशी राष्ट्र प्रमुखों ने इस पर अपनी संवेदनाएं जतायी हैं। राहत और बचाव कार्य में एनडीआरएफ की टीमें उतरी हैं, अतिरिक्त बसों और ट्रेन कोचों का इंतजाम करने के अलावा वायुसेना ने हेलीकॉप्टर भी तैनात किये हैं।

यह सभी जानते हैं कि भारतीय रेल दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्कों में शुमार है। इसे दुनिया का आठवां सबसे बड़ा रेल नेटवर्क माना जाता है। करीब 170 साल पुराना यह संगठन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के गौरव का प्रतीक है। करीब 18 लाख कर्मियों की मदद से 70 हजार किलोमीटर लंबी रेल पटरियों पर 14 हजार के करीब ट्रेनों के जरिये रोजाना करीब ढाई करोड़ यात्रियों और 33 लाख टन माल ढोनेवाली भारतीय रेल का यह दुर्भाग्य ही है कि सुरक्षा मानकों में इसे अब तक विश्व स्तर पर वह स्थान नहीं मिल सका है, जो इसे मिलना चाहिए था।



ऐसे में बालासोर ट्रेन हादसे से एक गंभीर सवाल तो पैदा होता ही है कि आखिर इतने बड़े नेटवर्क की सुरक्षा प्रणाली आज भी विश्व स्तरीय क्यों नहीं है। इसका कारण यह है कि चूंकि भारत में रेल दुर्घटनाएं कम होती हैं और उनमें भी इतनी मौतें नहीं होती हैं, इसलिए समझा जाता है कि सुरक्षा प्रणाली में कोई खामी नहीं है। केवल 'सावधनी हटी दुर्घटना घटी' जैसे नारों से ही मानवीय भूलों से बचा जा सकता है। ऐसे में बालासोर हादसा और हताहतों का आंकड़ा स्तब्ध कर देनेवाला है। लेकिन इसे भी समझना होगा कि यह दुर्घटना अकस्मात घटी है। दरअसल, कोरोमंडल एक्सप्रेस के ड्राइवर के पास इतना समय ही नहीं था कि वह ट्रेन रोक सके। जिस रफ्तार से वह गाड़ी दौड़ रही थी, उसमें ड्राइवर की दृश्यता दो किलोमीटर की दूरी तक थी। ऐसे में गाड़ी रोकने के लिए उसके पास एक मिनट का समय भी नहीं था। अगर ड्राइवर ने ब्रेक लगाया होगा, तो गाड़ी नहीं भी रुकी हो सकती है। एक्सप्रेस ट्रेन के ड्राइवर बेहद अनुभवी होते हैं और सतर्क रहते हैं। लेकिन उन्हें गाड़ी रोकने के लिए समय तो मिलना चाहिए। अगर आपके पास बेहद शानदार कार हो, लेकिन बेहद तेज गति में चलते हुए उसके सामने अगर दूसरी कार आ जाये, तो दुर्घटना शायद ही टाली जा सकती है। ओड़िशा के बालासोर में हुआ रेल हादसा कुछ इसी तरह का है।

लेकिन इस हकीकत के बावजूद यह मानना होगा कि इतनी मौतें नहीं होनी चाहिए थीं। हर व्यवस्था यही चाहती है कि किसी भी दुर्घटना में एक भी मौत न हो। इस बात में कोई संदेह नहीं कि भारतीय रेल के पास दुनिया के उन्नत रेलवे कोच हैं और अद्यतन तकनीक भी है। जहां तक हादसे के बाद राहत प्रबंधन की बात है, तो भारतीय रेल के पास सौ-डेढ़ सौ साल पुरानी और बेहद चाक-चौबंद व्यवस्था है। वैसे भी हमारे पास रेल सुरक्षा की मजबूत प्रणाली है, जिसके तहत कर्मचारियों की टीम, जिनकी अलग-अलग बीट होती है, रेल पटरियों की लगातार सघन जांच करती है। इसके अलावा मॉक ड्रिल भी लगातार होती है, जिससे कि अगर कहीं दुर्घटना हो, तो तत्काल वहां तक पहुंचा जा सके और प्रभावितों के लिए चिकित्सा व्यवस्था मुहैया करायी जा सकी। वैसी स्थिति में तमाम कर्मचारियों को अपनी भूमिका के बारे में पता रहता है और रेलवे नेटवर्क के भीतर डॉक्टरों और अस्पतालों की सूची रहती है।

इसलिए ओड़िशा में हुई ट्रेन दुर्घटना भीषण होते हुए भी राहत प्रबंधन के मामले में निश्चिंत रहना चाहिए कि प्रभावितों के लिए राहत और उनकी चिकित्सा की पूरी व्यवस्था होगी। रेल दुर्घटना के ऐसे मामलों में राहत कार्य कई बार बहुत आसान नहीं होता, क्योंकि ट्रैक के दोनों ओर गांव होते हैं। लेकिन अनेक बार ऐसे हादसों में प्रभावितों को ग्रामीणों की मदद ही सबसे पहले मिलती है, जैसे कि इस भीषण हादसे में भी देखा गया, जब गांववाले मदद के लिए सबसे पहले आये।

कहा यह जा रहा है कि जहां दुर्घटना हुई, उस रूट पर टक्कर-रोधी उपकरण या कवच नहीं लगा है। सच्चाई जो भी हो, लेकिन यह भी वास्तविकता है कि इस हादसे के बाद रेलवे सुरक्षा अब सरकार की प्राथमिकता में भी होगी। याद रखना चाहिए कि रेलवे सुरक्षा के लिए वर्ष 2012 में अनिल काकोदकर की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गयी थी। उस कमेटी ने जो सिफारिशें की थीं, उनमें रेल सुरक्षा के लिए पांच वर्षों की अवधि में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करने और रेलवे सुरक्षा प्राधिकरण का गठन करने की बात कही गयी थी। उस कमेटी की सिफारिशें अभी तक लागू नहीं की गयी हैं। लेकिन यह उम्मीद करनी चाहिए कि रेल परिवहन को आधुनिक बनाने के प्रयास में लगी केंद्र सरकार ऐसी पहल जरूर करेगी, जिससे देश का पूरा रेल नेटवर्क कवच के दायरे में आ सके।

इसके अलावा बालासोर हादसे ने एक बड़ी सीख यह दी है कि अब आधारभूत संरचनाओं के आधुनिकीकरण के बिना विस्तारीकरण पर दोबारा विचार करना होगा। भारतीय रेलवे की दशकों पुरानी आधारभूत संरचनाएं, मसलन पटरियां और सिगनल प्रणाली दुरंतो और वंदे भारत जैसी सुपरफास्ट ट्रेनों की तकनीक के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ साबित हो रही हैं। इतना ही नहीं, इस तरह के हादसों से देश की छवि को नुकसान भी पहुंचता है। इसलिए अब पूरा ध्यान सुरक्षा और संरक्षा प्रणाली पर दिये जाने का समय आ गया है। बालासोर हादसे में जान गंवानेवाले रेल यात्रियों के लिए भारतीय रेलवे की तरफ से यह सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। रेलवे को यह ध्यान देना होगा कि तकनीकी के इस युग में इस तरह के रेल हादसे अब लोगों को स्वीकार्य नहीं होंगे।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करनेवाला आरोपी शादाब सुहैल गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आरोपी कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता है, विधायक सीपी सिंह के ट्वीट पर पुलिस ने की कार्रवाई**

**सिमडेगा।** झारखंड में सिमडेगा में सोशल मीडिया पर धार्मिक भावना भड़काने के आरोपी एक युवक को सिमडेगा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक का नाम शादाब सुहैल है, उसने हिंदू धर्म के देवताओं को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। साथ ही महिलाओं को लेकर भी गलत शब्दों का प्रयोग करते हुए धार्मिक भावनाओं को भड़काने की कोशिश की थी।

रांची विधायक सीपी सिंह ने ट्वीट कर सिमडेगा पुलिस से इस मामले में कार्रवाई की मांग की थी। रांची विधायक के ट्वीट करने के बाद मामला गरमा गया। मामला तूल पकड़ता देख सिमडेगा पुलिस एक्शन मोड में आयी और बिना किसी देरी के आरोपी शादाब सुहैल को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले पर एसडीपीओ डेविड ए दोडराय ने कहा कि सोशल मीडिया पर शादाब सुहैल नाम के एक युवक द्वारा आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को भड़काने की कोशिश की गयी थी। उसके बाद मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

बताया जा रहा है कि आरोपी युवक कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता है, जो सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा का करीबी माना जाता है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर धार्मिक भावना को भड़काने के आरोपी युवक और सिमडेगा विधायक का एक फोटो भी काफी वायरल हो रहा है। रांची विधायक सीपी सिंह ने भी इसी फोटो के साथ ट्वीट कर सिमडेगा पुलिस से युवक की गिरफ्तारी की मांग की थी।

# डेढ़ करोड़ के इनामी नक्सली की हार्ट अटैक से मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जगदलपुर।** नक्सलियों के पोलित ब्यूरो के सदस्य और डेढ़ करोड़ के इनामी रहे आनंद उर्फ कट्टम सुदर्शन की हार्ट अटैक से मौत हो गयी। वह करीब 69 साल का था। बताया जा रहा है कि नक्सली लीडर सुदर्शन कई महीनों से डायबिटीज, बीपी सहित अन्य बीमारियों से जूझ रहा था। इलाज के अभाव में उसने 31 मई की दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर दम तोड़ दिया। नक्सलियों ने दंडकारण्य के जंगल में ही उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया। अब नक्सली पांच जून से तीन अगस्त तक उसकी याद में देश भर में सभा का आयोजन करेंगे।

नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता अभय ने दो जून को प्रेस नोट के साथ आनंद की तस्वीर छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में जारी की है। प्रेस नोट में बताया गया है कि, बेलमपल्ली के मजदूर परिवार में आनंद का जन्म हुआ था। वह पिछले करीब पांच दशक से नक्सल संगठन में सक्रिय था। उसने केंद्रीय कमेटी से लेकर आंध्र-तेलंगाना, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में नक्सल संगठन की जिम्मेदारी संभाली थी। नक्सल संगठन को मजबूती देने, संगठन का विस्तार करवाने में माहिर था। इसकी मौत से नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है।

# माओवादियों ने ग्रामीणों को जंगल में नहीं जाने की दी चेतावनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** भाकपा माओवादियों ने पोस्टर जारी करके ग्रामीणों को चेतावनी दी है। उनके दावे के मुताबिक, पुलिस ग्रामीणों को अपनी सुरक्षा के लिए ढाल बना रही है। वे कहते हैं कि पुलिस खुद की जान बचाने के लिए ग्रामीणों का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों को चेतावनी दी है कि वे जंगल में केंदू पत्ता या लकड़ी तोड़ने से बचें, क्योंकि पूरे जंगल में अनियंत्रित माइन और बूबी ट्रैप बिछे हुए हैं।

अगर कोई इन चेतावनियों के बावजूद जंगल में जाता है, तो उसे अपनी जान खोने का खतरा हो सकता है या वह गंभीर रूप से घायल हो सकता है। नक्सलियों द्वारा जारी किये गये पोस्टर में पुलिस पर कई आरोप लगाये गये हैं, जिनमें यह कहा गया है कि कोल्हान वन क्षेत्र में पुलिस एक बर्बर दमन अभियान के लिए आने-जाने वाले रोड, जंगल-पहाड़ों पर, जंगली रास्ते, पगडंडियां और झाड़ियों में अनियंत्रित माइन और बूबी ट्रैप बिछे हुए हैं। इसलिए, उन्होंने ग्रामीणों, लकड़हारों और केंदू पत्ता तोड़ने वालों से अपील की है कि वे जंगलों पर जाने से बचें और इस आदेश का पालन करें। इस आदेश के उल्लंघन करने पर, व्यक्ति को बूबी ट्रैप की चपेट में आकर जान जाने का खतरा हो सकता है या उसे गंभीर रूप से घायल होने की संभावना हो सकती है। पोस्टर में कहा गया है कि इस चेतावनी के बावजूद, अगर कोई जंगल में जाता है, तो वह खुद जिम्मेदार होगा, और इसके अलावा सरकार और नियमों के विरुद्ध कार्रवाई करने वाले अधिकारी जिम्मेदार होंगे। दूसरे पोस्टर में नक्सलियों ने कहा है कि 27 मई 2023 से पुलिस ने ग्राम तुम्बाहाका और ग्राम मारादीरी में अपनी कब्जे में ले लिया है, जबकि पुलिस खुद बूबीट्रैप और स्पाइक हॉल से घिरकर फंसी हुई है।

## पांच दिनों में 29 आइइडी बम बरामद

**रांची। झारखंड का अति नक्सल प्रभावित जिला चाईबासा नक्सलियों का सेफ जोन बन गया था। अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए चाईबासा के एक ही इलाके में लगातार सुरक्षाबलों और पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए आइइडी बम लगा रहे हैं लेकिन सुरक्षा बलों और झारखंड पुलिस ने नक्सलियों के हर मनसूबे को ध्वस्त करते हुए पांच दिनों में 29 आइइडी बम बरामद किया है।**

## पुलिस पूछताछ में अमन साव का खुलासा


# 10 लोग थे गिरोह के निशाने पर

**रंगदारी नहीं देने पर इस साल फरवरी में टोरी शिवपुर रेल लाइन का काम करनेवाली कंपनी के साइट पर की थी गोली बारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के कुख्यात अपराधी अमन साहू को बालूमाथ पुलिस ने 31 मई को रिमांड पर लेकर कांड संख्या 30/23 मामले में पूछताछ की थी। अमन साहू ने पुलिस को कई चौंकाने वाले खुलासे किये हैं। उसने बताया है कि उसके गिरोह के निशाने पर 10 लोग थे।

इनमें लातेहार के बालूमाथ का राजेंद्र साहू, लातेहार के ही विकास कुमार तिवारी, लातेहार चंदवा के छोटू गुप्ता उर्फ रंजीत गुप्ता, खलारी का अब्दुल्ला अंसारी, राय बचरा का लवलेश्वर महतो, अंबे कंपनी का निदेशक सुमित चटर्जी, रामगढ़ भोला पांडेय गिरोह का विकास तिवारी, लातेहार के बालूमाथ पिंडारकोम का मनोज यादव, आरकेटीसी और बीएलए कंपनी के मालिक और अधिकारी और ऋत्विक कंपनी के मालिक और अधिकारी शामिल है। इन सभी को अमन साहू गिरोह ने रंगदारी नहीं देने पर निशाने पर रखा था और धमकी भी दी थी।



## कंपनी के संचालक से मांगी थी रंगदारी

अमन साहू ने पुलिस को यह भी बताया है कि उसके कहने पर मयंक सिंह ने टोरी शिवपुर रेल लाइन के विस्तारीकरण का काम कर रही कंपनी साईं कृपा टेलीकॉम कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के संचालक कृपाशंकर सिंह से भी फोन पर रंगदारी मांगी थी। रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की भी धमकी दी थी। उसके बाद भी लेवी का पैसा नहीं देने पर पुनः कंपनी के बबन सिंह को भी कॉल कर पैसे की मांग की गयी थी। बबन सिंह को भी फोन पर पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। जब कंपनी ने लेवी का पैसा नहीं दिया तो फरवरी महीने में निक्की यादव को बोल कर बालूमाथ रेलवे थर्ड लाइन साइट पर जाकर 8 से 10 राउंड फायरिंग करायी गयी थी। इस घटना के अगले दिन कांड की जिम्मेदारी लेते हुए मयंक सिंह ने धमकी दी थी कि गोलीबारी तो सिर्फ ट्रेलर था। आपकी किस्मत अच्छी थी, जो बच गये। अगर सेटलमेंट नहीं किएये तो गंभीर परिणाम भुगतान पड़ेगा। यह भी कहा था कि आप हमारे बारे में पूरे झारखंड में जाकर पता कर लीजिएगा। जब तक सेटलमेंट नहीं होता काम बंद रखं, नहीं तो हम लोग दुबारा मौका नहीं देंगे। किसी भी समय आपकी हत्या कर दी जायेगी। साइट को धुआं धुआं कर दिया जायेगा।

## सोशल मीडिया के माध्यम से चलाता था संगठन

अमन साव ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि वह जेल से संगठन का संचालन करता था। इसके लिए वह सोशल मीडिया का इस्तेमाल करता है। उसके कहने पर मयंक सिंह लेवी की राशि का हिसाब किताब रखता था। उसके कहने पर मयंक सिंह लेवी वसूली के लिए आदमी भेजता था। हथियार और शूटर की व्यवस्था करता था। संगठन के सदस्यों को सुरक्षित रखने का काम भी मयंक सिंह ही करता था। हथियार खरीदने के लिए भी पैसा हवाला के जरिए ही दिया जाता था।

### राज्यपाल ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में आयोजित नशा मुक्ति अभियान में भाग लिया

# नशा मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयास और सहयोग की जरूरत : सीपी राधाकृष्णन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान की सफलता अकेले सिर्फ एक संगठन की जिम्मेदारी नहीं है, इसके लिए समाज के सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास और सहयोग करने की आवश्यकता है। राज्यपाल प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में हरमू रोड रांची स्थित कार्यालय में रविवार को आयोजित नशा मुक्ति अभियान के अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि नशाखोरी आधुनिक समाज की सबसे ज्वलंत समस्याओं में से एक है। कई मायनों में यह लाइलाज बीमारियों से भी अधिक खतरनाक है। नशीली दवाओं के सेवन से उनका जीवन तो बर्बाद होता ही है, उनके परिवार को भी बहुत पीड़ा का सामना करना पड़ता है। राज्यपाल ने कहा कि मादक द्रव्यों का सेवन एक गंभीर मुद्दा है, जिसने हमारे समाज को बहुत लंबे समय तक त्रस्त रखा है। इससे अनगिनत लोगों की जान गयी है, व्यक्तियों, परिवारों और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

उन्होंने नशा मुक्ति अभियान के आयोजन के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन और इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा भी पांच सूत्री कार्यक्रम के तहत, जिसमें नशीले पदार्थों का उन्मूलन शामिल था, 93 दिनों तक लगातार 19 हजार किलोमीटर की 'रथ यात्रा' निकाली थी।

राज्यपाल ने कहा कि विडंबना है कि कुछ लोग जानकारी के अभाव में नशीली दवाओं के दुरुपयोग में संलिप्त हो जाते हैं। स्वार्थी लोगों द्वारा अपने गलत उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मासूमों को नशीली दवा दी जाती है, ऐसे कई उदाहरण भी सामने आये हैं।

# झारखंड पुलिस महाधिवेशन का आयोजन 15 से 17 जून तक

**एसोसिएशन महाधिवेशन में सीएम हेमंत सोरेन को करेगा सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस महाधिवेशन 15, 16 एवं 17 जून को होगा। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने तैयारी पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि रिम्स के ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय झारखंड पुलिस संगठन के 103वीं स्थापना वर्षगांठ और सप्तम महाधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में हमारे डीजीपी सहित कई वरीय अधिकारी रहेंगे। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी आमंत्रित कर रहे हैं। उनकी पहल से हमारी कई लंबित मांगों को पूरा किया गया है। वहीं 16 जून को चुनाव भी होगा।



## सरकार ने मांगों को पूरा किया

**पुलिस कर्मियों को 13 माह के वेतन के बदले काटे गये 20 दिनों के क्षतिपूर्ति अवकाश को वापस किया।**
**पुरानी पेंशन योजना वापस की गयी और उसे लागू किया गया।**
**सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा नियमावली 2016 को समाप्त किया गया।**

### आमसभा में होंगे निर्णय

15 जून को प्रथम सत्र में सप्तम महाधिवेशन का शुभारंभ होगा। द्वितीय सत्र में चिंतन और मार्गदर्शन सत्र आयोजित होगा। जिसमें अतिथियों का मार्गदर्शन प्राप्त किया जाएगा और तृतीय सत्र में आम सभा आयोजित की जाएगी। इस सत्र में पर्यवेक्षक मतदान संबंधी अनुशासन समझाएंगे।16 जून को सुबह 8:00 बजे मतदान का कार्यक्रम होगा जो शाम तक चलेगा। 17 जून को चुने गए नए पदाधिकारी का पदभार ग्रहण व शपथ ग्रहण होगा।

### पांच पदों पर किया है नामांकन

योगेंद्र सिंह ने कहा कि पांच पदों पर नामांकन किया गया है। अध्यक्ष पद पर तीन, उपाध्यक्ष पद पर पांच, महामंत्री पद पर दो उम्मीदवार, संयुक्त सचिव पर चार उम्मीदवार और संगठन सचिव पद पर तीन उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। इस तरह से पांच पद पर कुल 17 सदस्यों ने केंद्रीय चुनाव के लिए नामांकन किया गया है। वहीं महाधिवेशन को पूर्ण रूप से संपन्न करने के लिए समिति का गठन किया गया है। समिति में कुल 67 सदस्यों को शामिल किया गया है।

### ये रहे मौजूद

झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, महामंत्री अक्षय राम, संयुक्त सचिव महताब आलम, क्षेत्रीय मंत्री धर्मेंद्र सिंह प्रताप, संगठन सचिव अंजनी कुमार, उपाध्यक्ष अरविंद प्रसाद यादव, नरेंद्र कुमार, श्रीकांत शर्मा, वायरलेस सचिव सुरेंद्र राय, राजकुमार यादव, अभय कुमार सिंह, नीरज पाठक, जैप 10 के अध्यक्ष तारकेश्वर यादव, आईआरबी 5 के अध्यक्ष लाल शर्मा, क्षेत्रीय मंत्री भारती, क्षेत्रीय मंत्री दीपक प्रधान, गौतम बरेली मौजूद थे

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी,बकाये रकम की प्राप्ति होगी, सुखद वातावरण |
| वृष | सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, किसी समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा। |
| मिथुन | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, यशस्वी कार्य करने का अवसर। |
| कर्क | महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति, सुखद दाम्पत्य जीवन,गृह-भूमि-भवन का सुख मिलेगा। |
| सिंह | रुका हुआ काम पूरा होगा, राजनीतिक लाभ, गुप्त शत्रुओं पर विजय, धनलाभ होगा। |
| कन्या | वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा, रोजी-रोजगार में सफलता, नियमित आमदनी की वृद्धि होगी। |
| तुला | रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, मांगलिक कार्य का संपादन, स्वजन-कुटुंबियों का आगमन। |
| वृश्चिक | आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, कठिनाइयों पर विजय, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति। |
| धनु | नौकरी-व्यवसाय में सफलता, विशिष्टजनों से सम्पर्क बढ़ेगा, सामाजिक स्थिति मजबूत होगी। |
| मकर | पारिवारिक उलझनें दूर होंगी, मकान-वाहन आदि की समस्या का समाधान, आर्थिक लाभ होगा। |
| कुंभ | सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की स्थिति लाभप्रद रहेगी, व्यापार-व्यवसाय से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे। |
| मीन | आमदनी के नये स्रोत तैयार होंगे, चल-अचल सम्पत्ति के लाभ के साथ ही आपकी श्रीवृद्धि होगी। |


**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.com


# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिले संजय लाल पासवान और जयशंकर पाठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर से रविवार को नवनियुक्त आवासीय बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान और हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने मुलाकात की। सभी ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को गुलदस्ता देकर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बोर्ड निगम का गठन प्रदेश नेतृत्व की मजबूती और सरकार से बेहतर संबंध का परिणाम है।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने नवनियुक्त अध्यक्षों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी लोग अनुभवी है। मुझे पूरी उम्मीद है की ईमानदारी पूर्वक आप सभी लोग अपने कार्यों का निर्वहन करेंगे। इस दौरान नवनियुक्त सदस्य राकेश सिन्हा भी मौजूद थे।

# पंचायती राज संस्थाओं की ऑनलाइन ऑडिट आज से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य की पंचायती राज संस्थाओं का शत-प्रतिशत ऑडिट का काम 5 जून से प्रारंभ होगा। वित्तीय वर्ष 2021-22 का यह ऑडिट किया जायेगा। इस बार ऑडिट का सारा कार्य ऑनलाइन माध्यम से ही किया जायेगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार ऐसा किया जा रहा है।

अंकेक्षण विभाग द्वारा निर्देशित सीए फर्म ॰र स्थानीय निकाय संपरीक्षा निदेशालय, डीएलएफए की ओर से किया जायेगा। इसके लिए ऑडिट ऑनलाइन के माध्यम से अंकेक्षण कार्यक्रम 5 जून से शुरू होगा। पंचायती राज विभाग ने सभी उपविकास आयुक्त, जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया है और ऑडिट ऑनलाइन में लॉगिन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। विभाग ने पंचायती विभाग के दो अधिकारियों को भी इसके लिए नामित किया है, जो ऑडिट कार्य में सहयोग करेंगे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ऑडिट के लिए तैयार रहने को कहा गया है।

### बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह मामले को लेकर कांग्रेस रेस

# विधायक अंबा प्रसाद आगरा में आज करेंगी प्रेस कांफ्रेंस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** पिछले महीनों से देश के कई नामी-गिरामी पहलवान धरना प्रदर्शन पर हैं। ये सभी पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर एक नाबालिग समेत कई महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का एफआइआर सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाने के बाद दर्ज हो पाया। अभी भी भाजपा अपने सांसद को बचाने में लगी है।

महिला सुरक्षा और सम्मान को सूली पर लटका के पीड़ित पहलवानों को तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। इसे लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा आगरा में 5 जून को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को कांग्रेस पार्टी की तरफ से पार्टी के महासचिव और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने ज़िम्मेवारी दी है। विधायक अंबा प्रसाद प्रेस कांफ्रेंस के लिए आगरा पहुंच गयी हैं।

# पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां के भाई सहित झामुमो और कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

**भाजपा प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें झामुमो, कांग्रेस से आये नेता और कार्यकर्ताओं का प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने स्वागत किया। पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां के भाई और झामुमो दलित मोर्चा पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष बलदेव भुइयां के नेतृत्व में, छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र में झामुमो के प्रत्याशी रहे रवींद्र राजू और पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव गणेश शंकर विद्यार्थी सहित भुइयां समाज के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। इस मौके पर लातेहार जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, भाजपा जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, सुबोध सिंह गुड्डु, मंटू चरण दत्ता समेत कई भाजपाई मौजूद थे। इस दौरान दीपक प्रकाश ने झामुमो को कटघरे में खड़ा किया। कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद इन दलों से आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्गों का मोह भंग हो गया है। इस ठगबंधन सरकार ने लगातार जनता को छलने का काम किया है। झामुमो ने झारखंड के सपने को चकनाचूर किया है। उम्मीदी पर पानी फेरा है, झामुमो कार्यकर्ताओं ने खून पसीने से पार्टी को सींचा था, ताकि राज्यवासियों के सपने साकार हों, लेकिन सत्ता में आते ही यह पार्टी केवल परिवार की भलाई की चिंता करने लगी। परिवार हित के लिए हेमंत सरकार ने विश्व रिकार्ड बनाया है। मुख्यमंत्री खुद अपने नाम से लीज लेने लगे, पत्नी को औद्योगिक भूमि दे दी। भाई को खनन पट्टा दे दिया। अपने प्रतिनिधि को लूटने की छूट दे दी। दीपक प्रकाश ने कहा कि झामुमो कार्यकर्ताओं के त्याग परिश्रम से सरकार बनी, लेकिन सरकार में बाहरी और दलाल बिचौलिये शामिल हो गये। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। कार्यकर्ताओं की पीड़ा भाजपा ही दूर करेगी। भाजपा ने दलित, आदिवासी समाज को पूरा सम्मान दिया है। उन्होंने सभी से मोदी सरकार की उपलब्धियों और राज्य सरकार की नाकामियों को घर पर जाकर उजागर करने का आह्वान किया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद बलदेव भुइया सहित अन्य नेताओं ने कहा कि भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों, नीतियों और उनके देश के प्रति समर्पण भाव से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 जून, 2023
www.azadsipahi.in


# रांची और पटना के बीच जल्द दौड़ेगी वंदे भारत, नया रूट तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची से पटना के बीच चलनेवाली वंदे भारत ट्रेन के जल्द दौड़ने की उम्मीद बढ़ गयी है। रांची से बरकाकाना, हजारीबाग टाउन और कोडरमा होकर पटना तक चलनेवाली ट्रेन के लिए बरकाकाना-रांची के बीच नया रेल रूट तैयार हो गया है।

रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन के चलने की तारीखों में बार-बार कई कारणों से परिवर्तन होता रहा है। इसी बीच रांची से पटना के बीच चलनेवाली वंदे भारत ट्रेन को लेकर नयी सूचना आयी है कि ट्रेन के लिए नया रेल रूट तैयार हो चुका है और अब इसका परिचालन जल्द ही शुरू हो जायेगा। नया रूट तैयार हो जाने से रांची से बरकाकाना तक का घुमावदार सफर खत्म होगा। 63 किमी लंबी नयी रेल लाइन तैयार होने से रांची से बरकाकाना तक की दूरी 46 किमी कम हो जायेगी।

जल्द ही इस रूट पर वंदे भारत ट्रेन की सेवा शुरू कर दी जायेगी। यह ट्रेन बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा होकर पटना तक जायेगी। इसके लिए नया रेल रूट बन कर तैयार हो गया है। इस नये रूट के बीच सिधवर, हेहल, दरिदाग, सांकी, झांझीटोली, हुंडूर और मेसरा स्टेशन नये स्टेशन बनाये गये हैं। हालांकि, अभी तक रेलवे की ओर से इस ट्रेन के परिचालन की तारीख की घोषणा नहीं हुई है।

रांची-बरकाकाना रूट तैयार हो जाने से सबसे पहले इस मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। इसके साथ रांची पहुंचने के लिए वैकल्पिक कनेक्टिविटी मिल जायेगी, जिससे दूसरी ट्रेनें भी चलायी जा सकेंगी। मौजूदा रूट पर ट्रेनों का दबाव कम होगा। रेलवे के अनुसार, नयी ट्रेनों के लिए रांची-पटना रूट तैयार है। बरकाकाना-रांची नये रूट के साथ ही जारंगडीह से पतरातू तक 85 किमी रेल मार्ग का दोहरीकरण भी पूरा हो चुका है। इससे थर्मल पावर प्लांटों को कोल परिवहन के लिए भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

# रांची झील बचाने को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को रांची झील बचाओ अभियान समिति रांची के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में समिति के द्वारा रांची झील को बचाने के लिए झील के मुख्य घाट के समीप हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष अरुण बुधिया के द्वारा किया गया, जिसके बाद रांची झील को बचाने के लिए सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर किये। इस दौरान राजीव रंजन मश्रा ने कहा कि रांची झील में सेवा सदन के समीप गंदे नाले के पानी का रांची झील में प्रवेश होने के कारण पानी दूषित हो गया है और बदबू देने लगा है, जिससे मच्छर फैल गये हैं और महामारी का खतरा फैल गया है। वहीं इस दौरान रांची झील बचाओ अभियान समिति के द्वारा उच्च न्यायालय से इस विषय में संज्ञान में लेकर राज्य सरकार और नगर निगम प्रशासन से अविलंब रांची झील की साफ सफाई के लिए उचित कार्यवाही करने और रांची झील को बचाने के लिए उचित कदम उठाने का दिशा निर्देश दिये जाने की भी मांग की गयी। हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में अरुण बुधिया, अशोक पुरोहित, रमेश केडिया, लंकेश सिंह, इंदर सिंह, परवेज आलम, राहुल सिन्हा चंकी, अनिल तिवारी, प्रेम प्रसाद, भोला, मो मजहर, कैलाश केसरी सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# रांची में हो रही अवैध डीप बोरिंग, सूख रहा जलस्तर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शहर में इन दिनों जगह-जगह अवैध रूप से संचालित डीप बोरिंग मशीन धड़ल्ले से चलायी जा रही है, जो राजधानी के लिए मुसीबत का जड़ बन गयी है। नगर निगम ने अपने चिकित्सक द्वारा करायी गयी बोरिंग पर खुद एक्शन लेने की बात कही है। मगर रांची के कई हिस्सों में बोरिंग मशीन के जरिए जमीन का सीना चीर कर दूसरे घरों की बोरिंग को सुखाने में व्यस्त है। इन दिनों निगम खुद अपने चिकित्सकों द्वारा सड़क पर कराई गयी बोरिंग को लेकर काफी सुर्खियों में है। निगम की तरफ से बोरिंग मशीन की जब्ती और जुर्माने की बात तो कही जा रही है, मगर शहर में धड़ल्ले से डीप बोरिंग मशीन जमीन का सीना चीर घरों का पानी निकालने में लगें है। वहीं, अपर नगर आयुक्त के मुताबिक जबतक शहर को हंड्रेड परसेंट वाटर सप्लाई नहीं मिल जाता, बोरिंग पर पाबंदी नहीं लगायी जा सकती है। बता दें कि एक बोरिंग होने से आसपास के 10 घरों के पानी का लेयर नीचे चला जाता है। इधर, नगर निगम की पानी का कनेक्शन भी सबके पास उपलब्ध नहीं है, जिससे लोगों को खासा परेशानी हो रही है। बात करें राज्य में मानसून की तो अभी राज्य में मॉनसून के आने में लगभग 15 दिनों का समय बाकी है। शहर में हर तरफ पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है, कई जगहों पर लोग पानी नहीं मिल पाने से परेशान हैं। शहर के अमीर लोग तो किसी तरह दूसरी बोरिंग कर पानी का इंतजाम कर लेते हैं। लेकिन जिन्हें पानी की कोई सुविधा नहीं है, वे काफी परेशान हैं। नगर निगम के क्रियाकलापों से राजधानी की जनता को बहुत शिकायतें हैं। आपको बता दें कि शहर के अधिकांश पॉश इलाके जिसमें अशोकनगर हरमू रोड, कांके रोड, टैगोर हिल रोड शामिल है। ये सभी इलाके ड्राई जोन में बदलते जा रहे हैं। आदेश के बावजूद अभी तक रेन वाटर हार्वेस्टिंग 40 परसेंट तक भी नहीं पहुंची है।

## लव जिहाद : मारपीट कर जबरदस्ती करवा दिया धर्म परिवर्तन

# बद्र खान ने धर्म छुपा कर प्रेमजाल में फंसाया, गीता बन गयी शबनम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अभी मुंबई की मॉडल मानवी का मामला थमा भी नहीं हैं, ऐसे में रांची में लव जिहाद का एक नया मामला सामने आया है। महिला ने अपने पति पर धर्म छुपा कर पहले शादी करने और धर्म परिवर्तन कराने के साथ मारपीट करने का आरोप लाया है।

झारखंड की राजधानी रांची में आठ साल पहले कपड़ा दुकान में काम करनेवाली गीता नामक युवती को बद्र से प्यार हो गया। पहले तो बद्र ने खुद को हिंदू बताया, लेकिन शादी के वक्त उसने मुस्लिम होने की बात गीता को बतायी। शादी के बाद धर्म परिवर्तन करा कर गीता शबनम

> शादी के आठ साल बाद पता चल रहा है कि उसकी पहले से ही एक पत्नी है

बन जाती है। शबनम का छह साल का एक बेटा भी है। लेकिन अब शबनम को शादी के आठ साल बाद पता चल रहा है कि उसकी पहले से ही एक पत्नी है, जिसकी 12 साल की एक बेटी भी है। यह मामला तब उजागर हुआ, जब शबनम ने रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में बद्र खान के खिलाफ प्रताड़ना की शिकायत दर्ज करायी। शबनम परवीन ने अपने पति बद्र खान पर प्रेमजाल में फंसा कर धर्म परिवर्तन करवाने का आरोप लगाया। शबनम ने शादी के 8 साल बाद पति पर मारपीट का भी आरोप लगाया है।

### पहली पत्नी को घर वालों ने बताया भाभी

शबनम बताती है कि पति बद्र खान उसे परिवार के साथ नहीं बल्कि कांटाटोली में ही किराये के मकान में रखता था। घर में पहले से मौजूद समां परवीन को परिवार के लोगों ने उसकी भाभी बताया। लेकिन समां परवीन उसकी पहली पत्नी है। इस बात की जानकारी शबनम को सात साल बाद मिली कि वह उसकी पहली पत्नी है। इसका विरोध करने पर शबनम (गीता) के साथ घरवालों ने मारपीट शुरू कर दी।

### आधी रात घर से बाहर निकाला

तीन महीने पहले ही शबनम और उसके 6 साल के बेटे को आधी रात को घर से बाहर निकाल दिया। इसकी शिकायत महिला ने पहले भी सदर थाना में की थी। लेकिन पुलिस ने सुलह करवाकर मामला शांत कर दिया। लेकिन इसके बाद भी पति की हैवानियत कम नहीं हुई। जिसके बाद शबनम उर्फ गीता एक बार फिर से शिकायत दर्ज करवाने सदर थाना पहुंची। थाने में शबनम ने पति और ससुर के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# मोस्ट वांटेड अपराधी मयंक सिंह ने दी खुली चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अमन साहू गिरोह के मोस्ट वांटेड अपराधी मयंक सिंह ने रविवार को प्रेस रिलीज जारी कर राज्य के व्यवसायियों को खुलेआम धमकी दी है। प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए मयंक सिंह ने अपने संदेश में कहा है कि प्रशासन उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। मयंक ने अमेरिका के नंबर से धमकी भरी प्रेस रिलीज जारी की है, जिसमें रांची, रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार, चतरा के कोल माइनिंग कंपनी के प्रबंधन, ट्रांसपोर्ट कर रही कंपनियां और उससे जुड़े संवेदक, रेलवे साइडिंग में रेक लोडिंग का काम कर रहे संवेदकों को चेतावनी है कि मुझे कोई हल्के में लेगा, तो उसका अंजाम भी यही होगा। चाहे आप बुलेट प्रूफ वाहन ले लें, या एक्स आर्मी सुरक्षा गार्ड रख ले या अपने लिए सुरक्षा से जुड़े जितने भी इंतजाम कर ले। हम इसमें छेद कर देंगे, चाहे अधिकारी देश की किसी कोने में बैठे हों। ध्यान रहे- जहां तक मेरा कॉल जाता है, वहा तक मेरी गोली जायेगी। इसका ट्रेलर मैं कोलकाता, रायपुर, कोरबा में बैठ कर झारखंड में कारोबार कर रही कंपनी के लोगों को दिखा चुका हूं।

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यह भी सूचित कर रहा हूं कि कुछ छुटभैये अपराधी, साइबर अपराधी, जनप्रतिनिधि मेरे और मेरे बॉस के नाम का इस्तेमाल कर रंगदारी वसूलते हैं। कंपनी के

> जहां तक मेरा कॉल जाता है, वहां तक मेरी गोली जायेगी
>
> पूर्व विधायक योगेंद्र साव को चेतावनी

अधिकारियों को मेरे या बॉस से संबंध होने का दावा कर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करते हैं, वे अपने क्रियाकलाप बंद करें, वर्ना गोली खाने के लिए तैयार रहें। ऐसे सारे लोगों की सूची बन कर तैयार है। इससे पहले भी मैंने प्रेस विज्ञप्ति में यह स्पष्ट किया है और आज एक बार फिर कर रहा हूं कि बड़कागांव के पूर्व विधायक योगेंद्र साव से हमारे गैंग का कोई लेना देना नहीं है, ना उनसे किसी तरह का संबंध है। उनके द्वारा मेरे बॉस का नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जाता है और इसके अलावा क्या-क्या किया जाता है, इसकी जानकारी प्रशासन से लेकर बड़कागांव की जनता बहुत बेहतर जानने लगी है और इसका इलाज भी इस चुनाव में कर दिया जायेगा। इस संदेश के माध्यम से मैं यह भी चेतावनी देता हूं, कि झारखंड राज्य में गौ तस्करी कर रहे सारे तस्कर अब तस्करी बंद कर दें। ड्रग्स, हिरोइन का कारोबार कर रहे तस्कर अपना बोरिया बिस्तर झारखंड राज्य से समेट लें, वर्ना अब एक-एक करके ऐसे सारे तस्करों को चिह्नित करके गोली मारी जायेगी, चाहे वे कितना भी प्रभावशाली हों।

# झारखंड में पारा 43 डिग्री के पार, गर्मी से राहत नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में तपती गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। धीरे-धीरे ही सही, लेकिन अब सूरज की तपिश अपने चरम पर पहुंच रही है। इसका सीधा असर अधिकतम तापमान के रूप में देखने को मिल रहा। रविवार सुबह से ही तीखी सूर्य की किरणें झुलसा रही हैं। सुबह आठ बजे से लेकर शाम चार बजे तक सड़कें सुनसान रह रही हैं। पांच बजे के बाद बाजार या सड़कों पर लोगों की चहलकदमी नजर आ रही है।

रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि मौसम के मिजाज में अभी किसी तरह के परिवर्तन की उम्मीद नहीं है। अगले पांच दिनों तक बढ़ते तापमान का सामना करना ही होगा। इन पांच दिनों तक आसमान साफ रहेगा। इन दिनों हवा शुष्क और गर्म हवा चलने की संभावना जतायी गयी है। राजधानी रांची का तापमान फिर 41 डिग्री पार कर सकता है। मेदिनीनगर और जमशेदपुर का तापमान 44 डिग्री के पार जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आनेवाले पांच दिनों में बारिश और गर्म हवा के रुख में परिवर्तन होने की संभावना कम है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में गोड्डा सबसे गर्म जिला रहा। यहां का तापमान 43.7 डिग्री पहुंचा। राजधानी समेत राज्य के विभिन्न



हिस्सों में गर्मी पिछले 24 घंटों की तुलना में कम रही। तापमान में करीब एक डिग्री गिरावट हुई। रांची का अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री और न्यूनतम 26.8 डिग्री रहा। मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 42.9 और जमशेदपुर का 41.5 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि अन्य हिस्सों में भी गर्मी की स्थिति रही। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान केवल कोडरमा के कुछ हिस्से में बादल छाए रहे। तिलैया में 0.2 मिमी बारिश भी हुई। अन्य हिस्सों में मौसम शुष्क रहा।

अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान तिलैया में हल्की बारिश हुई लेकिन राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम साफ और शुष्क रहा। रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में आनेवाले पांच दिनों के दौरान भी गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

## स्नान करने के बाद बीमार पड़े भगवान जगन्नाथ, 15 दिन एकांतवास में रहेंगे

# जगन्नाथपुर मेला 20 जून से होगा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा में 10 दिनों तक चलनेवाले ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मेला 20 जून से शुरू होगा। इस मेले का समापन 29 जून को घूरती रथ यात्रा के साथ होगा। रथ यात्रा की तैयारी अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इस यात्रा को लेकर पुलिस तथा प्रशासन भी इसकी तैयारियों में जुट गयी है।



रांची के जगन्नाथपुर मंदिर में रविवार को भगवान जगन्नाथ के साथ उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की सहस्त्रधारा स्नान विधि की गयी। जगन्नाथपुर मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। ज्येष्ठ पूर्णिमा को भगवान जगन्नाथ को 108 घड़ों के ठंडे पानी से स्नान स्नान कराया गया। इसके बाद भगवान को बुखार आ गया। 15 दिनों तक भगवान जगन्नाथ को एकांत में एक विशेष कक्ष में रखा जाता है, जहां केवल उनके वैद्य और निजी सेवक ही उनके दर्शन कर सकते हैं। भगवान जगन्नाथ के मंदिर के कपाट भी बंद रहेंगे। इसके बाद 15वें दिन मंदिर के कपाट खुलेंगे और भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों को दर्शन देंगे। फिर जगन्नाथ रथ यात्रा का प्रारंभ होगा। रथ यात्रा के आरंभिक चरण में भगवान जगन्नाथ को स्नान कराया जाता है, उसके बाद रथ यात्रा निकाली जाती है।

हर साल एक बार भगवान जगन्नाथ को स्नान कराया जाता है, जिसे स्नान यात्रा भी कहते हैं। स्नान यात्रा करने के बाद 15 दिन के लिए भगवान जगन्नाथ बीमार पड़ जाते हैं। 15 दिन के लिए मंदिर को बंद कर दिया जाता है। यहां तक कि भगवान जगन्नाथ की रसोई भी बंद कर दी जाती है। भगवान को 56 भोग भी नहीं खिलाया जाता। 56 भोग की जगह भगवान को 15 दिनों तक काढ़ा का भोग लगाया जाता है। इस दौरान भगवान को आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का भी भोग लगाया जाता है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ की बीमारी की जांच करने के लिए रोजाना वैद्य भी आते हैं। भगवान को काढ़े के अलावा फलों का रस भी दिया जाता है। साथ में शीतल लेप भी रोज लगाया जाता है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मेकॉन में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। विश्व पर्यावरण दिवस 2023 आयोजन के अवसर पर एक दिन पूर्व रविवार 4 जून 2023 को मेकॉन लिमिटेड एवं इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), झारखंड राज्य केंद्र, रांची ने संयुक्त रूप से पर्यावरण की रक्षा तथा उसके संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस अवसर पर सुबह में श्यामली कॉलोनी में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इसमें मेकॉन के कर्मचारियों और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (आइ), झारखंड राज्य केंद्र, रांची के सदस्यों ने भाग लिया तथा हाथों में बैनर प्रदर्शित कर लोगों को पेड़ों और पर्यावरण को बचाने के लिए प्रोत्साहित किया। कम्युनिटी हॉल, श्यामली कॉलोनी में चौथी कक्षा तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे-धजे लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया और बीट द प्लास्टिक पॉल्यूशन' एवं 'पर्यावरण बचाओ' के संदेश का प्रचार-प्रसार किया। इसके बाद पर्यावरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विभिन्न आयु वर्गों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेकॉन के निदेशक (वाणिज्यिक) एसके वर्मा, निदेशक (वित्त) मुकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (पर्यावरण अभियांत्रिकी) राणा चक्रवर्ती तथा मेकॉन और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (आइ), झारखंड राज्य केंद्र, रांची के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए युवा पीढ़ी को प्रेरित करते हुए प्रतिभागियों के बीच पौधे बांटे गये। सोमवार, 5 जून, 2023 को मेकॉन कार्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम, पर्यावरण को बचाने की शपथ और बीट द प्लास्टिक पॉल्यूशन पर तकनीकी वार्ता आयोजित की जायेगी।

### मेडिका में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर



रांची (आजाद सिपाही)। सेवा और समर्पण के नौ वर्ष नव उत्कर्ष के साथ सबका स्वास्थ सबका बिश्वास इसी उद्देश्य के साथ रांची के बूटी मोड़ स्थित भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में रविवार को एक नि:शुल्क मेगा स्वास्थ परामर्श कैंप का आयोजन किया गया। इस हेल्थ कैंप्र में 300 से ज्यादा मरीजों को परामर्श देते हुए जरूरत के मुताबिक दवाएं भी नि:शुल्क दी गयीं। मेडिका हॉस्पिटल कोलकाता से आये वरिष्ठ नेफ्रॉलोजिस्ट डॉ दीपक पहाड़ी ने बताया कि गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के मरीजों की सेवा मेडिका हॉस्पिटल का पहला उद्देश्य है। इनके अलावे यहां के विशेषज्ञ डॉक्टर जिसमें वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉक्टर गणेश झा, न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर दीपक चंद्र प्रकाश, हृदय रोग बिशेषज्ञ डॉ रोहित और डॉक्टर दीपक, हड्डी रोग बिशेषज्ञ डॉ राकेश अग्रवाल, जनरल सर्जरी बिशेषज्ञा डॉ अंजना गांधी, पल्मोनरी बिशेषज्ञ डॉ योगेश और अन्य डॉक्टरों ने हेल्थ समस्याओं का चिकित्सकीय परामर्श नि:शुल्क दिया। साथ ही मरीजों को जरूरत के अनुसार दवाएं भी दी गयीं। इस शिविर का लाभ उठाने वाले मरीजों ने मेडिका हॉस्पिटल के प्रयासों की सराहना की और आभार व्यक्त किया. मौके पर मेडिका हॉस्पिटल के एवीपी अनिल शर्मा, ने मरीजों को भरोसा दिलाया कि मरीजों के हित हेतु ऐसी नि:शुल्क शिविर आगे भी लगता रहेगा।

### श्रीराम कथावाचक राजन महाराज आज रांची में



रांची (आजाद सिपाही)। श्री राम कथा वाचक राजन जी महाराज 5 जून को यानी आज रांची पहुंचेगें। अयोध्या से लखनऊ होते हुए रांची एयरपोर्ट पर वह दिन के 12:30 बजे पहुंचेंगे, जहां उनका भव्य स्वागत किया जायेगा। यहां से सड़क मार्ग से राजन महाराज लातेहार जायेंगे, जहां पर नि:शुल्क श्री अन्नपूर्णा भोजनालय सहित कई धार्मिक कार्यों का उद्घाटन कर उपस्थित भक्तों को आशीर्वचन देंगे। श्री राम कथा आयोजन समिति के प्रमोद सारस्वत ने आयोजन समिति के सभी धर्म प्रेमियों से 5 जून को दोपहर 12:30 बजे एयरपोर्ट पहुंचकर महाराज जी का स्वागत व अभिनंदन करने का आग्रह किया है।

### राधा रानी मंदिर की चौदहवीं वर्षगांठ पर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण



रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के कोकर चौक स्थित राधा रानी मंदिर में रविवार को भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गूंज रहा था। अवसर था मंदिर की चौदहवीं वर्षगांठ का। राधा रानी मंदिर कमिटी के राजू झा ने बताया कि पिछले चौदह वर्षों से लगातार इस मंदिर की वर्षगांठ मनायी जा रही है। कहा कि सुबह तमाम देवी देवताओं की विधिवत पूजा के बाद शाम में भक्तों के बीच खीर और फलों के रूप में महा प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान निवर्तमान डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय खुद प्रसाद का वितरण कर रहे थे। उनके साथ राजू झा, राजेश झा सहित काफी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। यहां काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद का सेवन किया।

### चार केंद्रों पर हुई जेइइ एडवांस की परीक्षा

रांची (आजाद सिपाही)। जेईई एडवास की परीक्षा रविवार को राजधानी रांची के चार केंद्रों पर हुई। यह परीक्षा आइआइटी गुवाहाटी की तरफ से आयोजित करायी गयी थी। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए देश भर से लगभग 1.95 लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। रांची में जिन चार परीक्षा केंद्रों में परीक्षा हुई, उसमें आइऑन डिजिटल जीन तुपुदाना, आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलाजी और माझी अरुनुमा टेक्निकल सेंटर सामलौंग और एसआरएस पार्क आइऑन डिजिटल जीन टाटीसिल्वे शामिल है। जेइइ एडवास की परीक्षा दो पालियों में हुई, पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 से दिन के 12 बजे तक चली, वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2.30 से शाम 5:30 बजे तक चली। चारों केंद्रों में आयोजित इस जेइइ एडवांस परीक्षा में 2768 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा कप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड यानी ऑनलाइन संचालित हुई। जेइइ एडवास में सफल होने के लिए परीक्षार्थियों को दोनों पेपर की परीक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल होना होगा।

# अमर बलिदान की अमर स्मृति है भगवान बिरसा मुंडा जेल संग्रहालय : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने पार्टी द्वारा आयोजित विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत रांची के पुराना जेल भवन स्थित भगवान बिरसा मुंडा पार्क एवं संग्रहालय का भ्रमण किया। इस अवसर पर रांची के लोकप्रिय विधायक पूर्व मंत्री, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर के अध्यक्ष केके गुप्ता, रांची जिला के प्रभारी सह प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, संचालन कर्ता महामंत्री वरुण साहू, धन्यवाद ज्ञापन कर्ता बलराम सिंह, कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र सिंह पटेल, राकेश भास्कर, शोभा यादव, बसंत दास, चंद्रप्रकाश, अरविंद सिंह पिंटू, अनिता वर्मा, सुजाता सिंह, आनन्द वर्मा, सुवेश पांडेय, सुजीत शर्मा, दीपक साह, निलेश सिंह, सूर्यप्रताप, सुभाष अग्रवाल, कुमार उत्कर्ष अन्य उपस्थित रहें।




प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि यह ऐतिहासिक शहीद स्मारक झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता केलिए तीर्थ स्थल के समान है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा के डबल इंजन की सरकार ने इसे विकसित और महिमा मंडित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भगवान बिरसा के शहादत स्थल को ही विकसित नहीं किया बल्कि उनकी जन्म तिथि को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाकर पूरी दुनिया में झारखंड का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा का बलिदान केवल अंग्रेजी दासता के खिलाफ नही बल्कि झारखंड की संस्कृति और पहचान को नष्ट करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ था। उन्होंने कहा आज भी झारखंड की पहचान और संस्कृति को चोट पहुंचाने वाले तत्व सक्रिय है। कहा कि ऐसे तत्वों के मंसूबों को विफल करना ही भगवान बिरसा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा संग्रहालय सचमुच एक तीर्थ स्थल है, क्योंकि यहां आने से देश के स्वाभिमान के लिए अपने प्राणो की बली देने वाले भगवान बिरसा मुंडा जी की अमित स्मृतियां याद आती है यहां सबको आना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार ने पुरे शहर को विकास कार्यो से चमकाने का कार्य किया वही दूसरी ओर हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में अब तक सर्फ जनता को धोखा देने का काम किया गया। युवा, महिला, किसान, व्यापारी, हर वर्ग को हेमन्त सरकार ने सिर्फ ठगने का कार्य किया। सारी नगरीय सुविधा इस सरकार में चरमरा गयी है।

# सुजीत कुमार केसरी की पुस्तकों का लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को नागपुरी संस्थान शोध और प्रशिक्षण केंद्र पिठोरिया के सभागार में रविवार को सुजीत कुमार केसरी की लिखी पांच पुस्तकों के लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ बीपी केशरी की तस्वीर पर अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण कर की गयी। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर और आदी प्रकाश उरांव के स्वागत गीत से किया गया। स्वागत भाषण अभिनव केशरी ने दिया। विषय प्रवेश कराते हुए डॉ शकुंतला मिश्र ने कहा कि नागपुरी संस्थान की स्थापना के पीछे डॉ बीपी केशरी की इच्छा थी कि पिठोरिया शिक्षा-साहित्य-शी का कैट बने। आज यह सपना साकार हो रहा है। तत्पश्चात सुजीत कुमार



केशरी की पांच कृतियों कहानी पिठोरिया की, ऐतिहासिक गांव सुतिया, अब इन टूटे तारों से कौन करेगा प्यार, सब कुछ लुटा तो लुटाना सीखा (चारों झारखंड झरोखा रांची से प्रकाशित) और भारतीय संस्कृति में अंक का महत्व (नागपुरी संस्थान पिठोरिया से प्रकाशित) का लोकार्पण अतिथियों के कर कमलों से संपन्न हुआ। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए लेखक सुजीत कुमार केसरी ने कहा कि ऐसे ही आप सबका आशीर्वाद मिलता रहे, जिससे लेखन की यह कड़ी हमेशा आगे बढ़ती रहे। इस कार्यक्रम में आप सबने अपना मूल्यवान समय दिया, इसके लिए सभी लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद। कार्यक्रम में विश्वनाथ प्रसाद, डॉ राम प्रसाद खालिद अहमद, डॉ सुखदेव, डॉ संजय षाड़ंगी, डॉ राम कुमार, डॉ आलम आरा, संतोष भगत, राजेश कुमार और सुरेंद्र कुमार के अलावे विद्यार्थी मोधार्थी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# एक्वा वर्ल्ड में कार्टून संडे का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पेपा पिग,छोटा भीम, डोनाल्ड डक, मिकी माउस, पोकीमॉन शिनचेन, टॉम एंड जेरी के नाम रहा सुपर संडे एक्वा वर्ल्ड, मछलीघर के द्वारा आयोजित किए जा रहे समर हॉलिडे कार्यक्रमों के सुपर संडे श्रृंखला में आज 'कार्टून संडे' पर स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चे मिकी माउस, पोकीमॉन, छोटा भीम,डोनाल्ड डक,लिटल कृष्णा,लिटिल सिंघम,आदि बन कर आए थे। कार्टून कैरेक्टर से जुड़े सवालों पर आधारित क्विज टाइम भी हुआ। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस



अवसर पर एक्वा वर्ल्ड में एक 'कार्टून सेल्फी प्वाइंट' भी बनाया गया था।बच्चों ने भी कार्टून कैरेक्टर के साथ खूब सेल्फी ली। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने जमकर डांस का धमाल मचाया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव और को चेयरपर्सन डॉ विद्या झा उपस्थित थी।संचालन श्रेया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में निदेशक गण सत्यप्रकाश चंदेल, सुमित, संतोष ,धीरज,हसन,आदि का योगदान रहा।

**कार्टून क्विज के विजेता :** सौरभ, हर्षिता, रुद्रा ,नायरा, सार्थक कृष्णा, अताशी ,निमेश, मानसा, सामिया।

# शिक्षा गौरव सम्मान समारोह 2023 का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** होटल रेडिसन ब्लू में ग्लोबल एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा शिक्षा गौरव सम्मान समारोह 2023 का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जैक बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो जी मौजूद रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर जेवीएम श्यामली के प्रिंसिपल समरजीत जना सर मौजूद थे, अतिथि के तौर पर डीएवी बरियातू के प्रिंसिपल विनय कुमार पांडे और फिरायलाल स्कूल के प्रिन्सिपल नीरज कुमार सिन्हा मौजूद रहे। सभी लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्य अतिथि जैक बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो जी ने जब अपना संबोधन शुरू किया तब पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

मौके पर अनिल कुमार महतो जी ने कहा कि हमारे बच्चे कहीं से भी कमजोर नहीं है, हमारे यहां से पास आउट बच्चों का बिट्स पिलानी में सीधे एडमिशन होता है। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे गरीब हो सकते हैं, जंगली हो सकते हैं , अंग्रेजी बोलने में कमजोर हो सकते हैं, लेकिन पढ़ाई में कमजोर नहीं हो सकते। वहीं उन्होंने जेवीएम




श्यामली के प्रिंसिपल समरजीत जना के स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी शुरू करने के सवाल पर कहा कि क्रिकेट थोड़ा महंगा कोर्स होता है हमारे जैक के बच्चे शायद अफोर्ड नहीं कर पाएंगे, बावजूद इसके हमारे बच्चे अन्य स्पोर्ट्स में कहीं से भी पीछे नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे बच्चों में बस कम्युनिकेशन स्किल की थोड़ी प्रॉब्लम होती है, उन्होंने कहा कि पहले मैं सोचता था कि क्यों जैक बोर्ड के बच्चे 50 फीसदी और 60 फीसदी मार्क्स तक सिमट कर रह जाते हैं फिर मैंने सोचा कि क्यों ना हम भी सीबीएसई पेटर्न फॉलो करें, जब हमने यह पैर्टन फॉलो करना शुरू किया, तब आज हमारे बच्चे भी 90 से 99 फीसदी मार्क्स तक पहुंच गए हैं। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए ग्लोबल एजुकेशन फाउंडेशन के संचालक गौरव राजपूत को धन्यवाद दिया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद डीएवी श्यामली के प्रिंसिपल समरजीत जना जी ने कहा कि हमें सीखना कभी भी बंद नहीं करना चाहिए, सीखने की क्षमता हमें हमारे भविष्य की ओर ले जाती है। मैं बहुत खुश हूं कि हमारे बच्चे इतना अच्छा कर रहे हैं और इस तरह के कार्यक्रम से एक ही मंच पर बच्चों को अपने करियर को समझने में मदद मिलेगी। वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम में मौजूद अतिथि डीएवी बरियातू के प्रिंसिपल विनय कुमार पांडे जी ने सभी बच्चों की हौसला अफजाई की और इस तरह के कार्यक्रम के लिए गौरव राजपूत जी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मुझे यहां आकर बहुत ही अच्छी अनुभूति हुई है। वहीं फिरायलाल स्कूल के प्रिन्सिपल नीरज कुमार सिन्हा जी ने अपने सम्बोधन में कहा की यह बेहद ही बेहतरीन पल है,जब हम एक ही मंच पर इतने प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित कर रहे हैं।

वहीं इस बार मौके पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के वीसी, ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी के प्रिंसिपल, ग्राफिक एरा व अन्य यूनिवर्सिटी के लोग भी शामिल हुए। एक-एक कर हर स्कूल के 75 फीसदी से ज्यादा अंक लाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। डीएवी श्यामली से लेकर उर्स लाइन कॉलेज तक के बच्चें सम्मान पाकर उत्साहित दिखें। करीब 800 से भी ज्यादा बच्चों को मंच पर मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जैक बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड और आईसीएसई तीनों संकाय के स्टूडेंट्स जिन्होंने 75 फीसदी मार्क्स प्राप्त किये थे, उन्हें यह सम्मान मिला।

वहीं कार्यक्रम के संचालक और ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव राजपूत ने कहा कि हम हर साल इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करते हैं, हमें बेहद खुशी है कि साल दर साल बच्चों का इस कार्यक्रम में रूझान बढ़ रहा है, क्योंकि यह कार्यक्रम सिर्फ बच्चों को सम्मानित करने के लिए नहीं है बल्कि उन्हें उनके करियर के प्रति जागरूक करने के लिए भी है। ताकि करियर काउंसलिंग के जरिये वह अपने भविष्य को निखार सकें। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिकतक करने वाले गोल संस्थान के हेड काली प्रसाद सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम आज के शिक्षा जगत के लिए बहुत मायने रखता है। जिस तरह से हमारा गोल संस्थान बच्चों के भविष्य के लिए सोंचता है ठीक उसी तरह यह कार्यक्रम भी बच्चों को भविष्य के लिए ही है। छात्रों को इस कार्यक्रम से कैरियर काउंसलिंग कभी मौका मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन के संचालक गौरव राजपूत, गोल इंस्टीट्यूट के हेड काली प्रसाद सिंह, प्रेजीडेंसी यूनिवर्सिटी बंगलोर व अन्य लोग मौजूद रहे।

# पंडित बन कर दो ठगों ने बुजुर्ग महिला से सोने की चेन, अंगूठी-बाला ठग कर फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में इन दिनों पंडित के भेष में ठग घूम रहे है और महिलाओं को शिकार बना उनसे लाखों के जेवरात की ठग कर फरार हो जा रहे है। ऐसा ही मामला डोरंडा थाना क्षेत्र के हिनू चौक स्थित पुलिस सहायता केंद्र के पास 29 मई की सुबह घटी। जब दो ठगो ने मिलकर एयरपोर्ट हिनू रोड की रहने वाली एक महिला पार्वती देवी से लाखों रुपये के सोने के चेन,अंगूठी और उनका बाला ठग फरार हो गये। इस संबंध में पार्वती देवी के उनके दामाद मुकुंद कुमार ने डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है, लेकिन प्राथमिकी दर्ज होने के तीन दिन बाद भी उन ठगों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है, ताकि उन दोनों ठगों का पता चल सके।

**मंदिर से लौटने के क्रम में फंसाया अपने जाल में :** पार्वती देवी ने पुलिस को बताया कि 30 मई की सुबह 7.10 बजे वह हिनू महावीर मंदिर से दर्शन कर अपने घर लौट रही थी। उसी दौरान हिनू चौक के पास स्थित पुलिस सहायता केंद्र के पास जैसे ही वह पहुंची एक नीले रंग का शर्ट पहले व्यक्ति उनके पास आया। उसने कहा कि वह शाला नाम की महिला को जानती है क्या। पार्वती देवी ने कहा : नहीं। फिर उसने कहा कि आप लगता है कि काफी अस्वस्थ रहती हैं। घर में भी काफी परेशानी है। आगे उसने कहा कि वह बनारस का पंडित है। वह लोगों की समस्याओं को दूर करते है। आप भी अपनी समस्या का निदान करवा सकती है। ठग ने पार्वती देवी को अपने झांसे में ले लिया।

# डेवलपमेंट जरूरी है पर सस्टेनेबल डेवलपमेंट : प्रो तपन कुमार शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूल डॉ राम दयाल मुंडा द्वारा लिखित कहानी कथन सालवन के अंतिम साल की जिसका नाट्य रूपांतरण रंगदर्पण, रांची ने किया था, उसे डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर की शिक्षक टीम ने निर्देशित किया है। दरअसल यह साल के जंगल के उस आखिरी साल के पेड़ की दास्तान है जिसे मानव के 21वीं सदी के कंक्रीट फैक्ट्रियों वाली विकास का भेंट चढ़ना है। नाटक छोटी है। पर सन्देश गहरे हैं। और इसके कई तल हैं। ठीक उसी प्रकार जैसे इन तेजी से खत्म हो रहे जंगलों के पीछे कई चेहरे हैं - नेता, अफसर , उद्योगपति और उससे भी ज्यादा जंगलों के बीच रहने वाले हम ही लोगों के बीच से कुछ बिचौलिए । जो मोटरसाइकल या कार जैसी छोटी छोटी जरूरतों के लिए अपने ईमान को बेचकर जंगल की अवैध कटाई में साथ दे रहे हैं। इन सबके बीच पेड़ की अपनी वेदना है ,जिसे कलाकारों ने सुनने का प्रयास किया है और जीवंत किया है। जंगल खत्म हो रहे। साथ में खत्म हो रहे, इन जंगलों में रहने वाले मासूम पशु पक्षी। नाटक उनके प्रति भी संजीदा है। पूर्ण रूप से नाटक झारखण्ड की प्रकृति प्रेमी समाज की ओर से



असन्तुलित विकास के खिलाफ एक छोटी सी मैनिफेस्टो बन कर उभरती है।

इस नाटक के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अथिति मौजूद रहे विश्वविद्यालय के कुलपति और अर्थशास्त्री प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि डेवलपमेंट जरूरी है पर सस्टेनेबल डेवलपमेंट। हमें विकास के ऐसे मॉडल खड़े करने हैं ,जो वन आधारित अर्थव्यवस्था को अवरुद्ध न करे। झारखण्ड के झाड़ जगंल झरने ही इसके वरढ हैं। हमें चाहिए कि नार्थ ईस्ट के तर्ज पर झारखण्ड में झारखण्ड में टूरिज्म इंडस्ट्री बढ़े ,जिससे इनके जंगलों पहाड़ और झरनों को संरक्षित करने में जहां एक ओर बल मिलेगा, दूसरी ओर टूरिज्म से वर्ष भर रोजगार भी मिलेगा। हाल में बाजार का स्वरूप बदला है। मॉल कल्चर तेजी से आया। पर अब ई कॉमर्स कल्चर आया है। ये एक बेहतरीन मॉडल है।

वनोपज से अपनी आजीविका चलाने वाले यहां के पूर्वजों की वनोत्पाद और हस्तकला से निर्मित प्रोडक्ट्स की ई बाजार में मार्केटिंग हो तो स्थिति भी सुधरेगी और विकास से अलग हट कर भी काम हो सकेगा। साथ में उन्होंने विश्विद्यालय में नाट्यकला के विकास के लिए ड्रामाटिक सोसायटी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

मौके पर मौजूद विश्वविद्यालय की पी आर ओ डॉ राजेश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय को इस मंच से कई बेहतरीन कलाकार मिले हैं। जो पूरी उम्मीद है कि नेशनल जोनल लेवल पर होने वाले थिएयर प्रतियोगिताओं में अपना परचम लहरायेंगे।

डॉ विनय भरत और सौरभ मुखर्जी सह- निर्देशित इस नाटक के सभी कलाकार डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर के थे, जिनमें प्रमुख थे ई एल एल विभाग के शिक्षक कर्मा कुमार (पुजारी), छात्र आयुषी भद्रा (साल पेड़), अनामिका सोरेन (ग्रामीण), अंजलि राधारानी ( नेता की बेटी), कोमल कुमारी (अफसर 2), सुमंत कुमार (नेता), मन्त्रेश कुमार (प्रमुख अफसर), आकाश प्रमोद शर्मा (ग्रामीण युवक) ने अपने पत्रों को जीवंत किया।

पर्दे के पीछे ई एल एल विभाग की शिक्षिका श्वेता गौरव और शुभांगी रोहतगी ने रूप सज्जा और स्टेज सेट- अप में अपनी भूमिका निभाई। साथ ही नेपथ्य में रैंसम सिंह ( संगीत) , प्राची सिंह, ओंकार मेहता, मोहन कुमार महतो, निशांत रंजन , मानसी विश्वास, पीयूष कुमार, सुमित कुमार, अनीष ,शुभम , अमन कुमार साहू अमन ठाकुर , ऋषिता कुमारी, प्रिया कुमारी ,अर्चना कुमारी ,अभिलाषा कश्यप, स्टाफ जितेंद्र ने अपनी अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर शिक्षक अब्दुल बसी (उर्दू), मो रियाज हसन (केमिस्ट्री) , पारितोष माजी (बी एड), मनीषा शाहदेव (राजनीति विज्ञान), रेखा चौधरी (सोशियोलॉजी), श्रीमित्रा (संस्कृत), नैनी मिश्रा (जर्नलिज्म) , गुड़िया कुमारी (दर्शन विभाग), दशमी ओरिया (मुंडारी), शुभ्रा (इतिहास) मौजूद थे।

# बिजली दर और फिक्स चार्ज में वृद्धि गलत : लंबोदर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने रविवार को बिजली दर और फिक्स चार्ज में की गयी वृद्धि को जनहित के विरुद्ध करार दिया है। उन्होंने कहा कि राज्यभर में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। इसके बावजूद बिजली दर में वृद्धि कर लोगों को जोर का झटका दिया गया है।

उन्होंने कहा कि शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र, दिन हो या रात, हर घंटे बिजली कटती है। भीषण गर्मी में यह असहनीय हो जाती है। लोगों को निर्बाध रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली कटने से लोगों को रतजगा करना पड़ रहा है। इससे लोगों की दिनचर्या पर बुरा असर पड़ रहा है। कई स्थानों पर बिजली के नाम पर लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। लो वोल्टेज की वजह से पंखा चल नहीं रहा है और जलापूर्ति भी नहीं हो रही है। कहीं-कहीं तो तकनीकी खराबी आने पर मेंटेनेंस के नाम पर अलग से बिजली कटौती की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था की स्थिति खराब है।

इस भीषण गर्मी में बिजली की कटौती से जहां लोग बेहाल हैं, वहीं उद्योग धंधे भी प्रभावित हो रहे हैं। बिजली की आंख मिचौली के बीच ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत भी आ रही है। जल संकट भी बना हुआ है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं की प्रतिभा का हुआ सम्मान



**पंख भी है उड़ान भी है हौसलों में जान भी है इन फड़कती भुजाओं में आसमां छूने का अरमान भी है :काले**

**शिक्षा का सम्मान होना चाहिए और फेडरेशन करती रहेगी : सतनाम गंभीर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने प्रतिभावान बच्चो को यंग अचिवर्स अवार्ड से सम्मानित करते हुए कहा कि पंख भी है उड़ान भी है हौसलों में जान भी है इन फड़कती भुजाओं में आसमां छूने का अरमान भी है। उन्होंने सभी प्रतिभाशाली बच्चों को बधाई दी। वे ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन द्वारा छात्रों के सम्मान में आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को सम्बोधित कर रहे थे। रविवार की शाम को बिष्टुपुर गुरुद्वारा साहिब परिसर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में आइसीएसइ एवं सीबीएसई में अव्वल आये सिख बच्चो को मोमेंटो ओर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे अमरप्रीत सिंह काले का स्वागत करते हुए फेडरेशन अध्यक्ष सतनाम सिंह गंभीर ने शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान अव्वल आये बच्चो को मुख्य अतिथि अमरप्रीत सिंह काले एवं सतनाम सिंह गंभीर ने मोमेंटो ओर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

समारोह के आयोजनकर्ता सतनाम सिंह गंभीर ने कहा कि शिक्षा का सम्मान आवश्यक रूप से होना चाहिए और फेडरेशन छात्रों का सम्मान आगे भी करती रहेगी। मोहिंदर सिंह भुईं ने कहा कि प्रतिभावान बच्चो का सम्मान और हौसला अफजाई बहुत जरूरी है। बिष्टुपुर गुरुद्वारा के अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने कहा की विद्यार्थियों की प्रतिस्पर्धा खुद अपने आप से करनी चाहिए यही जज्बा उनको सफलता दिला सकता है। बिस्टुपुर गुरुद्वारा के महासचिव त्रिलोक सिंह ने फेडरेशन की पूरी टीम को बधाई दी, जबकि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अमरजीत सिंह भामरा इंदरजीत सिंह पनेसर, इंदरपाल सिंह, मनमीत लूथरा, मंजीत सिंह गिल अमरजीत सिंह, अवतार सिंह, इंदरपाल सिंह, सरबजीत सिंह भुल्लर मनप्रीत सिंह प्रीतपाल सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# दैनिक जीवन में पर्यावरण का महत्व

हम हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाते हैं। आने वाले 21 जून को हम विश्व योग दिवस मनायेंगे। पर योग की आवश्यकता क्या एक दिन ही होती है? स्वस्थ रहने के लिए तो नियमित दैनिक योगाभ्यास करना चाहिए। इसी प्रकार से पर्यावरण दिवस एक दिन मना कर हमारी जिम्मेदारी पूर्ण नहीं होती, अपितु हम अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण का महत्व समझें और पर्यावरण संरक्षण की पूरी कोशिश करें। केवल औपचारिकता मात्र से हम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकते और लक्ष्य है क्या? जहां तक पर्यावरण संरक्षण की बात है, तो लक्ष्य यह है कि यह ब्रह्मांड हमें जिस सुंदर अवस्था में मिला था, उससे अधिक सुंदर बना कर हम इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए छोड़ कर जायें। अगर अधिक सुंदर न बना सकें तो कम से कम इसे खराब तो न करें। इसके लिए प्रत्येक नागरिक को-देश, विश्व और आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपना योगदान क्रियात्मक तौर पर देना होगा। उदाहरण के तौर पर हर कोई मानता है कि पॉलीथीन और प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बड़े घातक हैं। सरकारें कानून तो बना सकती हैं, परंतु उनको लागू करने में व्यक्ति और समाज का योगदान अति आवश्यक है। हम अक्सर यह चर्चा करते और सुनते हैं कि आने वाले समय में शुद्ध जल की बड़ी गंभीर समस्या होगी और कई बार तो यह कहा जाता है कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए होगा, परंतु क्या हम अपने दैनिक जीवन में जल बचाने का प्रयास करते हैं? क्या प्रातः ब्रश करते समय या शेव करते हुए हम पानी का नल व्यर्थ में चलता तो नहीं रहने देते? नहाने में या अन्य उपयोग में थोड़ा-थोड़ा पानी बचाना जल संरक्षण के प्रति हमारा योगदान हो सकता है। जल संरक्षण के लिए वर्षा जल का संचय करना अनिवार्य होना चाहिए। जल संरक्षण कार्यों के अनुश्रवण और मूल्यांकन करने हेतु एक राज्य स्तरीय टास्क फोर्स होनी चाहिए। सरकारी और गैर-सरकारी भवनों, होटलों, उद्योगों में वर्षा जल को संग्रहण करने के लिए टैंक निर्मित होने चाहिए, यह अनिवार्य हो। इसके बिना किसी सरकारी अथवा गैर-सरकारी भवन का नक्शा स्वीकृत नहीं होना चाहिए। पन-विद्युत परियोजनाओं के लिए जब पानी डायवर्ट किया जाता है, तब भी मुख्य नदी को पारिस्थितिकी का रख-रखाव ठीक प्रकार से करने के लिए 15 प्रतिशत पानी का बहाव मुख्य नदी में अनिवार्य हो। जहां भी प्रोजेक्ट निर्माण हो, भवन निर्माण हो या सड़क निर्माण वहां पर पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए डंपिंग साइट का चयन काम शुरू होने से पहले हो और पर्यावरण संरक्षण के लिए बताये गये कदमों को लागू करवाने की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों की हो और लापरवाही के मामले में उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी मानी जाये। ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने के लिए कोयले व अन्य ईंधन, जीवाश्म ईंधन के जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध हो। कुछ छोटे-छोटे सुझाव हैं जो हम व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक तौर पर सहयोग करके पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। जैसे हम स्वयं पॉलीथीन और प्लास्टिक के कैरी बैग्ज का उपयोग पूर्ण रूप से बंद कर दें।

**जल संरक्षण के लिए वर्षा जल का संचय करना अनिवार्य होना चाहिए। जल संरक्षण कार्यों के अनुश्रवण और मूल्यांकन करने हेतु एक राज्य स्तरीय टास्क फोर्स होनी चाहिए। सरकारी और गैर-सरकारी भवनों, होटलों, उद्योगों में वर्षा जल को संग्रहण करने के लिए टैंक निर्मित होने चाहिए, यह अनिवार्य हो।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सतत विकास केवल एक पर्यावरणीय चिंता नहीं है; यह वह दृष्टिकोण है, जिसके माध्यम से आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन भी हमारे सामने आता है। छोटे किसानों पर विचार करें। भारत फलों और सब्जियों के क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन इस उत्पादन का एक अनुमान के मुताबिक 5-16 प्रतिशत सालाना बर्बाद हो जाता है। हालांकि, नवीकरणीय ऊर्जा से परिचालित आजीविका उत्पादों के साथ, बदलाव के उदाहरण जमीन पर स्पष्ट होने लगे हैं।**

# भारत के सतत विकास की गाथा, संस्थानों और उनके कार्यों से संबंधित है

**अरुणाभ घोष**



सतत विकास के लिए नीतियों की जरूरत होती है, लेकिन इसके लिए लोगों की भी आवश्यकता होती है। जब तक हम ऊर्जा स्रोतों में बदलाव और सतत विकास को लोगों के करीब नहीं लायेंगे, तब तक हम पर्यावरण-अनुकूल और जनहितैषी प्रभाव तथा कार्यक्रमों के सतत संचालन से जुड़ी सामुदायिक कार्रवाई के लिए आवश्यक कठोर निर्णयों के प्रति दीर्घकालिक सामाजिक समर्थन प्राप्त नहीं कर सकते। यही कारण है कि, जब भारत के सतत विकास से जुड़ी पहलों की बात आती है, तो शब्दों से अधिक कार्रवाई में ही स्पष्टता दिखती है।

सतत विकास केवल एक पर्यावरणीय चिंता नहीं है; यह वह दृष्टिकोण है, जिसके माध्यम से आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन भी हमारे सामने आता है। छोटे किसानों पर विचार करें। भारत फलों और सब्जियों के क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन इस उत्पादन का एक अनुमान के मुताबिक 5-16 प्रतिशत सालाना बर्बाद हो जाता है। हालांकि, नवीकरणीय ऊर्जा से परिचालित आजीविका उत्पादों के साथ, बदलाव के उदाहरण जमीन पर स्पष्ट होने लगे हैं। आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव मुसलरेड्डीगरीपल्ली में, महिलाओं के समूह बैंगन, टमाटर, करेला और केले को बर्बाद होने से बचाने के लिए, सौर ऊर्जा संचालित ड्रायर में सुखाकर हर महीने लगभग 3.5 लाख रुपये अर्जित कर रहे हैं। जब सबसे कमजोर और वंचित समुदाय अपने जीवन और आजीविका, नए बाजार तथा व्यवसायों से संबंधित अवसरों को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर स्थायी समाधानों को प्रदर्शित करने में सक्षम होते हैं, तो इसे राष्ट्रीय नीति रूपरेखा में शामिल किया जाता है। भारत अब आजीविका के लिए नवीकरणीय ऊर्जा संबंधी नीति बनाने वाला पहला देश है।

**भारत ने घोषणा की है कि हरित विकास; 2047 तक एक विकसित देश बनने की उसकी यात्रा के सात स्तंभों में से एक होगा।**

इस तरह के कार्यों के माध्यम से, इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से,सतत विकास के लिए भारतीयो की दृष्टि में बदलाव हुए हैं। इसके तीन घटक हैं, जो वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के लिए एक हरित और समावेशी अर्थव्यवस्था की रूपरेखा के रूप में कार्य कर सकते हैं।

पहला, विकास को नागरिक केंद्रित बनाना। चाहे वह सौभाग्य योजना हो, जिसने लगभग 100 प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण सुनिश्चित किया है, या उज्जवला योजना हो, जिसके तहत स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए 9.5 करोड़ एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, या स्मार्ट मीटर की शुरूआत हो, जो वास्तव में लोगों के हाथों में ही बिजली-आपूर्ति के संचालन की सुविधा देता है। भारत ऊर्जा-स्रोतों में बदलाव को एक घरेलू कार्य बना रहा है। उजाला योजना, जिसका उद्देश्य एलईडी प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण करना है, सालाना लगभग 3.9 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को बचाने का प्रबंधन कर रही है। इसके साथ, जल जीवन मिशन ने 8 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति की सुविधा दी है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत प्रगति हो रही है, जिसके अंतर्गत 2026 तक चुनिंदा शहरों में अति सूक्ष्म कण वायु प्रदूषण को 40 प्रतिशत तक कम करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, एकल-उपयोग प्लास्टिक पर अंकुश लगाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन आदि ऐसे उदाहरण हैं, जो दिखाते हैं कि कैसे सतत विकास से जुड़े बड़े पैमाने के कार्यक्रम भी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं।

जब हम इस तरह के नागरिक-केंद्रित पहलों का विस्तार करते हैं, तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि घरों से वास्तविक समय पर और उच्च गुणवत्ता युक्त डेटा प्रवाह को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है एवं तकनीकें और संबंधित योजनायें जमीन पर काम कर रहीं हैं। ऐसी योजनाओं के कार्यान्वयन के संबंध में, शासन के सभी स्तरों के अधिकारियों को लोगों से समय-समय पर प्रतिक्रिया लेने की आवश्यकता है।

दूसरा, अर्थव्यवस्था-केंद्रित कार्यक्रमों के माध्यम से सतत विकास को बड़े पैमाने पर गति देना। 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन तक पहुँचने के लिए, भारत की ऊर्जा प्रणाली और आर्थिक संरचना दोनों को बदलने की आवश्यकता है। यह पहल, यहां कई मोर्चों पर आगे बढ़ रही है। देश में अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी नवीकरणीय और सौर ऊर्जा स्थापित क्षमता है। सीईईडब्ल्यू, एनआरडीसी और एससीजीजे के विश्लेषण के अनुसार, भारत का नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र 2030 तक 10 लाख लोगों को रोजगार देगा। भविष्य के इस कार्यबल को प्रशिक्षित करने के लिए, स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स कर्मचारियों को हरित व्यवसायों और सेवाओं के लिए प्रशिक्षण दे रही है। ग्रामीण भारत भी इस बदलाव से अछूता नहीं है। वितरित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों के पास 4 लाख करोड़ रुपये का बाजार अवसर है और ये जमीनी स्तर पर महिलाओं को सीधे सशक्त बना रहे हैं। इसी तरह, पीएम-कुसुम योजना, जिसके तहत अक्टूबर 2022 तक 1.5 लाख सिंचाई पंपों को सौर ऊर्जा परिचालित बनाया गया है, का उद्देश्य किसानों के सिंचाई बिलों को कम करते हुए उनकी आय में वृद्धि करना है। जैसे-जैसे दुनिया जीवाश्म ईंधन से दूर जा रही है, हम भविष्य के ईंधन, विशेष रूप से हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी बड़े कदम उठा रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के साथ, भारत विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता से समझौता किए बिना, उर्वरक और इस्पात जैसे भारी उद्योगों को कार्बन-उत्सर्जन मुक्त बनाने के लिए हरित हाइड्रोजन का उपयोग कर सकता है।ये वास्तव में भारत की शहरी और कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बड़े कदम हैं। हालांकि, उनकी वास्तविक क्षमता के उपयोग के लिए इन कदमों की बड़े पैमाने पर विस्तार करने की आवश्यकता है, जिनमें शामिल हैं - विनिर्माण के क्षेत्र में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (विशेष रूप से केवल स्वच्छ तकनीकी उत्पादों की जोड़ने के बजाय उच्च मूल्यवर्धन पर ध्यान केंद्रित करना), पूंजी सहायता में वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं का विविधीकरण और खरीदारों के लिए प्रोत्साहन (फेम जैसी योजना, जो इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है) आदि।

तीसरा, भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सतत विकास से जुड़े पहलों को मजबूत कर रहा है। 2015 में भारत और फ्रांस द्वारा शुरू किए गए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) को सौर ऊर्जा की कीमतों को कम करने, सकल मांग को कम करने और 115 हस्ताक्षरकर्ता देशों के बीच सहयोगी अवसर पैदा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसी तरह, 2019 में भारत द्वारा लॉन्च किया गया आपदा-रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों का सामना कर रहे क्षेत्रों में सहनशील अवसंरचना के निर्माण को बढ़ावा दे रहा है। अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के तहत, भारत की योजना 2030 तक वन आच्छादित क्षेत्र के माध्यम से 2.5-3 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड का कार्बन सिंक बनाने की है। आर्द्रभूमि के प्रबंधन में सुधार (जलवायु जोखिमों को कम करने में उनकी भूमिका सहित) और जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए जा रहे हैं। मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में पार्टियों के सम्मेलन की मेजबानी करते हुए भारत ने 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने की भी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

अंत में, मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) के माध्यम से, भारत ने सतत विकास के लिए सतत खपत को विचार-विमर्श के केंद्र में रखा है। इसने न केवल अपने नागरिकों, बल्कि अन्य देशों के लोगों के लिए भी के लिए एक चुनौती पेश की है, जो एक चक्रीय अर्थव्यवस्था के लिए व्यवहार को बढ़ावा देने, बाजारों को सक्षम करने एवं आकांक्षाओं को फिर से परिभाषित करते हुए; अर्थव्यवस्था को विकसित करने और जीवन के अवसरों और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने से संबंधित है।

भारत ने घोषणा की है कि हरित विकास; 2047 तक एक विकसित देश बनने की उसकी यात्रा के सात स्तंभों में से एक होगा। पहले प्रदूषण फैलाने और बाद में सफाई करने का आसान रास्ता चुनने के प्रलोभन के बावजूद; कैसे रोजगार, विकास और स्थायित्व एक साथ चल सकते हैं, को प्रदर्शित करने के लिए, देश कठिन विकल्पों का चयन कर रहा है। लेकिन जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के नुकसान और प्रदूषण - पृथ्वी के इस तिहरे संकट से अकेले मुकाबला नहीं किया जा सकता है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग, नियमों का पालन, प्रतिबद्धताओं की पूर्ति, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों का सह-विकास और कम लागत पर अधिक पूंजी तक पहुंच की सुविधा की आवश्यकता है। अंततः इस सतत विकास की गाथा का जादू, हमेशा लोगों, समुदायों को जिम्मेदारी-संचालन वापस देने में निहित रहेगा।

**(लेखक : पर्यावरण और जल परिषद के सीइओ हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# 2024 में फिर झामुमो की ही सरकार बनेगी : सनंद आचार्य



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सरायकेला नगर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक सरायकेला परिसदन में आयोजित की गयी। रविवार को झामुमो नगर अध्यक्ष सूर्यराज सिंहदेव उर्फ बड़ा बाबू सिंहदेव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झामुमो केंद्रीय सदस्य सुधीर महतो और विधायक प्रतिनिधि सनंद आचार्य उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से झामुमो नगर कमेटी सरायकेला का विस्तार किया गया। झामुमो नगर कमेटी का विस्तार करते हुए राजेंद्र मोहंती उर्फ लिपू मोहंती को सचिव, सपन कामिला, मनबोध दारोघा एवं अजंबर मुखी को उपाध्यक्ष, रविशंकर मोहंती को संगठन सचिव, गोविंद डोगरा को कोषाध्यक्ष एवं दाशरथी परिक्षा को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। वही सुमन सागर पति, वासुदेव आचार्या, अनूप मुखी, पार्थो मोहंती, राम ज्योति रजक, जयपाल मुंडरी, पप्पू मोहंती, मनोरंजन दारोघा, प्रदीप प्रमाणिक, बिजू मोदक, राम राय हेंब्रम, साबिर हुसैन एवं सुखराम मुंडा को नगर समिति सदस्य बनाया गया। मौके पर नगर अध्यक्ष सूर्यराज सिंहदेव ने कहा कि केंद्रीय कमेटी और जिला कमेटी के निदेर्शानुसार सरायकेला नगर कमेटी जनहित के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सनद आचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि जल्द ही सदस्यता अभियान चलाया जायेगा, जिसमें बूथ सशक्तिकरण करते हुए प्रत्येक बूथ से 5 गुणा अधिक सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा वर्तमान में राज्य के मंत्री चंपाई सोरेन के पहल पर जिले में विकास तेजी से बढ़ रही है। जन-जन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही है। अब विपक्ष के पास मिशन 2024 के लिए ना तो कोई उम्मीदवार है और ना ही कोई मुद्दा शेष बचा है। इसलिए झामुमो मिशन 2024 को अपने पक्ष में निर्विरोध मानते हुए जन-जन के हित में समर्पित होकर कार्य करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास झंडा पकड़ने वाले भी नहीं बचेंगे। राज्य में फिर से 2024 में झामुमो की सरकार बनेगी।

## झामुमो कार्यसमिति की बैठक में सदस्यता बुक का वितरण

# प्रखंडों में लगेगा प्रशिक्षण शिविर: रामदास सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर के निर्मल गेस्ट हाउस में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्वी सिंहभूम जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गयी। रविवार को घाटशिला विधायक सह जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन के नेतृत में आयोजित बैठक में सदस्यता बुक का वितरण किया गया। मौके पर विधायक सह जिला अध्यक्ष के द्वारा प्रखण्ड अध्यक्ष सचिव, नगरपालिका अध्यक्ष सचिव, जिला के पदाधिकारी व कार्यसमिति के सदस्य व केंद्रीय समिति के सदस्यों को सदस्यता बुक देकर तीस जून तक हर हाल में सदस्यता बुक हाथकट्टी जिला समिति को जमा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बालासोर के ट्रेन हादसे में मृत लोगों की आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। झामुमो नेताओ ने कहा दुःख की घड़ी में उन परिवारो के साथ है। बैठक में जिलाध्यक्ष रामदास सोरेन ने सदस्यता अभियान पूर्ण होने के बाद जिला के सभी प्रखंडों में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने का निर्देश दिया। बैठक में पार्टी में जिला समिति सदस्य बलदेव भुईयां को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पार्टी संविधान के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा से निष्कासित किया गया। यह निर्णय पार्टी की कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां, पूर्व सांसद सुमन महतो,केंद्रीय सदस्य शेख बदरूदीन, राजू गिरी, बीरसिंह सुरेन, शंकर चंद्र हेंब्रम, प्रमोद लाल, आस्तिक महतो, मनोज यादव, बबलू चौधरी, आदित्य प्रधान, ललित मंडी,जिला सचिव घनश्याम महतो, लालटू महतो, जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति, बघराई मार्डी, योगेंद्र कुमार निराला, कालीपादो गोराई, नरोत्तम दास, श्यामल रंजन सरकार, राज लकड़ा,अजय रजक, विद्यासागर दास, डोमन माझी,नंटू सरकार, प्रीतम हेंब्रम, गुरमीत सिंह गिल, मानसिंह बेसरा,राजा सिंह, डी राकेश राव, सविता सिंह,रजनी दास, झरना पाल, सविता दास, प्रखण्ड के अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, वकील हेंब्रम, बहादुर किस्कू, अश्विनी महतो, श्यामापदो महतो,प्रधान सोरेन,सुधीर सोरेन, दलगोविंद लोहरा, फतेह चंद टुडु, मो जमील, गोपाल महतो, युगल किशोर मुखी, पिंटू दत्ता, फैयाज खान, रानू मण्डल, अनवर अली, सोनू अग्रवाल, कामाख्या गौड़, सोमाय सोरेन, रतन महतो,इंद्रपाल सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# वॉलीबॉल संघ के आठ दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** झारखंड वॉलीबॉल संघ की पहल पर सरायकेला खरसावां वॉलीबॉल संघ के द्वारा 4 जून से 11 जून तक वॉलीबॉल समर कैंप का आयोजन किया गया। रविवार को आदित्यपुर 2 कुलुपतंगा मैदान में आयोजित वॉलीबॉल समर कैंप मे सरायकेला खरसवां के चुने हुये 30 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। ताकि आने वाले टूनामेंट में सरायकेला खरसावां का नेतृत्व कर सके। समर कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के कर कमलो द्वारा किया गया। मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों को वॉलीबॉल और नेट देकर उनका सम्मान बढ़ाया। इस अवसर पर श्री सिंह ने आने वाले समय में जिले के बेहतर खेलने वाले खिलाड़ियों को खेल के मुख्यधारा में जाने के लिए सलाह दी। कैंप के प्रशिक्षक के दौरान नितेश कुमार चौबे ,सरायकेला खरसवां जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव गणेश चौबे, अध्यक्ष राज बक्शी, चेयरमैन अरुण कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सुमित शर्मा आज जिला के सभी गणमान्य वरिष्ठ खिलाड़ी सहित नवनीत कुमार शर्मा, सौरभ गुप्ता, रंजन तिवारी, सनी सिंह, संकेत चौधरी, विशाल मिश्रा, अमित ठाकुर, शुभम कुमार सिंह, अभिषेक झा, ओमवीर मिश्रा, विनोद सिंह सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्र-छात्राओं की प्रतिभा का हुआ सम्मान

# शिक्षा का सम्मान फेडरेशन करता रहेगा : सतनाम गंभीर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के द्वारा शहर के छात्रों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा नेता अमरजीत सिंह काले शामिल हुए। मौके पर फेडरेशन के अध्यक्ष सतनाम सिंह गंभीर ने शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि अमरप्रीत सिंह काले का स्वागत किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकगण शामिल रहे। बिष्टुपुर गुरुद्वारा साहिब परिसर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि अमरजीत सिंह काले और अध्यक्ष सतनाम सिंह गंभीर के द्वारा संयुक्त रूप से आईसीएसइ और सीबीएसई में अव्वल आये सिख बच्चो को मोमेंटो ओर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने बच्चो को सम्मानित करते हुए कहा पंख भी है उड़ान भी है हौसलों में जान भी है इन फड़कती भुजाओं में आसमां छूने का अरमान भी है। उन्होंने सभी प्रतिभाशाली बच्चों को बधाई दी। मौके पर सतनाम सिंह गंभीर ने कहा शिक्षा का सम्मान आवश्यक रूप से होना चाहिए। फेडरेशन छात्रों का सम्मान आगे भी करती रहेगी। मोहिंदर सिंह भुईं ने कहा प्रतिभावान बच्चो का सम्मान और हौसला अफजाई बहुत जरूरी है। बिष्टुपुर गुरुद्वारा के अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने कहा विद्यार्थियों की प्रतिस्पर्धा खुद अपने आप से करनी चाहिए यही जज्बा उनको सफलता दिला सकता है। बिस्टुपुर गुरुद्वारा के महासचिव त्रिलोक सिंह ने आयोजन के लिए फेडरेशन की पूरी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमरजीत सिंह भामरा इंदरजीत सिंह पनेसर , इंदरपाल सिंह, मनमीत लूथरा, , मंजीत सिंह गिल अमरजीत सिंह,अवतार सिंह, इंदरपाल सिंह, सरबजीत सिंह भुल्लर मनप्रीत सिंह प्रीतपाल सिंह का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विद्यार्थी परिषद का अभ्यास वर्ग 8 जून से गढ़वा में



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, झारखंड प्रदेश का प्रदेश अभ्यास वर्ग गढ़वा में 8 से 11 जून होना सुनिश्चित हुआ है। प्रदेश अभ्यास वर्ग में पूरे झारखंड प्रदेश के 400 से अधिक कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण होना है। अभाविप का अभ्यास वर्ग कार्यकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम होता है, यहां कार्यकर्ताओं को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। इस प्रदेश अभ्यास वर्ग में अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक, क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन, प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अभाविप झारखंड के प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि गढ़वा के कार्यकर्ताओं के लिए हर्ष का विषय है कि प्रांत में हमारे जिले के इतने बड़े कार्यक्रम आयोजित करने के लिए चुना है जिले के सभी कार्यकर्ता पूरी तन्मयता के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जुटे हुए हैं। जिला सह संयोजक कुमार सुभेंद्र ने कहा कि झारखंड के विभिन्न जिलों से पधारने वाले सभी छात्र प्रतिनिधियों का मां गढ़देवी और बाबा बंशीधर के पावन धरती पर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत है। उक्त समय पर प्रदेश कार्यकारणी सदस्य शशांक कुमार, शुभम कुमार, हरिओम तिवारी, नगर मंत्री अखिल मौजूद रहे।

# सहायक अध्यापकों ने घेरा मंत्री मिथिलेश का आवास

**सौंपा मांग पत्र, 16 तक मांग पूरी नहीं हुई, तो 17 को होगा सीएम आवास का घेराव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू प्रमंडल के सहायक अध्यापकों ने अपनी मांगों के समर्थन में रविवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास का घेराव किया। तत्पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम को मांग पत्र सौंपा। सहायक अध्यापकों ने कहा कि सरकार यदि 16 जून तक उनकी मांगों को नहीं मानती है, तो 17 जून को राज्य भर के सहायक अध्यापक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आवास घेराव करेंगे। मौके पर सहायक अध्यापकों ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के अध्यापकों के साथ वादाखिलाफी कर रही है। इससे सहायक अध्यापक में काफी आक्रोश है। राज्य के लगभग 62 हजार सहायक अध्यापक विगत 20 वर्षों से शिक्षण कार्य करते हुए अपने चिर प्रतिक्षित मांग वेतनमान को लेकर संघर्षरत हैं।

मौके पर मुख्य रूप से राज्य कमेटी सदस्य दशरथ ठाकुर, पलामू जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, लातेहार जिला अध्यक्ष अतुल कुमार, बिपुल दुबे, अविनाश चौधरी, मनोज कुमार ठाकुर, सुनील दुबे, सत्यपाल उरांव, राजेश कुमार सिंह, सुरेंद्र उरांव, उदय प्रसाद, बंधन साय नागेसिया, सदन सिंह, सरोज चौधरी, नरेंद्र महतो, बिजय कुमार गुप्ता आदि सहित काफी संख्या में गढ़वा, पलामू एवं लातेहार के सहायक अध्यापक शामिल थे।

# श्रीश्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज का किया गया स्वागत



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** भारत के महान मनीषी ब्रह्मलीन संत पूज्य श्रीश्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी महाराज के शिष्य पूज्य पाद श्रीश्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज का शुभागमन रविवार की दोपहर पाल्हे-जतपुरा स्थित यज्ञ स्थल पर हुआ। श्री जीयर स्वामी महाराज यहां 5 माह तक रहेंगे। इस दौरान श्री जीयर स्वामी महाराज का संकल्पित चातुर्मास्य व्रत एवं पूज्य पाद स्वामी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले श्री रामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी जयंती स्मृति महा महोत्सव व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न होगा। सभी कार्यक्रम स्वामी के दिशा-निर्देशन में संपन्न होगा। श्री जीयर स्वामी महाराज के दर्शन व स्वागत के लिए श्री बंशीधर नगर अनुमंडल सहित गढ़वा जिला ही नहीं, बल्कि अन्य जिलों के 2,000 से अधिक श्रद्धालु भक्तगण यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे की अगुवाई में रमुना प्रखंड के कविसा गांव में सुबह 10 बजे से ही चिलचिलाती धूप में जमे हुए थे। जैसे ही स्वामी जी महाराज राष्ट्रीय राजमार्ग 75 से कविसा गांव पहुंचे वैसे ही श्रद्धालु भक्तजनों के जयकारा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। स्वागत व दर्शन के पश्चात जयकारा के बीच श्रद्धालु भक्तों के काफिले के साथ स्वामी जी महाराज पाल्हे-जतपुरा स्थित यज्ञ स्थल पर पहुंचे। यज्ञ स्थल पर भक्तों के जयकारा से पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। इस दौरान स्वामी जी महाराज के दर्शन के लिए भारी जनसमूह यज्ञ स्थल पर उमड़ पड़ा। दर्शन व स्वागत के बाद श्रद्धालु भक्तों के बीच स्वामी जी महाराज के निर्देशानुसार प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे, सचिव अनीश शुक्ल, उपाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ला, सुनील कुमार चौबे, कोषाध्यक्ष श्याम बिहारी शुक्ला, सह कोषाध्यक्ष शिवनारायण चौबे, प्रदीप शुक्ला, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, शारदा महेश प्रताप देव, धीरेंद्र चौबे, रामानंद पांडेय, राजेश प्रताप देव, हृदयानंद प्रसाद कमलापुरी, रमेश प्रसाद, हृदय कांत शुक्ला, रजनी सिंह, मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, धर्मेंद्र प्रताप देव, मुरली शुक्ल, विजेंद्र शुक्ला सहित यज्ञ समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बंशीधर नगर में युवक का शव मिला

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय मुख्य सड़क एनएच 75 पर अपना मेडिकल स्टोर के समीप सोनेहारा निवासी मृतक दाऊद खान पिता कमरूदीन खान उर्फ कमन खान 25 वर्षीय युवक का शव मिला। पूरे शहर बशीधर नगर क्षेत्र में नौजवान युवक के शव मिलने के खबर आग की तरह फैल गयी। जानकारी मिलते ही बंशीधर नगर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह को तुरंत सूचित किया गया। इसके तुरंत बाद ही घटनास्थल पर थाना के एएसआइ विक्की कुमार अग्रवाल अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच अगल बगल के दुकानदारों से पूछताछ की। भीड़ में मौजूद लोगों ने काफी पहचान करने की कोशिश की। वही उसी दरमियान पहचानकर्ता आजाद खान चेचारिया निवासी ने अपने भांजे के रूप में सिनाख्त की। वही बंशीधर नगर थाना ऐसी विक्की अग्रवाल ने पंचनामा कर स्थल से शव को उठाकर अंतः परीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया।

**कार्रवाई : भंडरिया वन क्षेत्र में चला छापामारी अभियान**

# अवैध रूप से बालू ढुलाई कर रहे दो ट्रैक्टर जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** गढ़वा भंडारिया वन क्षेत्र बिराजपुर जगल से डीएफओ के निर्देश पर भंडरिया वन क्षेत्र पदाधिकारी कन्हैया राम द्वारा वन कर्मियों का टीम गठन कर संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। इसमें अवैध रूप से बालू की ढुलाई कर रहे दो ट्रैक्टर को जब्त कर भंडरिया वन कार्यालय के कैंपस में लाया गया। इसकी जानकारी देते हुए भंडरिया वन पदाधिकारी ने बताया कि गढ़वा डीएफओ द्वारा अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए लगातार दिशा-निर्देश दिये जा रहे थे। इस दिशा निर्देश के आलोक में क्षेत्र के बलीगढ़ पंचायत के तेतरडीह गांव निवासी विनोद गुप्ता के दो जॉन डियर ट्रैक्टर द्वारा वन भूमि क्षेत्र से बालू उठाव का अवैध रूप से बालू का उत्खनन एवं ढुलाई कर रहे हैं, ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गढ़वा डीएफओ के निर्देश क्या लोक में उक्त दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर लिया एवं ट्रैक्टर के मालिक पर भारतीय वन अधिनियम की धारा 33/1/बी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उक्त दोनों ट्रैक्टर जॉन डीयर कंपनी का है, जो ट्रैक्टर 50 38डी गाड़ी नंबर खल 14डी5307 एवं दूसरे गाड़ी जॉन डियर 5101 ट्रैक्टर गाड़ी है, जिसका गाड़ी नंबर नहीं है। दोनों ट्रैक्टर की ट्राली में बालू लदे हुए थे एवं चालक एवं लेबर गाड़ी छोड़कर जंगल में भागने में सफल रहे। मौके पर सुरक्षित वन के तेतरडीह के वंरक्षी उपेंद्र कुमार प्रभारी वनपाल तुषार कुमार कमलेश कुमार अनुपम कुमार आनंद कुमार शुभम कुमार असलम अंसारी आदि मौजूद थे।

**कंचनपुर पंचायत भवन में बचत, बीमा और पेंशन योजना शिविर का आयोजन**

# पीएम सुरक्षा और पीएम जीवन ज्योति योजना के तहत 20 लोगों ने कराया बीमा




आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय के कंचनपुर पंचायत भवन में वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक रंका के तत्वावधान में बचत, बीमा एवं पेंशन योजना शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 20 लोगों ने बीमा कराया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक रंका के शाखा प्रबंधक बुद्धदेव उरांव उर्फ बीडी उरांव ने बताया कि बैंक में बचत खाता खुलवा कर आप बचत करने की आदत डाल सकते हैं। बचत खाता दो तरह से खुलवा सकते हैं। पहला जनधन खाता एवं दूसरा सामान्य बचत खाता। जनधन खाता जीरो बैलेंस में खुलवा सकते हैं। वहीं सामान्य बचत खाता बैंक में कुछ राशि जमा कर खुलवा सकते हैं। खाता खोलने के लिए फोटोयुक्त प्रमाणपत्र जैसे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड तथा आवासीय प्रमाण के रूप में आधार या पैन दोनों में से एक की छाया प्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक है। शाखा प्रबंधक श्री उरांव ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना शामिल है। पीएम सुरक्षा बीमा योजना एक्सीडेंटल में मात्र 20 रूपए सालाना प्रीमियम में दो लाख का बीमा कवर है। जबकि पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना में दो लाख का बीमा के लिए सालाना 436 रूपए आपके खाते से काट लिए जायेंगे। अटल पेंशन योजना सुरक्षित बुढ़ापे के लिए है जो 18 से 40 वर्ष के लोगों को किया जाता है और 60 वर्ष होने के बाद एक मुश्त तीन हजार रुपये प्रति माह की दर से पेंशन मिलेगी। शाखा प्रबंधक श्री उरांव ने वित्तीय निवेश करने, डिजिटल बैंकिंग सुविधा एवं वित्तीय जालसाजी से बचने के लिए भी उपाय बताये। इस अवसर पर एसबीआइ के राहुल कुमार, कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिमा देवी, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, जेएसएलपीएस के बी पी एम मनोज कुमार तिर्की, ऑपरेटर राजीव कुमार ठाकुर, बैंक सखी लक्ष्मी देवी, सत्येंद्र कुमार उपस्थित थे।

# डॉ अनिल साह ने निजी खर्च से कराया तालाब का जीर्णोद्धार



बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी मेराल थाना क्षेत्र के संगवरिया गांव निवासी डॉ अनिल साह ने अपने घर के समीप निजी एवं पुराने तालाब का गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार अपने निजी खर्च से करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में जीवन को बचाने के लिए जल को बचाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह पुराना तालाब गांव के लिए काफी महत्वपूर्ण और उपयोगी है। जिसका जीर्णोद्धार लाख प्रयास के बाद भी सरकारी स्तर पर नहीं कराया गया। डॉ साह ने बताया कि बरसात के पूर्व तालाब का गहरीकरण हो जाने से इसमें पानी भर जायेगा, जो सालों भर रहेगा, जिससे बेजुबान पशु पक्षियों के पानी पीने के साथ-साथ लोगों को छठ महापर्व करने, शादी विवाह तथा अन्य आयोजनों पर स्नान करने तथा रवि फसल की सिंचाई करने में काम आयेगा। तलाब में काम लगाने के बाद गांव के अन्य लोग भी सहयोग कर रहे हैं, जिसमें मुख्य रुप से मेरे छोटे भाई डॉ लाल बहादुर साह, मेराल प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद, संजय प्रसाद, आलोक साह, राजू साह, अजय गुप्ता, साजिद अंसारी, लक्ष्मण साह, चरकू साह आदि लोग शामिल हैं।

**सहयोग की अपील :** डॉ अनिल साह ने तालाब का सुंदरीकरण के लिए सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि चाहे तो सरकारी स्तर पर इस तालाब का सुंदरीकरण करा कर लोगों को लाभान्वित कर सकते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो आम लोगों से भी सहयोग राशि लेकर तालाब का सुंदरीकरण कराया जायेगा, जिससे छठ व्रतियों को पर्व करने के साथ-साथ अन्य आयोजनों में भी लाभ मिलेगा।

**जल संचयन के लिए किया प्रेरित :** डॉ अनिल साह ने जल के महत्व को बताते हुए अन्य लोगों को भी जल का संचयन करने तथा पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि प्रतिवर्ष अपने निजी खर्च से सैकड़ों पौधे लगाते हैं तथा हजारों पौधों का वितरण किया जाता है।

# सड़क कालीकरण का हुआ शिलान्यास

**पंचायत की मुखिया ने विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को नौ सूत्री मांग पत्र सौंपा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, जिला पार्षद नेहा कुमारी व मुखिया कौशल्या देवी ने रविवार को प्रखंड के घटहुआं कला पंचायत के राजा घटहुआं गांव में कालीकरण सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना कार्यक्रम अंतर्गत 3.75 करोड़ की लागत से 3.8 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि कांडी-मझिआंव मुख्य सड़क स्थित चोरांटी पहाड़ से राजा घटहुआं गांव होते हुए सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल के मुख्य द्वार तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत राशि से उक्त कालीकरण सड़क का निर्माण करायी जा रही है, जिसकी लंबाई 3.8 किमी होगी। साथ ही एक पुलिया का भी निर्माण होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत की मुखिया कौशल्या देवी ने विधायक को 9 सूत्री मांग पत्र सौंप कर अपने पंचायत की समस्या को दूर करने की मांग की, जिस पर विधायक ने कहा कि पंचायत ही नहीं प्रखंड के कोई भी ऐसे गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। चाहे वह सड़क, बिजली, शिक्षा चिकित्सा पानी जैसे समस्या को दूर किया जायेगा। मैं इस क्षेत्र के विकास के लिए हर समय प्रयासरत हूं।

वहीं जिला विधायक प्रतिनिधि भोला चन्द्रवंशी, कांडी विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ,राणाडीह मुखिया ललित बैठा सहित अन्य वक्ताओं ने भी सभा को संबोधित किया। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे ने कहा कि कांडी प्रखण्ड के दर्जनों टोलों में अभी तक बिजली नहीं पहुंची है। उन्होंने विधायक से सभी टोलों पर विद्युतीकरण करने की मांग की।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि मणिकांत सिंह, घटहुआं कला पंचायत के उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता ,मझिआंव मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, महामंत्री संजय कमलापुरी, कांडी मंडल महामंत्री शशिरंजन दुबे, अरुण राम, शिवप्रसाद गुप्ता, संवेदक बब्लू दुबे, स्वयंसेवक सत्येंद्र राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# 60 हज यात्री मदीना शरीफ के लिए रवाना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला से रविवार को 60 हज यात्रियों का काफिला रवाना हुआ। जिले के ज्यादातर हज यात्री शक्तिपुंज एक्सप्रेस से कोलकाता के लिए रवाना हुए, जबकि कुछ हज यात्री रांची से शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से कोलकाता के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर हज यात्रियों ने बताया कि कोलकाता से सभी हज यात्री 6 जून को 12 बजे रात में मदीना शरीफ के लिए विमान सेवा के द्वारा रवाना होंगे। जहां 10 दिन रहने के बाद वे लोग मक्का मोअज्जमा के लिए रवाना होंगे। जहां हज की अदायगी करने के बाद हज यात्री जद्दा से कोलकाता वापस होंगे। इसके बाद कोलकाता से गढ़वा आयेंगे। हज यात्रियों के स्वागत को लेकर मदरसा रोड स्थित मदरसा तबलीगुल इस्लाम के प्रांगण में स्वागत समारोह किया गया।

# हज यात्रियों को झामुमो नेताओं ने माला पहना कर सम्मानपूर्वक विदा किया



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों से हज के लिए मक्का मदीना जाने वाले हज यात्रियों को झामुमो नेताओं ने माला पहनाकर सम्मान पूर्वक विदा किया। उन्होंने रंका अनुमंडल जिला एवं राज्य में अमन-चैन सुख शांति समृद्धि के लिए दुआ मांगने की प्रार्थना की। रंका थाना मोड़ निवासी हजयात्री मोहम्मद हुसैनी अंसारी को झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने माला पहनाकर सम्मान पूर्वक विदा किया वहीं दूसरी ओर झामुमो प्रखंड युवा सचिव सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव ने दौनादाग निवासी हजयात्री मोहम्मद कुतुबुद्दीन अंसारी साहब को ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति में माला पहनाकर सम्मान पूर्वक मक्का मदीना हज करने के लिए विदा किया।

# राहगीरों-आमजनों के लिए निःशुल्क सत्तू बैंक



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** तपती गर्मी में हर वर्ष राहगीरों एवं आमजनों को निःशुल्क सत्तू बैंक खोलकर लाखों जरुरतमंदों को राहत पहुंचाने वाले शौकत खान ने इस वर्ष भी सत्तू की शुरुआत की। जहां सुबह से ही जरुरतमंदों की उमड़ने लगी है।इससे प्रतिदिन सैकड़ों ऐसे लोगों को राहत मिलती है, जो गांव से शहर में दिहाड़ी मजदूरी करते है। बहुत सारे रिक्शा चालक ऑटो चालक समेत कोर्ट कचहरी हास्पिटल एवं प्रखंड कार्यालय में दूर दराज से आये हुए लोगों के लिए वरदान साबित होता है। शौकत खान का निःशुल्क सत्तू बैंक, जहां मसालेदार सत्तू का जूस और मटका का पानी उपलब्ध कराया जाता है।

# लड़की के घरवालों ने प्रेमी को पीटा

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मकरी गांव में रविवार को प्रेम प्रसंग के मामले में लड़की के परिजनों द्वारा गांव के ही एक युवक फैजाम अंसारी पिता मकबूल अंसारी को मारपीट कर घायल कर दिये जाने का मामला सामने आया है। मकरी गांव निवासी फैजाम अंसारी का उसी गांव की लड़की के साथ बिगत पांच वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों अपनी मर्जी से घर से कहीं भी आ जा रहे थे। रविवार को फैजाम अंसारी अपनी प्रेमिका को साथ लेकर कहीं जाना चाह रहा था, लेकिन उसके साथ जाने से इंकार कर दिया। जोर जबदस्ती करने पर लड़की के मां-बाप और उसके परिजनों ने फैजाम अंसारी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# एमडीएम की ऑडिट नहीं करायी, दर्जनों प्रधानाध्यापकों का मई माह का वेतन बंद

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** शिक्षा विभाग द्वारा कई बार निदेशित किये जाने के बावजूद एमडीएम का ऑडिट नही कराने वाले प्रखंड के दर्जनों सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के मई माह का वेतन/मानदेय बंद किया गया। बताते चलें कि बीते 9 मई को बीइओ ने पत्र जारी कर प्रखंड के वैसे विद्यालय जिन्होंने पीएम पोषण (मध्याहन भोजन) योजना अंतर्गत वितीय दर्श 2018-19 से 2020-21 तक का वैधानिक अंकेक्षण नहीं कराया है, उन्हें 10 मई 2023 तक हरहाल में ऑडिट कराने का निदेश दिया गया था। बावजूद दर्जनों विद्यालय के एचएम द्वारा ऑडिट नहीं कराया गया, जिस कारण इन विद्यालय के एचएम का मई 2023 का वेतन / मानदेय बंद किया गया। इस संबंध में बीआरसी के लेखापाल प्रदीप शुक्ला ने बताया कि विभागीय निर्देश का अनुपालन नहीं करने पर गिरेंद्र यादव यूपीएस पनियही, बनवारी राम यूपीएस लंगड़ी, अमरेश चंद खरवार एनपीएस आदिवासी टोला घाघरा, अनिल यादव एनपीएस बरवाडीह, अनिल कुमार गुप्ता एनपीएस बसेरियालेवा, विकाश राम एनपीएस ढेकुलिया, विष्णुदेव कोरवा यूपीएस करमाही एवं धर्मेंद्र यादव एनपीएस पथलकुदवा का माह मई का वेतन बंद किया गया है।

# बहू की खोजबीन के लिए थाने में दिया आवेदन



**केतार (आजाद सिपाही)।** अमवाडीह गांव से एक विवाहित युवती विवाह के लगभग 15 दिन बाद ही ससुराल से भाग गयी। इस संबंध में अमवाडीह गांव निवासी युवती के ससुर डोमन उरांव ने केतार थाने में बहू की खोजबीन के लिए आवेदन दिया है। आवदेन के अनुसार सोनभद्र के ग्राम करईल के लक्ष्मी प्रसाद की लड़की विनीता कुमारी की शादी अमवाडीह गांव निवासी डोमन उरांव के छोटा लड़का सुनील उरांव के साथ 15 मई को हुई थी। ससुराल वालों के साथ लड़की रहना नहीं चाहती थी। इस बीच दोनों पक्षों के परिजनों में सुलह समझौता भी हुआ था, पर लड़की शादी के 15 दिन बाद ही एक जून को घर से फरार हो गयी। सुबह होने पर घर में नही देखे जाने के बाद अपने घर में जांच पड़ताल करने के बाद लड़की के मायके करईल फोन के माध्यम से सूचना दिया गया पर वहां भी लड़की का पता नही चला। लड़की अपने मायके भी नहीं गयी है। कुछ भी पता नहीं चल सका। इसलिए ससुर ने थाने में आवेदन देकर खोजबीन के लिए गुहार लगायी है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से होगा क्षेत्र का विकास : अर्जुन मुंडा

## बिरबांकी में 48 करोड़ की लागत से बनने वाले एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का किया शिलान्यास

**विद्यालय परिसर में ही शिक्षकों के रहने के लिए आवास और खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए तीन मैदान की भी व्यवस्था**

स्वरूप भट्टाचार्य





**अड़की (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिले के अड़की प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती बिरबांकी में रविवार को केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा, लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा और तामड़ के विधायक विकास मुंडा ने एकलब्य आदर्श आवासीय विद्यालय की आधारशिला रखी। यह विद्यालय 48 करोड़ रुपये की लागत से 12 एकड़ भूमि पर बनवाया जायेगा। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि पूरे देश में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के माध्यम से तीन लाख 50 हजार विद्यार्थी एक साथ छठवीं कक्षा से अपनी पढ़ाई की शुरूआत करेंगे। जबकि बिबांकी में 480 बच्चे पढेंगे, जिसमें 240 लड़के और 240 लड़कियां होंगीं। इसके अलावा चार खेल का मैदान बनेगा। इसमें वर्ग 6 से 12वीं कक्षा तक निःशुल्क पढाई होगी। अगले 18 माह में बिरबांकी का यह विद्यालय बनकर तैयार हो जाएगा। इस विद्यालय में अड़की प्रखंड के एसटी के बच्चे पढेंगे। इसके लिए 60 बच्चों का नामांकन कर तुरंत पढाई शुरूआत कराने का निर्देश भी दिया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि उक्त स्कूल के लिए पूरे देश में 38 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। जिसे स्थानीय भाषा का जान हो। पूरे भारत में 740 विद्यालयों का निर्माण किया जायेगा। यहां पढकर बच्चे भगवान बिरसा मुंडा की मिट्ट की खुशबू दुनियाभर में फैलायेंगें। वहीं, पद्मभूषण कडियां मुंडा ने कहा कि मैंसे 50 साल पहले जिसकी कल्पना की थी वो आज हकीकत में बदल गया। यह इलाका अभी भी विकास से कोसों दूर है। इसके लिए संवाद स्थापति करना होगा। तालमेल बढाना होगा। प्रखंड के जनसेवक पंचायत सेवक गांव में नहीं रहते हैं। इसलिए योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती है। वहीं, विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा कि विद्यालय बनने से स्थानीय बच्चों को प्राथमिकता मिले जिससे यहां के बच्चों का विकास हो सके। तभी यह इलाका विकसित होगा। इसके पहले गमहरिया गांव में एक पीसीसी पथ का शिलान्यास किया और पिछले दिनों एक साथ सेरेगहातु के पिता पुत्र की मौत के घर जाकर पीड़ित परिवार को ढांढ़स बंधाने के साथ ही हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर डीडीसी नीतीश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, अवसर पर अड़की जिला परिषद रेखा देवी, मुखिया श्वेता बाखला, प्रमुख कृष्णा मुंडा, सांसद प्रतिनिधि अनुप साहू, खूंटी के सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, जगरनाथ मुंडा, परता मुंडा, सागर मुंडा, चेतन पुरान, कमलेश प्रमाणिक, रंजीत महतो, मनोज साहू, सिदारथ गुप्ता, सुरेंद्र लोहरा, सत्यनारायण मुंडा, अनंत साहू, श्रवण भगत, किशोर परमाणिक, राम सिंह मुंडा, अमिताभ सवासी, विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, अरविंद बाला, अड़की मुखिया शांति देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोती पातर, खूंटी जिला एसटी मोर्चा के अध्यक्ष संजय मुंडा, प्रदेश मंत्री जगन्नाथ मुंडा आदि थे।

## मैकलुस्कीगंज में ट्रेन से कटकर एक की मौत

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के चट्टी नदी रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। घटना शनिवार की रात 12 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पलामू एक्सप्रेस के पायलट ने रात 12 बजे निंदा स्टेशन प्रबंधक को ट्रैक पर एक व्यक्ति के गिरे होने की सूचना दी। उसके बाद मैकलुस्कीगंज स्टेशन प्रबंधक ने इसकी जानकारी मैकलुस्कीगंज पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर देखा तो 55 वर्षीय व्यक्ति ट्रैक के 165/29-31 अप लाइन में मृत अवस्था में पड़ा था। उसके शरीर पर कई जगह गिरने के कारण चोट लगने के निशान थे। पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव का पंचनामा कर थाना ले गयी। रविवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई हो सकती है। हालांकि मृतक व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस पहचान करने की कोशिश कर रही है।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करेगा मजदूर किसान संघ

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय डाक बंगला परिसर में असंगठित कामगार मोटिया मजदूर किसान संघ की रविवार को बैठक हुई। जिसमें बढ़ती महंगाई के विरोध में धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष सयूम अंसारी ने कहा कि महंगाई से आम लोगों खासकर किसान-मजदूरों की कमर टूट गई है। इसे खिलाफ मोटिया मजदूर किसान संघ जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन करेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं का लाभ उठाएं। इस मौके पर गोपाल महतो, सिकंदर नायक, अरविंद महतो, विनोद राम, पवन महतो, कुलदीप महतो, बिरसा मुंडा, महादेव लोहरा, श्याम गोप, विजय स्वांसी, तुलसी राम, कैलाश मांझी रोजन अंसारी, बुद्धू राम, लिट्टा नाग, सुनीता देवी, संगीता देवी, रेखा देवी, आशा कुमारी, विजयंती देवी और ममता देवी आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### दुलमी- बोंगादार आदिवासी उच्च विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय योग शिविर का समापन

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड केआदिवासी उच्च विद्यालय दुलमी- बोंगादार के कैंपस में चल रहा सात दिवसीय योग शिविर का रविवार को समापन हो गया। योग शिविर में आसपास के लोग शामिल हुए। प्रमुख योग प्रशिक्षक दिलेशवर महतो, गणेश चंद्र पुरान, योग शिक्षक सह एक्युप्रेशर विशेषज्ञ उमाशंकर मालाकार ने योगाभ्यास कराया। दुलमी राजस्व ग्राम के ग्राम प्रधान व जमींदार मुंडा कृष्ण कुमार सिंह का शिविर में विशेष योगदान रहा। इधर, समापन समारोह में जिला प्रभारी जन्मेंजय महतो ने उपस्थित लोगों से कहा कि योग अपनाए और स्वस्थ्य रहें। इनके अलावे योग संबंधी कई आवश्यक जानकारियां भी दी गयी। इस मौके पर दिगंबर दास, देवेंद्र नाथ मांझी, कैलास प्रमाणिक, सीताराम पुरान, पुसू पुरान, गौरांग मछुवा, अनिल प्रमाणिक, आदि मौजूद थे।

### भाजपा ने विकास तीर्थ कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार के नौ साल की उपलब्धियों को बताया



बुंडू (आजाद सिपाही)। भाजपा के 9 साल पूर्ण होने के उपलक्ष में रविवार को एनएच-33 किनारे स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में महा जनसंपर्क अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला ग्रामीण मंडल प्रभारी विनोद सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने विश्वभर में देश का रौशन किया है। देश में लगातार विकास हो रहा है। आज बुंडू में फ्लावर ऑक्सीजन प्लांट, बंबू क्लस्टर आदि का विकास किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष के आलोक दास, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष धीरेन महतो, विवेकानंद जायसवाल, लक्ष्मण सिंह मुंडा, संजय महतो, सुबोध मुखर्जी, विश्वजीत दे, गणेश महतो, रंजीत लहरी, अमित अधिकारी, करम सिंह मुंडा, अनीश पांडे, रितु मुंडा, सरस्वती देवी, बिरला देवी, रेखा देवी, किरण देवी आदि मौजूद थे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा गांव स्थित साईं सेवा सदन में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अगुवाई डॉ सुरेंद्र राम ने किया। इसमें बहेरा सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने हिस्सा लिया। शिविर में चिकित्सकों ने ग्रामीणों का उपचार कर उन्हें कई प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही मौसमी बीमारी से बचाव और इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया। शिविर में साईं सेवा सदन के कई चिकित्सक और कर्मचारी मौजूद थे।

### खुदकुशी करनेवाली लड़की के परिजनों से मिली भाजपा झारखंड प्रदेश की महामंत्री मंजूलता दुबे



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी थाना क्षेत्र के मोहननगर के उडिया धौड़ा में नाबालिक लड़की द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले को लेकर भाजपा झारखण्ड प्रदेश महामंत्री मंजूलता दूबे रविवार को उसके परिजनों से मिलने उसके घर पहुंची। ज्ञात हो कि एक जून को मोहननगर के उड़िया धौड़ा में एक नाबालिक लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। लड़की के पिता ने आरोप लगाया गया है कि गोलू अंसारी नामक युवक ने धर्म छिपाकर उसकी बेटी के साथ शादी की और उस पर धर्म बदलने का दबाव बना रहा था। दबाव में लड़की ने परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। वहीं, मंजूलता दूबे ने परिजनों से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली और इस दुख की घड़ी में संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। कहा कि झारखंड में लगातार लव जिहाद का मामला सामने आ रहा है। दूसरे धर्म के लोग हिंदू परिवार की बेटी को अपना धर्म छिपा कर उसको प्रेम जाल में फंसाते हैं। इस तरह के मामले झारखंड राज्य में बढ़ते ही जा रहे है। वे लोग वैसे ही गरीब दलित परिवार को निशानाबनाते हैं। झारखंड में जबसे हेमंत सरकार का राज आया है तभी से इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही है। ऐसे मौहाल में आज बहू बेटियां अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रही हैं। इसलिए भाजपा महिला मोर्चा पुलिस प्रशासन से मांग करती है कि जिस तरह से हमारी बहन ने जान गवाई है। आरोपित लड़के को फांसी दिया जाए। मौके पर रांची से आयी भाजपा नेत्री मंजू लता दुबे, प्रदेश प्रवक्ता सुचीता सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष माधुरी देवी, जिला महामंत्री रेखा महतो, जिला उपाध्यक्ष खुशबू साहू के अलावा खलारी मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोजिनी देवी व सहयोगी नीरा देवी, सुमन देवी, मीरा देवी, शीला देवी, ललिता देवी, मंजू देवी बबीता देवी आदि मौजूद थीं।

## भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत गम्हरिया गांव में विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबसे बड़ा लक्ष्य : नीलकंठ मुंडा



भाजपा के विकास तीर्थ कार्यक्रम में उपस्थित विधायक नीलकंठ मुंडा व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मुरहू प्रखंड के बिचना पंचायत के गम्हरिया गांव में बन रहे एकलव्य मॉडल स्कूल के समीप रविवार को विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खूंटी विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने केंद्र की मोदी सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल में किए गए बेमिसाल जन कल्याणकारी कार्यों की चर्चा की। कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण प्रधानमंत्री मोदी का सबसे बड़ा लक्ष्य है। सरकारी योजना का लाभ सभी वर्गों के मिले, साथ ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, इस दूरगामी सोच के साथ मोदी सरकार कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने विधायक से पानी की समस्या के समाधान का आग्रह किया। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए विधायक ने उक्त क्षेत्र में अपने विधायक मद से हैंडपंप लगाने की अनुशंसा विधायक मद से की। मौके पर भाजपा कियान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रुपेश जायसवाल, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुमेश्वर गोप, विजय राम आदि उपस्थित थे।

## नौ साल में ही देश ने हासिल की बेमिसाल उपलब्धि: कोचे मुंडा

**भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत तोरपा में सोशल मीडिया मीट का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि महज नौ वर्षों के अपने कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक नया मुकाम हासिल कर लिया है। आज विश्व का हर देश भारत की ओर देख रहा है। पिछले 70 वर्षों में में जितना विकास हुआ, उससे अधिक विकास प्रधानमंत्री मोदी ने मात्र नौ साल में कर दिखाया। विधायक रविवार को तोरपा प्रखंड के ममरला गांव में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत आयोजित सोशल मीडिया मीट को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कहा कि हम डिजिटल युग में जी रहे हैं। ऐसे में सोशल मीडिया की भूमिका हर क्षेत्र में बढ़ गई है। कहा कि नौ साल के अपने कार्यकाल में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने आईटी, आईआईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क परिवहन, रेल मार्ग, हवाई सेवा सहित तमाम क्षेत्रों में बेमिसाल उपलब्धि हासिल की है। आज हम विश्व की सबसे तेज गति से विकास करनेवाली अर्थव्यवस्था बन गए है। देश के 11 करोड़ किसानों को हर वर्ष किसान सम्मान निधि के तहत छह हजार रुपये की सहायता राशि दी जा रही है। 12 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल की आपूर्ति की जा रही है। 27.6 करोड़ महलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन सहित कई तरह की सुविधाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि देश को विकास के मार्ग में और आगे ले जाने के लिए नरेंद्र मोदी को फिर से हमें प्रधानमंत्री बनाना होगा। इसके लिए कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे महा जनसंपर्क अभियान के तहत घर-घर जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दें। मौके पर विनोद सिंह, विशेश्वर सिंह, नीरज जयसवाल, नीरज पाढ़ी, सुबोध जयसवाल, भागीरथ राय, अजीत राय, महावीर साहू, दीपक तिग्गा, गौंझू प्रधान, संतोष त्रिपाठी, शिवराम भेंगरा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हाइवा और ट्रक से 1300 लीटर डीजल और दो बैटरी चोरी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना क्षेत्र के डकरा स्थित पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की रात चोरों ने वहां खड़े दो हाइवा और तीन ट्रक से 1300 लीटर डीजल और दो बैटरी चोरी कर ली। इसके अलावे वहां खड़े अन्य तीन ट्रकों से भी चोरों ने 900 लीटर डीजल चोरी कर चंपत हो गए। बताया जा रहा कि चोर डीजल और बैटरी चोरी कर मानकी की तरफ भागे निकले।

## जमसं एनके एरिया की बैठक में परियोजना स्तर की समस्याओं पर चर्चा

# प्रबंधन को सचेत होने की जरूरत है: कमलेश सिंह

**खलारी (आजाद सिपाही)।** जनता मजदूर संघ (जमसं) एनके एरिया के पदाधिकारियों ने रविवार को डकरा क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक की। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष गोल्डन प्रसाद यादव एवं संचालन डीपी सिंह ने किया। बैठक में जेसीएससी सदस्य कमलेश सिंह भी उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी परियोजना के शाखा कमेटी के अध्यक्ष एवं सचिवों ने अपने-अपने परियोजनाओं की समस्याओं से क्षेत्रीय पदाधिकारियों को अवगत कराया। जिसमें किसी भी डंपर में एसी की व्यवस्था नहीं होने, केडीएच और डकरा परियोजना के ईएण्डएम विभाग में एक ही वेल्डर का होना, डकरा में नाईट शिफट में एक भी इलेक्ट्रीशियन नहीं होना आदि शामिल था। सभी समस्याओं पर यूनियन के क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि यह एक गंभीर विषय है। इस पर प्रबंधन को सचेत होने की आवश्यकता है। कई परियोजना पदाधिकारियों ने एसएलपी का मुद्दा भी उठाया। कहा कि एसएलपी लागू नहीं हो रहा है। एसएलपी विषय पर वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संज्ञान लेकर कार्यवाई करने की बात कही। साथ ही यूनियन की सदस्यता बढ़ाने एवं सभी शाखाओं की मजबूती पर भी चर्चा की गयी। बैठक में आनंद सिंह, चंद्रभूषण, कंचन महतो, प्रभु गंझू, बूटन चौहान, अजय चौहान, आमिताभ चौहान, टेकलाल महतो, गणेश ठाकुर शर्मा, बिरजू लोहार, सुरेंद्र उरांव, वीरेंद्र पासवान, अनिल लोहरा, शंकर चैहान, तपेष्वर कुमार यादव, गुल्फी देवी, विजय प्रताप, रामकुमार सिंह चैहान, नबी मियां, रविन्द्र उरांव, ईशान गंझू, किशुन महतो, नागेश्वर दुसाध आदि उपस्थित थे।



बैठक के दौरान उपस्थित यूनियन के पदाधिकारी।

## पहले दवा के लिए हम विदेशों पर आश्रित थे, आज हम पूरी दुनिया को टीका दे रहे हैं : काशीनाथ महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय में जिला आईटी संयोजक गुलाब महतो की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई। जिसमें केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा नौ वर्षों में किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचने का निर्णय लिया गया। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के कई ऐसे कार्य किये हैं, जो बेमिसाल हैं। जन धन खाता हर गरीब के लिए खोला गया जिसमें सरकार सीधे गरीबों के खाते में पैसा भेजती है। पहले भारत पश्चिम देशों पर दवा और टीकों के लिए निर्भर था, लेकिन अब भारत ने दो स्वदेशी कोविड-19 टीका विकसित किया और कई देशों को जीवन रक्षक दवाइयों की आपूर्ति की। हमारी सरकार ने गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों लोगों को घर दिया। घर-घर पानी देने का काम किया। वहीं, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रियांक भगत ने कहा कि युवा पार्टी की बहुत बड़ी ताकत हैं। हम सभी युवाओं की जिम्मेदारी है कि मिलकर सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म के माध्यम से सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को जान-जन तक पहुंचायें। इससे पूर्व संगठन के पथ प्रदर्शक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया गया। मौके पर सुमित कुमार, शिव कुमार महतो, ऋतिक महतो, अजय महतो, रोहित, अमित, पंकज, शुभम और सनी आदि उपस्थित थे।




कार्यकर्ताओं को संबोधित करते काशीनाथ महतो व अन्य।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए सीसीएल लगायेगा 12,500 पौधे

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल क्षेत्र पिपरवार द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर लाईफ मिशन कार्यक्रम के तहत बचरा स्थित ऑफीसर्स क्लब में ड्राविंग एंड पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के करीब 50 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय पर्यावरण के लिए प्लास्टिक के दुष्परिणाम एवं बचाव पर आधारित था। इस मौके पर अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने बच्चों से उनकी बनायी गई चित्रकारी के विषय में जानकारी लेकर उत्साह वर्धन किया। साथ ही सीसीएल पिपरवार द्वारा 12500 पेड़ लगाए जाने की जानकारी दी।

## लापुंग के डाड़ी और महुगाव में करोड़ों की लागत से ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना का शिलान्यास

# जल का महत्व तब समझ आता है जब इसके लिए त्राहिमाम की स्थिति बन जाती है : सुदर्शन भगत

## सचेत होकर सोच समझ कर करें जल का इस्तेमाल : शिल्पी नेता तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड क्षेत्र के डाड़ी व महुगांव पंचायत में जल जीवन मीशन के तहत दो अलग-अलग योजना का शिलान्यास किया गया जिसमें डाड़ी पंचायत में 41 करोड़ रुपए व महुगांव में 18 करोड़ की लागत से बनने वाली बहु ग्रामीण पाइप लाइन जलापूर्ति योजना का शिलान्यास सांसद सुदर्शन भगत व विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया गया। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि हर घर जल नल योजना सरकार की बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है। जल का महत्व तब समझ में आता है जब पानी के लिए त्राहिमाम की स्थिति पैदा होती है। वहीं, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि लापुंग के लिए यह पहली योजना है जिससे फिल्टर होकर हर घर तक जल पहुचेंगा। इस योजना के चालू हो जाने से लोगों को शुद्ध पेयजल घर-घर पहुंचेगी। लेकिन हमें सचेत होकर पानी बचाने की भी जरूरत है व उसकी सुरक्षा गांव वालों की है। वहीं, बंधु तिर्की ने बताया कि इस योजना के तहत प्रखंड के छह पंचायत के गांवों में पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंचेगी। जिसमें डाड़ी के जलमिनार से ककरिया, दोलैचा, मालगो, पंचायत में पानी पहुंचेगी। साथ ही महुगांव के जलमिनार से हुलसु पंचायत में पानी पहुंचेगी। आप सभी इसे मिलकर बेहतर तरीके से बनाने में सहयोग करें और इस योजना का लाभ उठाए। इस मौके पर जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, राजीव रंजन अधिकारी, सासद प्रतिनिधि हरिमोहन साहू, प्रकाश गुप्ता विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की, देवेन्द्र वर्मा, सुदामा महली, प्रकाश राम, जयंत बारला समेत पंचायत के मुखिया व ग्रामीण मौजूद रहें ।





लापुंग के डाडी पंचायत के रामाटोली में हर घर नल जल योजना के शिलान्यास करते सांसद सुदर्शन भगत, विधायक शिल्पी नेता तिर्की, बंधु तिर्की व अन्य।

# देश व राज्य के विकास में किसानों की अहम भूमिका है : समीर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** गुमला रोड स्थित लैंपस में शनिवार को 50 फीसदी सब्सिडाइज्ड धान के बीज के वितरण का शुभारंभ हुआ। अनुदान वाले धान के बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य सभा सांसद समीर उरांव व पूर्व विधायक सह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, जिप सदस्य पार्वती कुमारी ने विधिवत किया। इस अवसर पर समीर उरांव ने कहा कि देश एवं राज्य के विकास में किसानों की अहम भूमिका होती है। इसलिए किसानों के बीच आइआर-64 व डीआरआरएच- 2 व 3 बीज का वितरण 50 फीसदी अनुदान पर किया जा रहा है। किसानों को खरीफ मौसम से पूर्व ही हाइब्रिड धान बीज मिलने से खेती करने में फायदा मिलेगा। वहीं, गंगोत्री कुजूर ने किसानों से आह्वान किया कि वे कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। इस मौके पर जगरनाथ भगत, मुखिया जतरु उरांव, पंसस राखी भगत, विजय उरांव, बलराम सिंह, राजेश कुमार और शंकर बड़ाईक आदि उपस्थित थे।



# महिला की हत्या के आरोप में सेना का जवान गिरफ्तार, भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** चंपाडीह सरना स्थल पर विगत 10 अक्टूबर को निर्मल मुंडा के कुएं पर अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। जिसकी हत्या करने के बाद उसका साथी अजय होरो फरार चल रहा था। वह पेशे से सेना का जवान है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। घटना को अंजाम देने के कुछ दिन बाद से ही आरोपी फरार था। पुलिस ने बताया कि आरोपी अजय होरो की जलपाईगुड़ी असम के काली पोंग हॉस्पिटल में पुलिस की नौकरी करने के दौरान महिला साथी सपना योगी से 2015 में दोस्ती हुई थी। उस समय से वह मिलते जुलते थे। अजय कि पोस्टिंग 2022 को प्रयागराज में हो गयी। उस समय से दोनों किराये का मकान लेकर रहने लगे। नौ अक्टूबर को छुट्टी लेकर सपना योग को भी साथ लेकर आया था। विगत 10 अक्टूबर को घर आने के बाद दोनों घूमने निकले और देर से लौटने की बात कह कर निकले थे। पर सरना स्थल पर देर शाम दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने पर अजय ने सपना को कुएं में धकेल दिया और पत्थर से सिर में वार कर दिया। पकड़े जाने डर से छुट्टी रहने के बावजूद ड्यूटी जॉइन कर लिया। इसके बाद गत 14 अप्रैल 2023 को फरार हो गया। 17 अप्रैल 2023 को महिला की गुम सुदगी का मामला दर्ज किया गया था।



## बेड़ो में जंगली हाथी ने पॉली हाउस को रौंदा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हुलसी गांव में शनिवार की देर रात 12.30 बजे एक विशालकाय जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। उसने इसी गांव के किसान फगुवा उरांव के खेत में लगे पॉली हाउस को रौंदकर बर्बाद कर दिया। जिससे किसान को हजारों का नुकसान हुआ है। दूसरी ओर, घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी संजय उरांव ने गांव पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन जंगली हाथी उत्पात मचा रहे हैं। फसलों को खाकर, रौंदने के साथ ही घरों को भी ध्वस्त कर रहे हैं। इधर, बस्ती से कुछ कदम की दूरी से आती इनकी चिंग्घाड़ सुनकर क्षेत्र के ग्रामीण रात भर अपने-अपने घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। वहीं, किसान फगुवा उरांव ने प्रखंड प्रशासन व वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।

## बेड़ो में पत्रकार को पितृ शोक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** पत्रकार केदार महतो के 89 वर्षीय पिता नागेश्वर महतो उर्फ चरका महतो का लंबी बीमारी के बाद शनिवार की रात अपने पैतृक निवास पाकलमेढ़ी में निधन हो गया। इससे क्षेत्र में शोक की लहर है। दिवंगत अपने पीछे दो पुत्र केदार महतो व देवेन्द्र महतो सहित भरापूरा परिवार पीछे छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार रविवार को पाकलमेढ़ी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। छोटे बेटे ने मुखाग्नी दी। अंतिम संस्कार में उपस्थित पूर्व निदेशक प्रमुख डॉ प्रवीण चंद्र, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, भीखा उरांव आजसू नेता नवदीप महतो, विश्वनाथ गोप, भाजपा मंडल महामंत्री बलराम सिंह, राजेश साहू, अशोक बैठा, जोहर पार्टी के विजय महतो, रमेश महतो, पत्रकार सुनील गुप्ता, तबरेज अंसारी, शिव शंकर कुमार, श्रीमंत चटर्जी, कमलेश केशरी, प्रदीप महतो, उज्ज्वल गुप्ता, अफिंद्र महतो, जोगेंद्र महतो, मनोज महतो, प्रवीण महतो, सुरेंद्र महतो, महावीर महतो, सुरेश महतो, पूर्व मुखिया बिरसा उरांव, बुधवा उरांव, रंजीत महतो, नंद लाल महतो, पीताम्बर महतो और वासुदेव महतो आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रातू पार्क एनएच-75 के पास हादसा आपस में भिड़े दो वाहन, पांच घायल

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत इतवार बाजार मोड़ के पास दो वाहनों के टक्कर में पांच लोग घायल हो गये। घटना रविवार अपराह्न तीन बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वैन बालुमाथ से रांची की ओर तेज गति से आ रही थी। तभी रातू से झखराटांड की ओर जा रही एको वैन आपस में टकरा गए। वाहनों के टक्कर के बाद सड़क में खड़े दो ऑटो भी इसके चेपेट में आ गये। हादसे में पिकअप और एको कार में बैठे लोगो को चोट आई है। एको में सवार रोहित साहू पत्नी दीपिका के साथ दो बच्चे थे। रोहित साहू को हल्की चोट उनकी पत्नी दीपिका के पैर व उसके छब माह का हाथ टूट गया।

# सोशल मीडिया त्वरित प्रचार-प्रसार का बड़ा माध्यम : संजय सेठ

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गोंदलीपोखर स्थित नवनिर्मित आइटीआई भवन सभागार में रविवार को भाजपा ग्रामीण जिला सोशल मीडिया इन इनफ्लूएंसर मीट का आयोजन जिला प्रभारी रामसाय मुण्डा की अध्यक्षता में किया गया। इसमें सांसद संजय सेठ भी शामिल हुए। मालूम हो कि मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल के तहत सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम को लेकर 30 मई से लेकर 30 जून तक चलने वाले विकास तीर्थ महाजनसंपर्क अभियान के क्रम में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में सांसद संजय सेठ ने कहा कि इस अभियान में सोशल मीडिया की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। आज सोशल मीडिया त्वरित प्रचार-प्रसार का बहुत बड़ा माध्यम बन गया है। प्वहीं, ूर्व विधायक रामकुमार पहान नें बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं चलायी जा रही अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना हैं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, प्रभुदयाल बड़ाईक, नरेश साहू, अजय महतो, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह आदि उपस्थित थे।



## सुजीत केशरी की लिखी पांच पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

# सुजीत की लिखीं पुस्तकें पठनीय एवं प्रेरणादायी हैं : महादेव टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** सुजीत कुमार केशरी की लिखी पांच पुस्तकों कहानी पिठोरिया की, ऐतिहासिक गांव सुतियांबेगढ़, अब इन टूटे तारों से कौन करेगा प्यार, सब कुछ लुटा, तो लुटाना सीखा (चारों झारखंड झरोखा रांची से प्रकाशित) और भारतीय संस्कृति में अंक का महत्व (नागपुरी संस्थान पिठोरिया से प्रकाशित) का लोकार्पण रविवार को नागपुरी संस्थान शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र पिठोरिया सभागार में हुआ। जिसकी शुरूआत डॉ बीपी केशरी की तस्वीर पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण के साथ किया गया। विषय प्रवेश करते हुए डॉ शकुंतला मिश्र ने कहा कि नागपुरी संस्थान की स्थापना के पीछे डॉ बीपी केशरी की इच्छा थी कि पिठोरिया शिक्षा-साहित्य-शोध का केंद्र बने। आज यह सपना साकार हो रहा है। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित महादेव टोप्पो ने कहा कि सुजीत की पुस्तकें पठनीय एवं प्रेरणादायी हैं। वहीं, पत्रकार विनय भूषण ने कहा कि कस्बे के ऊपर इतिहास लिखना सुजीत जी की बहुत बड़ी उपलब्धि है, जो आने वाले समय में संदर्भ ग्रंथ के रूप में लिया जाएगा। वहीं पूर्व सहायक निदेशक डॉ राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान ने कहा कि सुतियांबेगढ़ मुंडाओं का एक ऐतिहासिक गढ़ है। वास्तविकता यह है कि तथ्य और साक्ष्य के अभाव में इतिहास के पन्नों में यह गढ़ धूमिल पड़ा हुआ है। इस धुंधलापन को मिटाने का प्रयास सुजीत कुमार केसरी ने अपनी पुस्तक ऐतिहासिक गांव सुतियांबेगढ़ के माध्यम से किया है जो सराहनीय है। इस पुस्तक से न केवल मुंडाओं की ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में जानकारी हासिल होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ी के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध होगी। जबकि अध्यक्षीय भाषण करते हुए डॉ कृष्ण प्रसाद साहू कलाधर ने कहा कि डॉ बीपी केसरी द्वारा स्थापित नागपुरी संस्थान में लोकार्पण के इस कार्यक्रम को देखकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। उम्मीद है सुजीत केसरी जैसे अनेक युवा लेखक साहित्य लेखन की परंपरा को उत्साह के साथ सदैव आगे बढ़ाते रहेंगे। रांची विश्वविद्यालय के नागपुरी स्नातकोत्तर विभाग के अध्यक्ष डॉ उमेश तिवारी ने कहा कि सुजीत केसरी की ये दोनों कृति प्रेरणादायी है। ये समाज को सुखी और संपन्न देखना चाहते हैं इसलिए इनके आलेख सकारात्मक जान पड़ते हैं। कहानी पिठोरिया की पुस्तक की समीक्षा करते हुए डॉ हरीश कुमार चौरसिया ने कहा कि सुजीत कुमार केशरी की यह पुस्तक गांव में दिलचस्पी रखने वालों के लिए अनुपम भेंट होंगी। इस पुस्तक में जयमंगल सिंह और उसके बेटे जगतपाल सिंह के उत्थान-पतन की कहानी है जो झारखंड के इतिहास की महत्वपूर्ण कड़ी है। गांव से संबंधित लिखित सामग्री बहुत मुश्किल से मिलती है। इसके बावजूद गांव के ऊपर पुस्तक लिखना काफी श्रमसाध्य कार्य था, जिसे केशरी जी ने मूर्त रूप दिया। ये लगभग 30 वर्ष से पत्रकारिता से जुड़े हैं, यही अनुभव और सामग्री संकलन काम आया। ऐतिहासिक गांव सुतियांबेगढ़ की समीक्षा करते हुए डॉ शकुंतला मिश्रा ने कहा कि झारखंड के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल के बारे में बहुत कम लिखा गया। आइएएस सुरेश कुमार सिंह व डॉ बीपी केसरी जैसे लोगों ने कुछ प्रयास किया किंतु यह पर्याप्त नहीं था। सुतियांबेगढ़, महाराजा मदरा मुंडा, इनके पूर्वज, मुंडा जनजाति और नागवंश की उत्पत्ति के बारे में जानना हो तो यह पहली अनूठी पुस्तक होगी। इस मौके पर विश्वनाथ प्रसाद, डॉ राम प्रसाद, डॉ खालिद अहमद, डॉ सुखदेव साहू, डॉ संजय सारंगी, डॉ राम कुमार, डॉ आलम आरा, डॉ संतोष भगत, राजेश कुमार व सुरेन्द्र कुमार के अलावे विद्यार्थी, शोधार्थी आदि उपस्थित थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### भूमि विवादों में अपराध-उग्रवाद का हस्तक्षेप शांति-व्यवस्था के लिए खतरनाक : मुस्तफा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में इन दिनों भूमि क्रय-विक्रय, जमीन पर कब्जा कराना सहित अन्य भू संबंधी विवादों में कथित रूप से अपराधियों एवं उग्रवादियों की संलिप्ता बढ़ गई है जो भविष्य में क्षेत्र की विधि-व्यवस्था व शांति के लिए खतरनाक साबित होगी। उक्त बातें मुस्तफा अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी मामले काफी बढ़ गये हैं। खासकर प्रखंड का हेसल पंचायत जमीन कारोबारियों का हॉट-स्पॉट बन गया है। यहां आए दिन जमीन की खरीद-बिक्री और कब्जा को लेकर कुछ ना कुछ घटनाएं होती रहती हैं। विगत दिनों हेसल मौजा में एक भू माफिया द्वारा जमीन पर कब्जा करने के लिए सैकड़ों की संख्या में अपराधिक प्रवृति के लोगों के साथ पहुंचा था। अधिकांश लोगों के पास हथियार थे। बाद में इसकी सूचना अनगड़ा पुलिस को दी गई। पुलिस के पहुंचते ही सभी लोग वहां से फरार हो गये। हेसल में रिंग रोड बनने के बाद अगल-बगल के जमीन की कीमत काफी बढ़ गई है और भूमि संबंधी विवाद भी इसी रफ्तार से बढ़ रहा है। जमीन विवादित होने की वजह से कुछ लोग कब्जा करने के लिए अपराधियों एवं उग्रवादियों का सहारा ले रहे हैं तथा कुछ लोग पुलिस के शरण में जा रहे हैं। इससे प्रतिदिन विवाद गहराता जा रहा है। एक समय था जब रांची जिला के अनगड़ा, ओरमांझी, सिकिदीरी, सिल्ली, टाटीसिलवे, मुरी, नामकुम आदि थाना क्षेत्रों में पीएलएफआई ने वर्चस्व बना रखा था, लेकिन सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणों के सकारात्मक सोच और साहस के कारण इन लोगों के हौसले को पस्त कर दिया गया। लेकिन वर्तमान में इस गतिविधि में शामिल तमाम लोग जमीन कारोबार में शिफ्ट हो गये हैं और समय-समय पर भूमि विवाद में कुदकर अपनी ताकत का एहसास कराते हैं। इससे क्षेत्र में शांति-व्यवस्था के लिए काफी खतरा उत्पन्न हो गया है।

### भाजपा सिकिदिरी मंडल ने विकास तीर्थ दर्शन कार्यक्रम का किया आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** भाजपा सिकिदिरी मडल की ओर से रविवार को हुंडरू फॉल में मंडल अध्यक्ष सूनील महतो के नेतृत्व में विकास तीर्थ दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ प्रदीप वर्मा, के अलावा झारखंड भाजपा प्रदेश कार्यकरी सदस्य जैलेंद्र कुमार भी उपस्थित थे। डॉ वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश चौमुखी विकास कर रहा है। इसका अंदाजा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों जैसे हुंडरू, माईलडीह, सोसो आदि स्थानों पर पूल का निर्माण से लगाया जा सकता है। ये सभी कार्य भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही हुआ है। इस मौके पर बुधराम बेदिया, पंचम भोगता, सुजीत कुमार सोनी, सतपाल रावत, नन्दलाल राउत, बिट्टू कुमार, शिवशंकर बेदिया आदि उपस्थित थे।

### समारोह आयोजित कर मनाया गया अमर शहीद राजकुमार महतो का 19वां शहादत दिवस

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** शहादत दिवस आयोजन समिति हेसल के तत्वावधान में रविवार को मिलन चौक मासू मंझिलाटोली में अमर शहीद लांस नायक राजकुमार महतो की 19वीं पूण्यतिथि समारोहपूर्वक मनायी गई। लोगों नें शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, अनुराधा मुण्डा, डॉ राकेश किरण महतो, रणधीर चौधरी, सुरेंद्र महतो, पारसनाथ उरांव, देवेन्द्रनाथ महतो, उमेश बड़ाईक, मदरा मुण्डा, कविता देवी, कारीनाथ महतो, मुल्लू महतो, अजीत महतो, जगरनाथ महतो, रामसाय मुण्डा, सखीचंद महतो, ज्योतिष महतो, जेपी महतो, बासुदेव महतो, शहीद की माता देवमंती देवी, पत्नी जयाप्रभा महतो, भाई अमरनाथ महतो, बहन संजोति देवी, पुत्र अंकित व गौरव आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर शहीद के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सुबह में शहीद राजकुमार महतो क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धावक-धाविका पुरस्कृत किये गए। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पारसनाथ उरांव व विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, मुखिया कविता देवी, अजीत महतो, उमेश बड़ाईक, देवराज पहान, रामनाथ करमाली एवं दुर्गा महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मासु पतराटांड़ में शहीद राजकुमार महतो खेल मैदान का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि जयप्रभा देवी एंव विशिष्ट अतिथि कविता देवी, मदरा मुण्डा, कारीनाथ महतो, जगरनाथ महतो, अर्पणा सोलंकी, देवराज पाहन आदि ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के विष्णु महतो, रामेश्वर महतो, सकलनाथ महतो, विशेश्वर मुण्डा, सूरज महतो, बालेश्वर महतो, जगरनाथ महतो, धनेश्वर महतो, सोनेलाल महतो, गबेश्वर महतो, सोमरा मुण्डा, राजेन्द्र महतो, बृजलाल महतो, विरेन्द्र महतो, शिवनारायण महतो, धनंजय महतो, रितुलाल महतो, रामचरण महतो आदि का योगदान रहा।

### आजसू का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के निपुण नगर में नगड़ी प्रखंड आजसू का एकदिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू के हटिया प्रभारी भारत कांशी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हटिया विधानसभा में हमारी पार्टी का जनाधार काफी मजबूत है। कार्यकर्ताओं में पार्टी और सुदेश महतो के प्रति समर्पण की भावना है। पार्टी कार्यकर्ता ही पार्टी का रीढ़ है। यही लय आगे भी बरकरार रखने की जरूरत है। इसके लिये कार्यकर्ताओं को आम जनता से जुड़कर रहने की जरूरत है। कहा कि आप पार्टी के नीति सिद्धान्त को जन-जन तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों और क्षेत्र के युवाओं को पार्टी से जोड़ें। इस मौके पर नगड़ी प्रखंड के 10 पंचायतों के लिए ग्राम प्रभारियों का चयन किया गया। सभी को अपने-अपने गांव, टोला की समास्यों की सूचि बनाकर उसे निदान करने और पार्टी कार्यालय में इन समस्यों को अवगत कराने लेकर चर्चा की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपोर तिग्गा और संचालन अरबिंद भगत ने किया। इस मौके पर चिंटू मिश्रा, त्रिलोकी महतो, नवलकिशोर महतो, अलाउद्दीन अंसारी, विवेक सिंह, पंचू कच्छप, सोनू कुमार,रोहित तिवारी,निरंजन ठाकुर,सूरज गोप,बिश्वनाथ उरांव आदि उपस्थित थे।

### विकास तीर्थ यात्रा में शामिल हुए पलामू सांसद, बतायी केंद्र सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां

# आरओबी से शीघ्र जोड़ा जायेगा दंगवार मुख्य पथ : वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भाजपा की ओर से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उपरी करवार सिंचाई योजना एवं जपला आरओबी निर्माण पर आयोजित आयोजित महा जनसंपर्क अभियान विकास तीर्थ कार्यक्रम में रविवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम भी शामिल हुए। उन्होंने हुसैनाबाद के दिवंगत पत्रकार परमानंद चौधरी के परिजनों से मिलकर ढांढ़स बंधाया। इस दौरान आरओबी निरीक्षण के बाद सांसद ने कहा कि शीघ्र ही डीआरएम के साथ वार्ता कर दंगवार सड़क को भी आरओबी से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल सेवा, सुशासन और जनहित में किए गए प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं को विकास तीर्थ कार्यक्रम के माध्यम से जनमानस तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। आने वाले समय में पार्टी कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर केंद्र सरकार की उपलब्धियां लोगों को बताएंगे। वहीं, स्थानीय भाजपा नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार के जनहित में गरीबों के बेहतरी के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं, ताकि उनका जीवन स्तर खुशहाल हो सके। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, प्रफुल्ल कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, श्रवण अग्रवाल, रंजीत पासवान, गुड्डू सिंह, संतोष सिंह, नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।



भाजपा के विकास तीर्थ यात्रा में शामिल पलामू सांसद विष्णुदयाल राम व स्थानीय नेता।

## हुसैनाबाद में फिजियोथेरेपी हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के गांधी चौक स्थित कटरा मार्केट में फिजियोथिरेपी हेल्थ केयर क्लिनिक का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन झामुमो के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम और राजद के जाकिर अली उर्फ राज अली ने संयुक्त रूप से किया। छेदी खान ने फिजियोथिरेपी हेल्थ केयर क्लिनिक को क्षेत्र के लिए वरदान बताया। कहा कि इसके खुलने से यहां के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। वहीं, शशि कुमार ने कहा कि उक्त क्लिनिक के खुलने से कई बीमारियों का इलाज थेरेपी कर किया जाएगा। इस मौके पर डॉ जैन आसिफ, इसरार अहमद, टेक्नीशियन अली हसन, असगर अंसारी आदि मौजूद थे।

## दिवंगत पत्रकार परमानंद के परिजनों से मिले विधायक, दिया हरसंभव मदद का भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** वरिष्ठ पत्रकार दिवंगत परमानंद चौधरी का बीमारी के बाद शनिवार को निधन हो गया। इसकी खबर मिलते ही विधायक कमलेश कुमार सिंह उनके कुर्मी टोला स्थित आवास पहुंचे। उन्होंने दिवंगत पत्रकार परमानंद चौधरी की विधवा पत्नी और बच्चों को ढांढस बंधाया। कहा कि पत्रकार मंच के सदस्यों ने दिवंगत पत्रकार परमानंद जी के परिवार के संबंध में पूरी स्थिति से अवगत कराया है। बच्चों की पढ़ाई जारी रहेगी। उनकी विधवा को हुसैनाबाद के शहरी स्वास्थ्य केंद्र में रखने की व्यवस्था वह करेंगे। उन्होंने कहा कि श्राद्ध के उपरांत उनके जीविकोपार्जन की व्यवस्था कर दी जायेगी। जिससे उन्हें किसी के सामने हाथ फैलाना नहीं पड़े। विधायक ने कहा कि पत्रकार परमानंद जी से उनका व्यक्तिगत संबंध था। उनके निधन से जो क्षति हुई है, उसकी भरपाई नहीं हो सकेगी। कहा कि किसी तरह की परेशानी होने पर वह उनसे संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर पत्रकार संजय ओझा, जफर हुसैन, कमलेश कुमार, गौतम पटेल, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, एनसीपी नेता मनान खान, पप्पू सिंह, चंदन सिंह, रत्न लाल, रहमान राइन, सुहैल आलम, जिशान हसन, रविंद्र कुमार, सैयद नौशाद आदि मौजूद थे।



## कैंब्रिज स्कूल में आयोजित शिक्षक कौशल विकास कार्यशाला और समर कैंप का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कैंब्रिज पब्लिक स्कूल दुबियाखाड़ में 10 दिनों से चल रहे समर कैंप सह शिक्षक कौशल विकास कार्यशाला का समापन शनिवार को हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों के बीच कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यालय के निदेशक सिया चरण सिंह ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों के लिए यह प्रशिक्षण कार्यशाला वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक सालों भर अपने मेहनत एवं परिश्रम के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा देने के कार्य में जुटे रहते हैं और उन्हें खुद के कौशल को विकास करने का अवसर नहीं मिलता है। इस तरह के कार्यशाला से जहां शिक्षकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने प्रतिभा को निखारने का काम किया, वहीं, कई मनोरंजक गतिविधियों से भी खुद का मनोरंजन किया। वहीं, प्राचार्य ई नंद किशोर भारती ने कहा कि अपने कौशल का विकास करके शिक्षक और भी बेहतर ढंग से विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का अर्थ प्रत्यक्ष रूप से अध्यापक अधिगम को सरल एवं सहज बनाने के उद्देश्य से किये जाने वाले शिक्षण कार्यों का व्यवहारों का समूह शिक्षण कौशल या अध्यापन कौशल होता है, जिसका शिक्षकों को 10 दिन तक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षण-कौशल शिक्षक के हाथ में वह शस्त्र है, जिसका प्रयोग करके शिक्षक अपने कक्षा शिक्षण को प्रभावशाली और सक्रिय बनाता है। कक्षा की अन्तः प्रक्रिया में सुधार लाने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद शिक्षकों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है जो विद्यार्थियों को और भी सुगमता पूर्वक एवं सरलता पूर्वक पठन-पाठन में सहायता करेंगे। समापन के अवसर पर सभी शिक्षकों को विद्यालय निदेशक व प्राचार्य ने सम्मानित किया। उक्त अवसर पर कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जैसे निबंध लेखन प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, वाद- विवाद प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, कुर्सी रेस, खो-खो, मटका फोड़ प्रतियोगिता आदि। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूनम तिवारी, द्वितीय स्थान अर्चना कुमारी तथा तृतीय स्थान तान्या को प्राप्त हुआ। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान काजल कुमारी, द्वितीय स्थान सृष्टि कुमारी और तृतीय स्थान पूनम तिवारी और अर्चना कुमारी को प्राप्त हुआ। कुर्सी रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुनीता पांडे, द्वितीय वेद प्रकाश दूबे और तृतीय स्थान सृष्टि कुमारी को प्राप्त हुआ। मटका फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम पूनम तिवारी और काजल कुमारी रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम तान्या, द्वितीय पूजा गुप्ता और तृतीय स्थान पूनम तिवारी को प्राप्त हुआ। गायन प्रतियोगिता में प्रथम निभा कुमारी, द्वितीय तान्या और तृतीय स्थान काजल कुमारी को प्राप्त हुआ।




### भारत-ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं चैंपियंस ट्रॉफी से लेकर अंडर-19, टी-20 और वनडे वर्ल्ड कप

# सभी आइसीसी टूर्नामेंट जीतने वाला पहला देश बनेगा डब्ल्यूटीसी चैंपियन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सात जून से शुरू हो रहे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल को जीतने वाली टीम इतिहास रच देगी। टीम डब्ल्यूटीसी जीतने के साथ ही आइसीसी के सभी मेंस टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन जाएगी। दोनों ही टीमों ने आइसीसी के अंडर-19, टी-20 और वनडे वर्ल्ड कप समेत चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती है। दोनों ही देशों के पास आइसीसी की सबसे ज्यादा 11-11 ट्रॉफी भी हैं। ऐसे में डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने वाली टीम सभी आइसीसी टूर्नामेंट की चैंपियन बनने के साथ वर्ल्ड क्रिकेट में अपना दबदबा भी साबित कर देगी।

## चोटिल हेजलवुड भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर




ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट के कारण भारत के खिलाफ 7 जून से खेले जाने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से बाहर हो गए हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच लंदन के द ओवल मैदान पर खेला जाएगा। हेजलवुड की जगह पर 33 साल के तेज गेंदबाज माइकल नेसर को ऑस्ट्रेलिया टीम में जगह मिली है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। हेजलवुड पांच बार भारत के खिलाफ पांच विकेट हॉल ले चुके हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि हेजलवुड 16 जून से बर्मिंघम में होने वाले पहले एशेज टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया टीम के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'जोश पूरी तरह फिट होने से केवल कुछ ही दूर थे लेकिन हम उन्हें खिलाकर रिस्क नहीं लेना चाहते। क्योंकि आगामी दिनों में यही एक मैच नहीं है, जो हमें खेलना है। नेसर का फॉर्म काउंटी क्रिकेट में भी शानदार रहा है। हेजलवुड को बाहर बैठाना ही अच्छा फैसला रहेगा क्योंकि एशेज सीरीज से पहले टेस्ट मैच से पहले फिट होने के लिए उनके पास अच्छा समय रहेगा।'

### डब्ल्यूटीसी फाइनल के चौथे दिन हो सकती है बारिश

लंदन (एजेंसी)। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल मुकाबले पर इस बार भी बारिश का खतरा मंडरा रहा है। यह मुकाबला लंदन के केनिंगटन ओवल मैदान पर खेला जाएगा। मौसम वेबसाइट एक्यूवेदर ने 7 से 11 जून तक भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने जा रहे इस महामुकाबले के चौथे दिन यानी 10 जून को लंदन में बारिश की 60 फीसदी आशंका जताई गई है। हालांकि, 12 जून फाइनल का रिजर्व डे है, यानी कि बारिश होने की स्थिति में एक दिन का खेल 12 जून को हो सकता है। यह खबर क्रिकेट फैंस के लिए चिंताजनक है, क्योंकि दो साल पहले भारत ने इस चैंपियनशिप का फाइनल बारिश के कारण ही गंवाया था। तब न्यूजीलैंड ने विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम इंडिया को 8 विकेट से हराते हुए पहला डब्ल्यूटीसी चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया था। तब रिजर्व डे सहित 6 दिनों में 4 दिन ही खेल हो सका था। 2 दिन बारिश के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी।

## सोशल मीडिया के जरिये कार्यकर्ता भाजपा की नीति, सिद्धांत और संदेशों को प्रचारित करें: रामचंद्र चंद्रवंशी

सोशल मीडिया मिशन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज सभागार में सोशल मीडिया मिशन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के बारे में प्रशिक्षित किया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के बदलते दौर में सोशल मीडिया की उपयोगिता बढ़ गई है। इसके माध्यम से पार्टी के नीति सिद्धांत और संदेशों को प्रचारित प्रसारित करें। कार्यक्रम प्रभारी सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आम लोगों तक संदेश पहुंचने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, उंटारी मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, सूरज विश्वकर्मा, मनीष कुमार, आशुतोष सुमन, उपेंद्र तिवारी, जितेंद्र कुमार और धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## भाजपा नगर मंडल ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान, गिनायी मोदी सरकार की उपलब्धियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** भाजपा के विश्रामपुर नगर मंडल इकाई की ओर से रविवार को नप के वार्ड तीन में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान वक्ताओं नो लोगों को केंद्र की मोदी सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही आगे भी विकास की गति को बढ़ते रहने के लिए एक बार फिर से मोदी सरकार को ही केंद्र की सत्ता सौंपने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। बतातें चलें कि केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरा होने पर भाजपा पूरे देश में महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। जिसके तहत भाजपा नेता-कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। अभियान का नेतृत्व विश्रामपुर नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम कर रहे थे। इसमें शामिल सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने कहा कि पिछले नौ सालों में मोदी सरकार ने दर्जनों कल्याणकारी योजनाएं चलाई। देश के लिए कई ऐतिहासिक फैसला लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्वगुरु बनने की राह पर अग्रसर है। इस मौके पर संतोष राम, शिवबंश मिश्रा, उदेश्वर यादव, रंजित ठाकुर, रजनीश चंद्रवंशी, नेपाली राम, भिखारी साव, गिरधारी साव आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। बीमोड़-विश्रामपुर मुख्यपथ पर रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान विश्रामपुर थाना क्षेत्र के बरीगांवा गांव निवासी विकास कुमार पासवान (25) के रूप में हुई है। घटना शनिवार रात 8.50 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार विकास बाइक से अपने घर जा रहा था। तभी बरवाडीह गांव के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सड़क किनारे गिर गया। एक टेंपो चालक ने उसे विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

## कोलकाता को रवाना हुए हज यात्री, परिजनों ने किया विदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर से तीन हजयात्री रविवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता के लिए रवाना हुए। जहां से वे सभी हवाई जहाज से मदीना के लिए प्रस्थान करेंगे। इससे पहले परिजनों व स्थानीय लोगों ने हज यात्रियों को सम्मानपूर्वक विदा किया। हजयात्रियों को समानित करते हुए बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी ने उनसे आग्रह किया कि वे मदीना में देश के विकाश व अमन की दुआ जरूर मांगेगे। हज यात्रा पर जाने वाले विश्रामपुर निवासी तस्लीम अंसारी व उनकी पत्नी, भलुआनी गांव निवासी ऐनुल अंसारी को लेकर लोग स्टेशन तक जुलूश की शक्ल में गए। इस मौके पर अनीस अंसारी, निवर्तमान पार्षद सलीमुदीन अंसारी, उस्मान अंसारी, रिजवान अहमद, सफीक अंसारी और जसमुदीन अंसारी सहित आदि मौजूद थे।



## प्रदूषण से जंग जीतने के लिए एक करोड़ पौधरोपण कर लोगों को जागरूक करने का लक्ष्य : कौशल

विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू के डाली गांव के रहने वाले कौशल किशोर जायसवाल पिछले 56 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण अभियान चला रहे है। इस अभियान के तहत पर्यावरणविद शिविर आयोजित कर निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण करते आ रहे है। इतना ही नहीं इस अभियान के तहत वनों की रक्षा के लिए वन वृक्षों पर राखी भी बांधने की परंपरा चलती आ रही है। जिसे वन राखी मूवमेंट का नाम दिया गया है। कौशल किशोर बताते हैं इस अभियान के तहत अब तक 50 लाख से अधिक पौधों का निःशुल्क वितरण के साथ पौधा रोपण भी किया जा चुका है। इसके अलावे 15 लाख से अधिक वन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरण धर्म पर गोष्टी आयोजित कर लोगों को जागरूक भी किया जाता है। पर्यावरणविद कौशल किशोर नेपाल, भूटान सहित देश के 22 राज्यों के लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलावा चुके हैं। साथ ही पर्यावरण धर्म का पाठ भी पढ़ाया है। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल अपने निजी खर्चों पर विश्व का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण अपने पैतृक गांव डाली बाजार के कौशल नगर स्थित जैविक पार्क में करा रहे हैं। कौशल किशोर डाली गांव में करोड़ों की लागत से जैविक उद्यान व पार्क विकसित किए हैं। जिसमें 22 देशों के 200 से अधिक विभिन्न प्रजाति के पौधे लगे हैं। इस अभियान के तहत पर्यावरण व प्रकृति को बचाने के लिए पूरी सक्रियता के साथ काम चल रहे है। 70 वर्षीय कौशल आज भी पूरे उत्साह के साथ इस कार्य में तन्मयता से लगे हुए है । वे कहते है कि वे अपना पूरा जीवन पर्यावरण व जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया है। लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ साथ वैवाहिक समारोह में भी शामिल लोगों को उपहार स्वरूप उन्हें पौधा देकर जागरूक किया जाता है। इतना ही नहीं कौशल किशोर जन्मोत्सव और श्राद्ध कर्म में भी पौधा लगाकर लोगों को प्रेरित करते हैं। कौशल को अब तक इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए देश व विदेश में 54 अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। जिसमें 2023 में प्राइड ऑफ झारखंड का अवार्ड केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की ओर से झारखंड का गौरव नामक अवार्ड केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के हाथों मिला है। इसके अलावे पलामू प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी, पलामू उपायुक्त अंजलायुलु दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ,एवं राजभवन में राज्यपाल की ओर से भी सम्मान मिला है। पर्यावरण धर्मगुरु अपने जीवन में प्रदूषण से आजादी का जंग जीतने के लिए 10 देशों में पर्यावरण धर्म और वन राखी मूवमेंट का प्रचार जारी रखते हुए एक करोड़ पौधा लगाने का लक्ष्य रखा है।

## कौशल विकास केंद्र के प्रशिक्षु अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विभाग झारखंड सरकार के सौजन्य से झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तहत मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड परिसर प्रांगण में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सेंटर इंचार्ज अरविंद कुमार और संचालन लेखक विपिन कुमार ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रमुख फुलवा देवी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य पश्चिमी यशमिन निशा, मध्य सुनीता देवी आदि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम में प्लेसमेंट इंचार्ज सुधीर कुमार यादव द्वारा कौशल विकास विषय वस्तु पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। महिलाएं आज घर से बाहर निकल कर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। प्रशिक्षण केंद्र के सेंटर इंचार्ज अरविंद कुमार ने बताया कि कौशल विकास प्रशिक्षण झारखंड के हर जिले हर गांव में चल रहा है। इसमें सभी लोग जुड़े और यहां प्रशिक्षण लेकर आप रोजगार से जुड़ सकते हैं। सिलाई मे 350 और 150 कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त सभी अभ्यार्थियों को प्रमाण पत्र और प्रोत्साहन राशि वितरित किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य निर्मल राम, चेपाकला पंचायत के उप मुखिया आकांचा कुमारी, कुशवाहा समाज के प्रखंड सचिव गिन्नी वर्मा, झारखंड महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी, पूर्व मुखिया भीखन महतो, झामुमो नेता राकेश मिश्रा, पंचम महतो, सेंटर कोऑर्डिनेटर ओम श्रेष्ठ सिंह, नीरज कुमार, सिलाई ट्रेनर आरती कुमारी, सहीरूम निहार, रेखा कुमारी, ओमांश सेन, अमन कुमार, विकी करमाली सहित सैकड़ों प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## परिजनों की सहमति से प्रेमी युगल की मंदिर में करायी गयी शादी



**दारू (आजाद सिपाही)।** थानाक्षेत्र अंतर्गत पिपचो गांव के दारू थाना के बगल में स्थित शिवमंदिर प्रांगण में प्रेमी युगल की शादी रचाई गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपचो निवासी स्व लिलो सिंह के पुत्र संदीप सिंह उम्र 21 वर्ष अपने पिता के बाद वह अपने फूफा के घर डाडी प्रखंड के कनकी गांव में रह रहा था। वही की लड़की अनु कुमारी उम्र 20 वर्ष पिता शिवकुमार सिंह के साथ दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। रविवार के सुबह पांच बजे सुबह अपने गांव पिपचो प्रेमिका के साथ आ गया। उसी सुबह लड़की के पिता शिवकुमार सिंह और लड़की के मामा भी पिपचो पहुंच गये। जहां लड़की और लड़के पक्ष के लोगों के द्वारा दोनों को काफी समझने का प्रयास किया गया। प्रेमिका अनु कुमारी के पिता अपने घर ले जाने का जद्दोजेहद प्रयास किया। लेकिन लड़की अपने पिता से साफ कह दी कि मैं शादी इसी लड़के से करूंगी । यदि आप मुझे जबरदस्ती अपने घर ले जायेंगे तो अपनी जान दे दूंगी। लड़की की अडिगपन से लड़की के पिता और मामा के सहमति से दोनों को शादी करवा दिया गया। शादी के पश्चात लड़की के पिता और मामा अपने घर चले गये।

## धनबाद रेल मंडल के 50 स्टेशनों पर खोले गये ओएसओपी




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** वोकल फॉर लोकल विजन को बढ़ावा देने और स्थानीय उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए एक स्टेशन, एक उत्पाद की घोषणा के अनुरूप पारंपरिक शिल्प और लघु उद्यमों के संरक्षण और अधिक से अधिक रोजगार सृजन लिये भारतीय रेल के 728 रेलवे स्टेशनों को 785 एक स्टेशन, एक उत्पाद आउटलेट से कवर किया गया है। इसी कड़ी में इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत धनबाद मंडल के 10 स्टेशनों को एक स्टेशन, एक उत्पाद आउटलेट से कवर किया गया है। यह जानकारी पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के सीपीआरओ बिरेंद्र कुमार ने दी। उन्होने ने बताया कि वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना स्थानीय कारीगरों, कुम्हारों, बुनकरों, जन-जातियों के बेहतर जीविकोपार्जन और कल्याण सहित आजीविका और कौशल विकास के अवसर प्रदान करने तथा स्थानीय व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला में मदद करने में सफल रही है। इससे स्थानीय हस्तशिल्प और छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिला है। ओएसओपी केंद्रों पर स्थानीय कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित भगवान बुद्ध की मूर्तियां और अन्य काष्ठ कलाकृतियां, जरी जरदोजी के परिधान और अन्य वस्तुएं, मधुबनी पेंटिंग, हस्तनिर्मित सजावटी सामान, हथकरघा उत्पाद, काला चावल जैसे स्थानीय कृषि उत्पाद, मिठाइयों, अचार जैसे स्थानीय खाद्य उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की जाती है। झुमरी तिलैया निवासी स्टॉल संचालक ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वरोजगार से जुड़े छोटे कामगारों को अपने पैर पर खड़ा होने के लिए कोडरमा जैसे अति व्यस्ततम रेलवे स्टेशन पर अपने लोकल उत्पाद को बेचने और प्रचार-प्रसार का बड़ा अवसर मिला। धनबाद मंडल के नेताजी सुभाष बोस गोमो, पारसनाथ, कोडरमा, बरकाकाना, टोरी, लातेहार, डाल्टेनगंज, रेणुकूट, चोपन और सिंगरौली पर भी ओएसओपी केंद्र कार्यरत है।

## सारूकुदर में प्रर्यावरण और स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** सारूकुदर मुखिया उत्तम महतो ने अपने पंचायत के सारूकुदर और चिहुंटिया मे प्रोग्राम कर लोगों को जागरूक करने प्रयास किया है जो निरंतर चलाते रहेगें। आज पांच स्थान में रंगारंग अभियान का कार्य क्रम हुआ। प्रोग्राम में वनांचल कला केन्द्र अरकोसा लोहर दगा की टीम ने संगीत के जरील प्रस्तूत किया। टीम सुरेंन्दर सर ने गीत की प्रस्तुती किया तथा वनांचल कला केन्द्र के दीप नारायण सिंह देवनाथ महतो प्रपवीनन उरांव बिजय कुमार रीतिका देवी लक्ष्मी देवी बसंती देवी फूलो उराईन सभी ने कार्यक्रम को सजाया । मुख रुप से ग्राम पंचायत के मुखिया उत्तम महतो पं स.महेश महतो टेकलाल महतो नागेश्वर महतो राजेश महतो जागेश्वर महतो ो वन विभाग से वनरक्षी डीलो जी सैकड़ो ग्रामीण इस अभियान के हिस्सा बने।

## अद्भुत छटा बिखेर गया आयोजन, लोग हुए मंत्रमुग्ध

# अनुभूति की प्रतियोगिता में दिखी प्रतिभाओं की झलक






आजाद सिपाही संवददाता

**धनबाद।** अनुभूति सांस्कृतिक संस्था के द्वारा स्टील गेट स्थित बीसीसीएल के सीसीडब्लूओ प्रेक्षागृह में अखिल भारतीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता सह महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें एक से बढ़कर एक शास्त्रीय नृत्य, उपशास्त्रीय, सेमी क्लासिकल, लोक नृत्य की मर्म-स्पर्शी प्रस्तुतियां हुई। जिसे देख प्रेक्षागृह में उपस्थित दर्शक भाव-विभोर हो कलाकारों का हौसला अफजाही करते रहें। अनुभूति की निर्देशिका सरसी चंद्रा के निर्देशन में राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बंगाल, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश की सांस्कृतिक संस्थायों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉग्रेस के वरिष्ठ नेता बैभव सिन्हा, सरसी चंद्रा, बशिष्ठ प्रसाद सिन्हा, राजेन्द्र प्रसाद,संजय सेन गुप्ता,संतोष रजक ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ धनबाद की कत्थक नृत्यांगना श्रुति चंद्रा ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर किया। दूसरे राज्यों की आयी हुई सांस्कृतिक संस्थायों के कलाकारों ने अपनेकला के माध्यम से अद्भुत छटा बिखेरी। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति -पत्र और मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संत गाडगे चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य ललन आनंदकर सुशील कुमार सिन्हा रानी कश्यप अवधेश कुमार सिंह उपस्थित थे,कार्यक्रम के सहयोगियों में संजय चंद्रा,रमेंदु दत्ता,दिनेश सरकार की भूमिका सराहनीय रही ।

# भारतीय राजनीति में सोशल मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान: बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवददाता



**बोकारो।** जनसंपर्क महाअभियान छठे दिन सोशल मीडिया मिट कार्यक्रम के तहत बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सोशल मीडिया वारियर्स की बैठक बोकारो विधायक के कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक मे मुख्य रूप से बोकारो के विधायक बिरंची नारायण मौजूद रहे जहां उन्होंने कार्यकताओं को सोशल मीडिया के महत्व के बारे में बताया । उन्होंने ने कहा आज हर व्यक्ति फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया से जुड़े हैं। भारतीय राजनीति में सोशल मीडिया का महत्वपूर्ण भूमिका है। जहां अपनी बातें, उद्देश्यों को जन जन तक पहुंचा सकते है। बोकारो विधायक ने कहा कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सोशल मीडिया का योगदान महत्वपूर्ण होगा। मोदी सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धि का साथ झारखंड में बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास की सरकार द्वारा की गये जनहितकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया वारियर्स की जिम्मे होगी। बोकारो विधानसभा क्षेत्र केंद्र और भाजपा शासन राज्य सरकार मे कई योजनाओं की शुरूआत हुई जिनकी जानकारी यहां के लोगो को मिले। केंद्र की उड़ान योजना के तहत एयरपोर्ट, हर घर नल योजना, किसान निधि, किसानों को सिंचाई के लिए बिजली, सौभाग्य योजना के तहत बिजली, सुकन्या समृद्धि योजना, महिलाओं को एक रुपये में रजिस्ट्री, क्रिकेट स्टेडियम, टाउन हॉल, मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान भारत कार्ड, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज, फ्री वैक्सीनेशन जैसी महत्वपूर्ण योजना भाजपा सरकार द्वारा की गयी। वर्तमान में हेमन्त सरकार द्वारा केंद्र की कई योजनाओं को अपना नामांकरन कर जनता को अपनी योजना बता रही। कार्यशाला में जिला महामंत्री संजय त्यागी,महेंद्र राय, धीरज झा, राघवेंद्र उपाध्याय, जितेंद्र गोस्वामी, विक्की राय,ऋषव राय, उमेश शर्मा, राजीव मालाकार, आलोक वर्मा, राजेश महतो, शिबू राय, अमित कुमार, अमित गिरी, निमाई महथा, लालू मोदक, पिंटू, मारुति नंदन, राजा, भोला, मिथुन लाहा, गुलाब महतो, पवन महतो ,संजू महता,अमित दे,आदि मौजूद रहे।

# विकास तीर्थ यात्रा निकाल भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री के नौ वर्ष की उपलब्धियों को गिनाया

आजाद सिपाही संवददाता



**इचाक।** मोदी सरकार के नौ वर्ष की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने इचाक में विकास तीर्थ यात्रा निकाला। सबसे पहले इचाक प्रखंड के दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता जीप चेयरमैन सह कार्यक्रम के संयोजक उमेश प्रसाद मेहता के नेतृत्व में इचाक मोड़ और दरिया चौक पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष पश्चिमी सुभाष सोनी और पूर्वी जयनंदन मेहता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता और सह संयोजक कुमकुम देवी उपस्थित थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीप चेयरमैन सह कार्यक्रम के संयोजक उमेश प्रसाद मेहता ने कहा की भाजपा सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल में जितने जनहित के कार्य हुए उसे गिना पाना संभव नहीं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कार्य किए है वो ऐतिहासिक के साथ अद्वितीय है। वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा की 9 वर्ष में जितने कार्य हुए उतने कार्य पूर्व की सरकार ने 70 साल में भी नही किया। इन 9 वर्ष में हर क्षेत्र में देश मजबूत हुआ है। कुमकुम देवी ने कहा की भाजपा जो कहती है वो करती है। मोदी सरकार के 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है जो 30 जून तक यह कार्यक्रम चलेगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता, हरीहर मेहता, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, प्रदेश किसान मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य सुनील मेहता, समाजसेवी रविशंकर उर्फ भोला, पूर्व मुखिया डेग्नारायण मेहता, अजीत कुमार बख्शी, सुधीर मेहता, सुनील मेहता, संजय मेहता, सुरेश मेहता, छत्रधारी मेहता, सिकंदर अंसारी, मनोज सिंह, मनोज मेहता, हुलाश मेहता, आशीष सोनी, मनोज सोनी, प्रीतम सिंह, मनोज सिन्हा, दिनेश मेहता, विजय मेहता, सुभाष मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

# महिला पहलवानों के साथ एकजुटता के लिए सीटू, किसान सभा ने बनायी मानव श्रृंखला

आजाद सिपाही संवददाता




**झुमरीतिलैया।** यौन शोषण के खिलाफ और दोषी बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को दिल्ली में संघर्ष कर रहे पहलवान साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया सहित अन्य पहलवानों के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण हमला के खिलाफ रविवार को झुमरीतिलैया झंडा चौक के समीप ओवरब्रिज पर सीटू, अखिल भारतीय किसान सभा और दलित शोषण मुक्ति मंच के द्वारा मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, सहिया, सेविका और सामाजिक कार्यकताओं ने बैनर पोस्टर लेकर हिस्सा लिया जिसमें महिला पहलवानों को न्याय दो, बृजभूषण सिंह को गिरफ्तार करो, पहलवानों पर किए गए झूठा मुकदमा वापस लो, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा कहाँ गया मोदी सरकार जवाब दो, बलात्कारी को बचाने वाली भाजपा सरकार मुदार्बाद आदि जोरदार नारे लगाए जा रहे थे। कार्यक्रम को सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार, दलित शोषण मुक्ति मंच के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास, निर्माण कामगार यूनियन के सचिव प्रेम प्रकाश, आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, सहिया संघ की पिंकी देवी आदि ने सम्बोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि देश को गौरवांवित करने वाली भारत को मेडल दिलाने वाली पहलवान बेटियां आज जब यौन शोषण करने वाले भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और भाजपा के बाहुबली सांसद बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी को लेकर महीनों से आंदोलनरत है। तब बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बात नही होती है बल्कि भाजपा नेताओं से बेटी बचाओ का नारा चरितार्थ होता है। एक तरफ राष्ट्रपति के पद का अपमान कर नए संसद भवन का उदघाटन हो रहा था, दूसरी तरफ उसी दिल्ली में यौन शोषण के खिलाफ लड़ रही पहलवान बेटियों को दिल्ली पुलिस घसीट रही थी, महीनों से जंतर-मंतर पर चल रहे महिला पहलवानों के धरना स्थल पर लगे टेंट का उजाड़ा जा रहा था। यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक दोषी बाहुबली सांसद बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो जाती। कार्यक्रम में वर्षा रानी, नागेश्वर दास, शम्भु पासवान, सीता देवी, शैबुन निशा, गायत्री, वैजन्ती, पुनम, किरण, लीलावती, शांति, रेखा, पिंकी, उषा, राधा, किरण, मंजू, नीतू, चम्पा, चिंता, उमा, गीता, रूपा, पुजा, पुष्पांजलि, बैजयंती, सुशीला, कलावती, उर्मिला, सुनीता, किरण, सुरेश कुमार, रंजीत राम, सतीश कुमार, सियाराम, सुनील राम, पवन आदि शामिल थे।

## प्रदूषण से परेशान ग्रामीणों ने देवप्रभा आउटसोर्सिंग के विरुद्ध किया प्रदर्शन



**धनसार/झरिया (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र संख्या 10 के कुजामा कोलियरी अंतर्गत चल रहे देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी के विरुद्ध रविवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आउटसोर्सिंग कार्य को ठप कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था, कि खनन के दौरान सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं हो रहा है। आउटसोर्सिंग कंपनी की आगयुक्त ओबी के डस्ट लिलोरी पथरा बस्ती के घरों में उड़ कर गिर रहे है। घर से लेकर बाहर तक डस्ट का मोटी परत बन गया है। इससे बस्ती के लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन को शीघ्र ओबी बंद करने की चेतावनी दी। कहा-भविष्य में आगमिश्रित ओबी की बारिश जारी रही तो आउटसोर्सिंग कंपनी का काम अनिश्चितकाल के लिए बंद कराया जायेगा। विरोध कर रहे महिलाओ ने कहा कि देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा आग युक्त ओबी बस्ती से मात्र 200 फीट की दूरी पर गिराया जा रहा है जिससे उसका धूलकण उड़कर लोगों के घरों और आंगनो में पसर जाता है।

## भाजपा कार्यालय में सोशल इनफ्लूएंसर मीट का आयोजन





**झरिया (आजाद सिपाही)।** भाजपा महा जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर धनबाद जिला उपाध्यक्ष सह महा जनसंपर्क अभियान के प्रभारी मानस प्रसून ने कहा सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मीट काफी महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। आज हर क्षेत्र में सोशल मीडिया का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। पार्टी के कार्यकर्ता तथा समर्थको से आग्रह है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास यात्रा का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से करें और हमेशा सकारात्मक विषयों को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। धनबाद जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुशील कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के कार्य इतने प्रभावी हैं की हमारे किये गये कार्य को मिनटों में पूरी दुनिया देख लेती है। सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर बहुत बड़ी शक्ति है। अपने कार्यों से समाज उत्थान करने का कार्य करें। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन जोरापोखर मंडल अध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने किया। मौके पर मुख्य रूप से राज किशोर जैना, संतोष शर्मा, स्वरूप भट्टाचार्य, अखिलेश सिंह, शुभम गुप्ता, चांद भारती, सौरभ शर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## एनएसयूआइ की जिला कार्यकारिणी की बैठक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रविवार को जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी की नेतृत्व में एनएसयूआई धनबाद जिला कमेटी की कार्यकारी बैठक संपन्न हुई जिसमे जिला कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एनएसयूआइ के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी के नेतृत्व में जिला कमेटी का विस्तार करते हुए नितेश झा,अंकित कुमार, सिंकु खान को जिला महासचिव तथा नवाजिश अफजल, मुदस्सर खान, निकिता मोदक को जिला सचिव नियुक्त किया गया। इस दौरान आमिर हाशमी ने संगठन को मजबूत करने तथा भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी, साथ ही नये साथियों को एनएसयूआइ के बारे में बताया की किस तरीके से वे संगठन में जुड़कर छात्र हित के लिए काम करें। कार्यकारणी बैठक में उपस्थित एनएसयूआइ के अन्य सदस्यों ने अपनी अपनी राय दी। मौके पर एनएसयूआइ के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी, एनएसयूआइ धनबाद के जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, सनी सिंह, चितरंजन कुमार, सिंकु खान, नीतीश झा,अंकित कुमार, उत्तम कुमार, देवेंद्र पासवान, दानिश रजा,आयुष सिंह, आकाश परमाणिक, साहिल खान, नवाजिश अफजल, रवि शर्मा, राज रंजन सिंह,तरिक,अनिकेत कुमार,रौशन कुमार, सुंदर कुमार, जयप्रकाश, सोहेल अली,उत्कर्ष, सौमुदीप सहित दर्जनों एनएसयूआइ साथी मौजूद थे।

## जनसेवक संघ धनबाद शाखा के शिष्टमंडल ने विधायक पूर्णिमा से मिल जताया आभार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य जनसेवक संघ धनबाद इकाई का एक शिष्टमंडल रविवार को झरिया विधायक सह सचेतक सत्तारूढ़ दल पूर्णिमा नीरज सिंह से मिला और अपनी मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन पर विचार विमर्श किया। ज्ञात हो कि झारखंड राज्य के सभी जनसेवक अपने 11 सूत्री मांगों के समर्थन में हड़ताल पर हैं। कृषि विभाग द्वारा जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटा कर 2000 कर दिया गया है। हड़ताल का आज 27वां दिन है। चूंकि विधायक ने पूर्व में जनसेवकों के समस्याओं के समाधान के लिये कृषि मंत्री से मिली और विचार विमर्श किया। इस आशाय का आभार व्यक्त करने के लिये झारखंड राज्य जनसेवक संघ के राज्य इकाई की धनबाद शाखा शिष्टमंडल द्वारा विधायक को गुलदस्ता भेंट गया। शिष्टमंडल ने बताया कि जनसेवकों के हड़ताल में चले जाने से कृषि कार्य के साथ-साथ ग्रामीणों के अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहा है। हड़ताल समाप्त करवाने के लिए विधायक से पहल करने का आग्रह किया। कहा की जनसेवक संघ जनकल्याणकारी कार्यो में बाधक नहीं बनना चाहता है। शिष्टमंडल में जनसेवक संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश महतो, जिला सचिव विनोद कुमार विद्यार्थी, जिला कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा, वरीय साथी मो जसीम अख्तर, संतोष तिवारी, सुनील पांडे और अन्य उपस्थित थे।

## पटरियों की मरम्मत में लगे थे एक हजार श्रमिक, 90 ट्रेनें रद्द और 46 के रूट बदले

# हादसा स्थल पर ट्रैक मरम्मत का काम पूरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बालेश्वर ट्रेन हादसे में रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है। 21 बोगियों को ट्रैक से हटाया गया। रात भर बचाव कार्य जारी रखने के बाद रेस्क्यू टीम ने आखिरकार 21 बोगियों को पटरी से हटाया। रात भर एक हजार से अधिक मजदूरों ने बग्गियों को हटाना का काम पर लगे हुए थे। पटरियों से बागियों को हटाने के लिए 7 पोलकेन मशीन, 5 जेसीबी और 2 बड़ी क्रेनें काम पर लगी हैं। हावड़ा -चेन्नई रूट पर अब तक 90 ट्रेनें रद्द की जा चुकी हैं, जबकि 46 रूट बदले गये हैं। रविवार शाम की प्रेस कॉन्फ्रेंस में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- दो मेन लाइनों में पटरी का काम पूरा हो गया है। बिजली की लाइनों पर काम चल रहा है।

**कुछ ट्रेनें रद्द/रिशेड्यूल/डायवर्टेड :** खड़गपुर मंडल के बाहानगा बाजार स्टेशन पर ट्रेन हादसे कारण निम्नलिखित ट्रेनें रद्द/रिशेड्यूल/डायवर्टेड रहेंगी।

**ट्रेनों का रद्दीकरण :** 12840 चेन्नई-शालीमार मेल चार जून और 22605 पुरुलिया-विलुपुरम एक्सप्रेस पांच जून को रद्द।

**ट्रेनों का समय परिवर्तन : 1.** 12801 पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस को पुरी से 2255 बजे रवाना करने के लिए रिशेड्यूल किया गया है। 21.55 बजे अपने निर्धारित प्रस्थान के बजाय।

**2.** 12888 पुरी-शालीमार एक्सप्रेस को पुरी से 00.10 बजे रवाना करने के लिए रिशेड्यूल किया गया है। (5.6.2023) 2210 बजे अपने निर्धारित प्रस्थान के बजाय।

**3.** 18410 पुरी-शालीमार श्री जगन्नाथ एक्सप्रेस को पुरी से 0110 बजे प्रस्थान करने के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। (5.6.2023) 2240 बजे अपने निर्धारित प्रस्थान के बजाय।

**ट्रेन का मार्ग बदलना :** 1. 18477 पुरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस दिनांक 04.06. को पुरी से अपने मूल मार्ग के बजाय कटक-अंगुल-संबलपुर सिटी-झारसुगुरा रोड- ईबी से चलाई जायेगी।

**कुछ ट्रेनें रद्द/पुनर्निर्धारित/पुनर्निर्धारित रहेंगी :** खड़गपुर मंडल के बाहानगा बाजार स्टेशन पर ट्रेनों का दुर्घटना के बाद निम्नलिखित ट्रेनें रद्द/पुनर्निर्धारित/पुनर्निर्धारित रहेंगी।

**रविवार को रद्द की गयी ट्रेनें:** 1. 18046 हैदराबाद-शालीमार एक्सप्रेस। 2. 12838 पुरी-हावड़ा एक्सप्रेस। 3. 20832 संबलपुर-शालीमार एक्सप्रेस।

**ट्रेनों का पुनर्निर्धारण:** 1. 22305 बेंगलुरु-जसीडीह एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से 1000 बजे निर्धारित प्रस्थान के बजाय 1230 बजे प्रस्थान करने के लिए पुनर्निर्धारित की गयी। 2. 12864 बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से 1035 बजे निर्धारित प्रस्थान के बजाय 1300 बजे प्रस्थान करने के लिए पुनर्निर्धारित की गयी। 3. 12246 बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस अपने मूल स्टेशन से 1120 बजे निर्धारित प्रस्थान के बजाय 1330 बजे प्रस्थान करने के लिए पुनर्निर्धारित की गयी।

**ट्रेन का अब बहाल कर दी गयी:** 12876 आनंद विहार टर्मिनल - पुरी नीलाचल एक्सप्रेस की सेवाएं जो पहले रद्द कर दी गयी थी (दिनांक 03.06.2023 के बुलेटिन संख्या 9 के अनुसार) अब बहाल कर दी गयी है। यह ट्रेन अपने सामान्य रास्ते से चलेगी।

## सीएम नवीन पटनायक ने कोलकाता के लिए मुफ्त बस सेवा की घोषणा की

भुवनेश्वर। बालेश्वर बाहानगा ट्रेन हादसे के कारण कोलकाता के लिए सामान्य ट्रेन सेवा बाधित होने के कारण लोगों को कोलकाता पहुंचने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए यात्रियों के अधिक लाभ को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने रविवार से पुरी भुवनेश्वर और कटक से कोलकाता के लिए मुफ्त बस सेवा की घोषणा की है। पूरा खर्च मुख्यमंत्री राहत कोष से वहन किया जायेगा। यह व्यवस्था बालेश्वर रूट पर सामान्य ट्रेन सेवा बहाल होने तक जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि प्रतिदिन लगभग 50 बसें ओड़िशा के उपरोक्त तीन शहरों से कोलकाता के लिए परिवहन सेवा प्रदान करती हैं।

## भद्रक से स्पेशल ट्रेन रवाना, घायल यात्री कर सकेंगे फ्री में यात्रा

भुवनेश्वर : बालेश्वर में हुए भीषण रेल हादसे में सैकड़ों घायलों का राज्य के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। राज्य सरकार द्वारा घायलों के इलाज के लिए सभी प्रकार की मदद की जा रही है और उन्हें घर तक पहुंचने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इस बीच यात्रियों की सुविधा के लिए भद्रक से चेन्नई के लिए एक स्पेशल ट्रेन निकली है। भद्रक स्टेशन से दोपहर 1.32 बजे रवाना हुई। इस ट्रेन में घायल यात्रियों और घायलों के परिजनों को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गयी है। इसके साथ ही शवों को ले जाने के लिए विशेष व्यवस्था वाला कोच भी लगा है।

# मोदी सरकार की विकास यात्रा देख विपक्षी दल बेचैन : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजधनवार।** भाजपा सरकार के नौ वर्षों में हुए विकास कार्यों से लोगों को अवगत कराने को लेकर रविवार को भाजपाइयों ने धनवार प्रखंड के कई स्थानों पर कार्यक्रम किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह की अगुवाई में धनवार रेलवे स्टेशन एवं खोरीमहुआ अनुमंडल में आयोजित कार्यक्रम में श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में इस क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास हुआ है। धनवार और रेमा में रेलवे स्टेशन के निर्माण से इस क्षेत्र के हजारों लोगों को यातायात की सुविधा मिली। खोरीमहुआ अनुमंडल कार्यालय के निर्माण से लोगों को सरकारी कार्य से गिरिडीह जाने की जरूरत कम हो गयी। उन्होंने बताया कि सरकार के इसी काल खंड में धनवार प्रखंड कार्यालय भवन सहित कई महत्वपूर्ण रोड के निर्माण हुए।विद्युत आपूर्ति में अप्रत्याशित सुधार हुआ और अब लोगों को उनके घर मे ही जल नल योजना का लाभ मिल रहा है। पीएम मोदी ने देश दुनिया मे भारत का गौरव बढ़ाने का काम किया है। कहा कि इस सरकार ने मात्र नौ वर्षो में आम जनता के लिए जो किया, दूसरी सरकारों ने दशकों में नही किया। कहा कि मोदी सरकार की विकास यात्रा देख विपक्षी दलों में बेचैनी है, उनकी राजनीति की दुकानदारी बंद होने लगी है। सभी एकजुट होकर मोदी हराओ का एजेंडा चला रहे है। क्यों हराओ इसका जवाब उनके पास नहीं है। ऐसे में हर विकास पसंद लोगों को 2024 में पुनः भारी मत व अधिकाधिक सीटों पर भाजपा को जिताने और पुनः नरेंद्र मोदी को पीएम बनने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में उत्तम गुप्ता, पवन साव, अजय रंजन,पवन सिंह, कृष्णदेव रजक, नकुल राय, श्रीकांत कुमार, प्रधुम्न बर्मा, महेश राय, शंभू बरनवाल, अजित रजक, अर्जुन राय मौजूद थे।

# कोविड प्रबंधन के क्षेत्र में ओड़िशा ने मिसाल पेश कीः डॉ निहार रंजन रॉय

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** 2020 में कोविड-19 के प्रकोप के बाद कोरोना संक्रमण से लड़ने के लिए कदम उठाने वाला ओडिशा पहला राज्य है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि परिणामस्वरूप, ओडिशा में सबसे कम मौतें हुईं, जहां ओडिशा ने कोविड का मुकाबला करने में बहुत अच्छा काम किया है, वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य देखभाल और कोविड प्रबंधन के क्षेत्र में राज्य के काम की सराहना की है। ओड़िशा में कार्यरत विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्टेट रीजनल टीम लीडर डॉ निहार रंजन रॉय ने इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड सम हॉस्पिटल में आयोजित कार्यशाला में कहीं। डॉ रॉय ने यह भाषण रूटीन इम्यूनाइजेशन, स्ट्रेनिंग एंड वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिजीज सर्विलांस के साथ कोविड-19 से सीख का एकीकरण नामक कार्यशाला में भाग लेने के दौरान दिया। इसमें प्रो (डॉ) संघमित्रा मिश्र, आइएमएस और सम अस्पताल के डीन, चिकित्सा अधीक्षक प्रो डॉ पुष्पराज सामंतसिहार, विश्व स्वास्थ्य संगठन की निगरानी चिकित्सा अधिकारी डॉ अर्चना गाएन और मुख्य बाल रोग विशेषज्ञ सम अस्पताल के डॉ ममता देवी महांति ने अपने अपने बक्तब्य रखे। डॉ राय ने कहा कि जब राज्य सरकार ने कोविड महामारी के इलाज के लिए एक विशेष अस्पताल शुरू करने का फैसला किया तो आईएमएस एंड सम अस्पताल ने इसकी कमान संभाली और अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स ने कोरोना योद्धाओं के रूप में बहुत अच्छा काम किया।

# तीन केंद्रीय मंत्रियों ने घायलों से मुलाकात की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बालेश्वर बाहानगा ट्रेन हादसे के बाद कई घायलों को कटक बड़ा मेडिकल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं 3 केंद्रीय मंत्री रविवार को कटक एससीबी बड़ा मेडिकल पहुंचे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मनसुख मंडाविया एससीबी मेडिकल पहुंचे और घायलों के इलाज को लेकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने लगभग सभी घायलों से मुलाकात की। सारे घायलों को बालेश्वर अस्पताल, भद्रक, जाजपुर, भुवनेश्वर और कटक सहित विभिन्न निजी चिकित्सा केंद्रों में भर्ती कराया गया। हालांकि वे स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एकत्र कर रहे थे, लेकिन केंद्रीय मंत्री ने कटक मेडिकल सेंटर का दौरा किया और चिकित्सा संबंधी सभी जानकारियों का निरीक्षण किया।

## मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख और गंभीर रूप से घायलों को एक लाख : सीएम

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बाहानगा ट्रेन हादसे के पीड़ितों के लिए आज अनुग्रह राशि की घोषणा की । मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दी जाएगी। मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल लोगों को 1 लाख रुपये की सहायता मिलेगी। यह अनुग्रह सहायता केवल ओडिशा के पीड़ितों के लिए लागू है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना भी व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। शुक्रवार की ट्रेन हादसे के पीड़ितों का भुवनेश्वर और बालेश्वर के बीच विभिन्न सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने एम्स और कैपिटल अस्पताल में समीक्षा की



भुवनेश्वर। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ओडिशा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने एम्स और कैपिटल अस्पताल में स्थिति की समीक्षा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने दोनों चिकित्सा केंद्रों में जाकर ट्रेन हादसे में घायलों को देखा। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दिल्ली के तीन चिकित्सा केंद्रों से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम वायुसेना के विशेष विमान से भुवनेश्वर पहुंचे हैं। वे एम्स में पहुंच कर बैठक करेंगे, ताकि बालेश्वर, सोर, भद्रक और कटक चिकित्सा केंद्र में 100 से अधिक गंभीर मरीज हैं।

## शव की पहचान प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनी

**भुवनेश्वर।** बालेश्वर बाहानगा में हुई ट्रेन हादसे के बाद अब परिजनों को मृत शरीर का पहचान करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। इसके लिए मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना ने कहा की बाहानगा से 160 शवों को भुवनेश्वर लाया जायेगा।

## ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर ने बच्चों के बीच नृत्य, ड्राइंग, पेंटिंग और तैराकी के क्षेत्र में बच्चों के कौशल और ज्ञान को विकसित करने के लिए 8 मई से 2 जून तक एक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया। समर कैंप के समापन समारोह पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन संबलपुर की अध्यक्ष अंजनी सिंह ने कहा कि समर कैंप से बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा का पता लगाने में मदद मिली। श्रीमती सिंह ने सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन संबलपुर के सभी सदस्य, बच्चे, माता-पिता उपस्थित थे।

## बरजो में भाजपाइयों ने रेल हादसे में मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की



**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में दर्दनाक ट्रेन हादसा से दुखी धनवार के भाजपाइयों ने शनिवार के तय कार्यक्रम को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया। कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकय बरजो में आये लोगों ने भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में रेल दुर्घटना को लेकर शोक संवेदना व्यक्त की। श्री सिंह ने कहा कि यह काफी दुखद घड़ी है। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति की कामना की तथा ईश्वर से मृतक के परिजनों को इस विपदा को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। श्री सिंह जेरुआडीह में एक शादी समारोह एवं खिजरसोता में एकादसी उद्यापन में भी भाग लिया। कार्यक्रम में पवन साव,नकुल राय, अजय राय और पवन सिंह आदि मौजूद थे।

## पुरी पवित्र देवस्नान पूर्णिमा में श्रीमंदिर में गैर हिंदू का प्रवेश

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कोलंबिया से एक गैर हिंदू ने श्रीमंदिर में प्रवेश किया। इसके बाद उसे मंदिर से बाहर निकाला गया। पवित्र स्नान पूर्णिमा के मौके पर कड़ी सुरक्षा के बावजूद केसे गैर-हिंदू व्यक्ति मंदिर के सिंह द्वार से प्रवेश किया, यह जांच का विषय है। सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस ने उसे देखा और फिर उसे बाहर निकाला। वहीं पूरी एसपी ने कहा कि घटना संज्ञान में आने के बाद तत्काल कार्रवाई की गयी है। संबंधित गैर-हिंदू को मंदिर से बाहर निकाला गया। वह कैसे दाखिल हुआ, इसकी जांच की जायेगी।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**